नई दिल्ली

गुरुवार, 20 नवंबर 2025

मार्गशीर्ष मास कृष्ण पक्ष,
अमावस्या वर्ष : 29, अंक : 217
पृष्ठ 12 मूल्य 2 .00

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**
अधि. 26
न्यून. 13

प्रधानमंत्री ने कोयंबटूर में पीएम-किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त की जारी

# 9 करोड़ बैंक खातों में 18,000 करोड़ की राशि हस्तांतरित की

## किसानों से की मुलाकात और प्रदर्शनी भी देखी, दक्षिण भारत राष्ट्रीय कृषि शिखर सम्मेलन में भाग लिया

एजेंसी ▶▶ कोयंबटूर

पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कोयंबटूर में एक समारोह में लाभार्थियों को पीएम-किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त हस्तांतरित की। 9 करोड़ लाभार्थियों के बैंक खातों में 18,000 करोड़ से अधिक की राशि सीधे हस्तांतरित की गई। पीएम मोदी ने प्राकृतिक कृषि प्रदर्शनी का उद्घाटन किया और दक्षिण भारत राष्ट्रीय कृषि शिखर सम्मेलन में भाग लिया। उन्होंने स्थानीय किसानों से मुलाकात की और बातचीत की और प्रदर्शनी का निरीक्षण किया, जिसमें विभिन्न कृषि उत्पादों के साथ-साथ पौधों और फसलों की वृद्धि को दर्शाने के लिए एक कोना भी था। प्रधानमंत्री के साथ तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि भी थे।


पुट्टपर्थी में सत्य साईं के शताब्दी समारोह में पीएम ने की शिरकत

### पुनर्योजी खेती की ओर बदलाव को गति मिलेगी

दक्षिण भारत प्राकृतिक कृषि शिखर सम्मेलन 2025, जो 19-21 नवंबर तक आयोजित किया जा रहा है का उद्देश्य टिकाऊ, पर्यावरण-अनुकूल और रसायन-मुक्त कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना तथा भारत के कृषि भविष्य के लिए व्यवहार्य, जलवायु-स्मार्ट और आर्थिक रूप से टिकाऊ मॉडल के रूप में प्राकृतिक और पुनर्योजी खेती की ओर बदलाव को गति देना है। सम्मेलन में किसान भी मौजूद थे। उत्पादक ▶▶ शेष पेज 5 पर

### सामाजिक योगदान के बिना कर्म का कोई अर्थ नहीं



प्रधानमंत्री का पुट्टपर्थी में सीएम चंद्रबाबू नायडू और डिप्टी सीएम पवन कल्याण ने उनका स्वागत किया है। इससे पहले प्रधानमंत्री ने श्री सत्य साईं बाबा के जन्म शताब्दी समारोह में भाग लिया। पीएम मोदी ने कहा कि सेवा के बिना भक्ति, करुणा के बिना ज्ञान और सामाजिक योगदान के बिना कर्म का कोई अर्थ नहीं है। प्रधानमंत्री का मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने अभिनंदन किया।

### आंध्र प्रदेश में 'सुकन्या समृद्धि योजना' लॉन्च

पीएम मोदी ने 'सुकन्या समृद्धि योजना' लॉन्च की। पीएम मोदी ने कहा कि अब तक देश की 4 करोड़ से ज्यादा बेटियों के खाते सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत खोले जा चुके हैं। इन बैंक खातों में सवा 3 लाख करोड़ की राशि जमा कराई जा चुकी है।

पीएम ने पुट्टपर्थी में श्री सत्य साईं बाबा के पवित्र श्राइन और महासमाधि पर की पूजा

## साईं बाबा का प्रेम-सेवा भावना लोगों के लिए मार्गदर्शक शक्ति

**अमरावती।** पीएम नरेंद्र मोदी ने आंध्र प्रदेश के पुट्टपर्थी में आयोजित कार्यक्रम में आध्यात्मिक गुरु श्री सत्य साईं बाबा को श्रद्धांजलि दी। पीएम मोदी ने सत्य साईं बाबा के जन्म शताब्दी समारोह के मौके पर उनकी स्मृति में एक सिक्का और डाक टिकटों का सेट भी जारी किया। पीएम मोदी ने आध्यात्मिक गुरु को याद करते हुए कहा कि उनकी शिक्षाएं और सेवा संसार में उनके लाखों अनुयायियों का मार्गदर्शन हमेशा करती रहेंगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि श्री सत्य साईं बाबा का शताब्दी समारोह कार्यक्रम सिर्फ एक उत्सव नहीं, बल्कि एक दिव्य वरदान है। भले ही साईं बाबा भौतिक रूप से हमारे बीच नहीं, फिर भी उनका प्रेम और सेवा भावना करोड़ों लोगों के लिए मार्गदर्शक शक्ति है। उन्होंने ये भी कहा कि 140 देशों में सत्य साईं बाबा के लाखों भक्तों को नई रोशनी और दिशा मिल रही है। लोकल फॉर वोकल पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इससे देश को विकसित भारत बनने में सहायता मिलेगी। इस मौके पर कार्यक्रम में आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू, डिप्टी सीएम पवन कल्याण, पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर, एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय बच्चन और अन्य कई बड़े नाम भी मौजूद रहे।



### स्मारक सिक्का और डाक टिकट जारी

पीएम मोदी ने सत्य साईं बाबा के जीवन, शिक्षाओं और चिरस्थायी विरासत को सम्मानित करते एक स्मारक सिक्का और डाक टिकटों का एक सेट भी जारी किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि ▶▶ शेष पेज 5 पर






### जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए पीएम करेंगे दक्षिण अफ्रीका की यात्रा

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** दक्षिण-अफ्रीका में आयोजित किए जाने वाले 20 वें जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21 से 23 नवंबर तक जोहान्सबर्ग की यात्रा पर रहेंगे। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि सम्मेलन से इतर पीएम की समूह के कई अन्य देशों के शीर्ष नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी होंगी। साथ ही वह दक्षिण-अफ्रीका की मेजबानी में आयोजित किए जाने वाले भारत-ब्राजील- दक्षिण अफ्रीका लीडर्स समिट में भाग लेंगे। मंत्रालय ने कहा कि यह जी-20 का चौथा सम्मेलन है, जिसका लगातार ग्लोबल साउथ के देश में आयोजन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में भारत के जी-20 के दृष्टिकोण को समूह के साथ ही दुनिया के सामने रखेंगे।



#### तीन सत्रों में होगा पीएम का संबोधन

इस वर्ष सम्मेलन में तीन सत्र होंगे। जिसमें समावेशी और सतत आर्थिक विकास, एक लचीली दुनिया और सभी के लिए साफ सुथरे भविष्य का निर्माण मुख्य हैं। प्रधानमंत्री मोदी तीनों सत्रों को संबोधित करेंगे।

#### अमेरिका शामिल नहीं होगा

गौरतलब है कि सम्मेलन में अमेरिका की भागीदारी देखने को नहीं मिलेगी। दक्षिण-अफ्रीका के राष्ट्रपति इसके बारे में मौजूदा सप्ताह की शुरुआत में ही जानकारी दे चुके हैं। जबकि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी इसकी घोषणा कर चुके हैं।

200 से अधिक पूर्व न्यायाधीशों, पूर्व नौकरशाहों, सैन्य अधिकारियों और राजनयिकों का राहुल गांधी के नाम खुला पत्र

# राजनीतिक हताशा को संस्थागत संकट का रूप देने की बिल्कुल कोशिश न करें

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

देश के 272 नामचीन वरिष्ठ नागरिकों ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के नाम खुला पत्र लिखा है। लगातार वोट चोरी के राहुल के आरोपों पर 16 पूर्व न्यायाधीश, 123 पूर्व नौकरशाह, 133 सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी और 14 पूर्व राजदूतों के समूह ने अप्रत्याशित रूप से हमला बोला है। अपने अपने क्षेत्रों में नामीगिरामी हस्ताक्षरों ने अपने संयुक्त पत्र में कहा है कि कांग्रेस का 'वोट चोरी' अभियान और चुनाव आयोग पर लगाए गए गंभीर आरोप, "राजनीतिक हताशा को संस्थागत संकट की आड़ में छिपाने का प्रयास" हैं।

### लोकतंत्र संस्थाओं को जहरीले प्रहारों से कमजोर किया जा रहा

पत्र में तफ़सील से कहा गया कि "हम वरिष्ठ नागरिक और नागरिक समाज के सदस्य इस बात से गहरी चिंता में हैं कि भारत का लोकतंत्र बलपूर्वक नहीं, बल्कि उसकी संस्थाओं पर हो रहे लगातार ज़हरीले प्रहारों से कमजोर किया जा रहा है। कुछ राजनीतिक नेता ठोस नीतिगत विकल्प देने के बजाय उकसाऊ और अप्रमाणिक आरोप लगाकर राजनीतिक नाटक करते हैं।"





### 'एटम बम' वाला बयान अविश्वसनीय और अनुचित

पत्र में राहुल गांधी के 'एटम बम' वाले बयान को "अविश्वसनीय रूप से अनुचित और असभ्य भाषा" बताया गया। पत्र में बेहद आक्रामकता के साथ इस बात का वर्णन किया गया कि "कांग्रेस नेता और कुछ अन्य दलों के वरिष्ठ चेहरे, वामपंथी एनजीओ, विचारधारात्मक रूप से झुके कुछ शिक्षाविद और कुछ 'अटेंशन सीकर्स' भी इसी तरह का प्रलयंकारी बयानबाजी कर रहे हैं। आरोप लगाया जा रहा है कि आयोग 'बीजेपी की बी-टीम' बन गया है। लेकिन तथ्य यह है कि चुनाव आयोग ने अपनी एसआईआर प्रक्रिया सार्वजनिक की है, अदालत की निगरानी में हुई जाँच का पालन किया है, अनुपयुक्त प्रविष्टियों को हटाया है और नए योग्य मतदाता जोड़े हैं। ये आरोप सिर्फ राजनीतिक निराशा को संस्थागत संकट का रूप देने की कोशिश प्रतीत होते हैं।"

### लगातार चुनावी नाकामियों से उपजी गहरी खीज

नामीगीरामी लोगों के विशिष्ट समूह ने कांग्रेस नेतृत्व पर टिप्पणी करते हुए लिखा—"यह व्यवहार 'इम्पोटेंट रेज' जैसा है, लगातार चुनावी नाकामियों से उपजी गहरी खीझ, जिसमें जनता से दोबारा जुड़ने की कोई ठोस रणनीति नहीं होती। जब नेता जनता की आकांक्षाओं से कट जाते हैं, वे संस्थाओं पर हमला करने लगते हैं। विश्लेषण की जगह नाटक और सार्वजनिक सेवा की जगह तमाशा ले लेता है।"

### चुनाव नतीजे अनुकूल होने पर आलोचना गायब

पत्र में कहा गया कि जब चुनाव नतीजे विपक्ष-शासित राज्यों में अनुकूल होते हैं, तो आयोग की आलोचना गायब हो जाती है। और जहां परिणाम प्रतिकूल होते हैं, वहां आयोग को 'खलनायक' बना दिया जाता है। "यह चयनात्मक आक्रोश अवसरवाद को उजागर करता है, न कि सिद्धांत को।" पत्र में पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त टी.एन. शेषन और एन. गोपालस्वामी का उल्लेख करते हुए कहा गया,"इन नेताओं की अडिग प्रतिबद्धता ने चुनाव आयोग को एक बुलंद संवैधानिक प्रहरी बनाया। वे लोकप्रियता के पीछे नहीं भागे, सुर्खियाँ नहीं तलाशीं, ▶▶ शेष पेज 5 पर

### 'वोट चोरी' का कोई औपचारिक हलफ़नामा दाखिल नहीं किया

नागरिकों के समूह ने लिखा कि सेना की वीरता, न्यायपालिका की निष्पक्षता, संसद और उसके संवैधानिक पदाधिकारियों को कटघरे में खड़ा करने के बाद अब चुनाव आयोग को "सुनियोजित और षड्यंत्रकारी हमलों" का निशाना बनाया जा रहा है। विदित हो कि कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि चुनाव आयोग रूलिंग बीजेपी के साथ मिलकर 'वोट फ्रॉड' करवा रहा है, जिसे भाजपा और ईसीआई दोनों खारिज कर चुके हैं। हस्तियों के समूह ने राहुल गांधी की आलोचना करते हुए कहा कि उन्होंने बार-बार दावा किया कि उनके पास आयोग द्वारा "वोट चोरी" करने का सबूत है, पर अब तक उन्होंने कोई औपचारिक शिकायत या हलफ़नामा दाखिल नहीं किया।

### मतदाता सूची की शुचिता राष्ट्र की आवश्यकता

ओपन लेटर में कहा गया कि दुनिया के कई देश अवैध आव्रजन पर कठोर रुख अपनाते हैं। "अगर अन्य देश अपनी चुनावी पवित्रता को इतनी दृढ़ता से बचाते हैं, तो भारत को भी उतना ही सतर्क होना चाहिए। मतदाता सूची की शुचिता किसी दल का मसला नहीं, यह राष्ट्र की आवश्यकता है।" खुले ख़त में विशिष्ट हस्ताक्षरों के अतिविशिष्ट समूह ने अंत में लिखा, "हम चुनाव आयोग से आग्रह करते हैं कि वह पारदर्शिता और सख्ती के अपने मार्ग पर चलते रहे, पूरा डेटा सार्वजनिक करे, ज़रूरत पड़ने पर कानूनी कदम उठाए और पीड़ित होने का राजनीतिक नाटक स्वीकार न करे। हम राजनीतिक नेताओं से आग्रह करते हैं कि वे संवैधानिक प्रक्रिया का ▶▶ शेष पेज 5 पर

अवैध प्रवासियों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त न करने की राष्ट्रपति ट्रंप की सख्त नीति का परिणाम

## गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई समेत अमेरिका से वापस लौटे 200 भारतीय

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में अवैध प्रवासियों के खिलाफ बनाई गई जीरो टॉलरेंस की नीति पर अमेरिका में ताबड़तोड़ अंदाज में एक्शन जारी है। जिसका नतीजा ये है कि मौजूदा साल 2025 की शुरुआत से लेकर अब तक बड़ी तादाद में भारत समेत अन्य देशों के कई अवैध प्रवासियों को बाहर का रास्ता दिखाया जा चुका है। ताजा मामला बुधवार को अमेरिका से देश वापस लौटे 200 भारतीयों से जुड़ा हुआ है। जिसमें गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई, भारत के पंजाब राज्य के 2 भगोड़े अपराधी और बिना वैध दस्तावेजों के अमेरिका में प्रवेश के साथ बसने की सोच रहे 197 साधारण नागरिक भी शामिल हैं। इनका विमान 19 नवंबर की सुबह राष्ट्रीय राजधानी के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर उतरा था। जहां मौजूद राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम ने ▶▶ शेष पेज 5 पर



**मौजूदा साल 2025 में 2 हजार से ज्यादा भारतीयों की अमेरिका से हुई वतन वापसी**

### 2022 में देश छोड़कर भागा था अनमोल

गौरतलब है कि अनमोल बिश्नोई जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का छोटा भाई है। वह भारत में कई हाई-प्रोफाइल आपराधिक मामलों में वांछित है। जिसमें महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा जियाउद्दीन सिद्दीकी की हत्या से लेकर पिछले साल अप्रैल महीने में बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर की गई फायरिंग जैसे मामले मुख्य हैं। 2022 में हुई सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या से कुछ हफ्ते पहले ही अनमोल बिश्नोई फर्जी पासपोर्ट की मदद से ▶▶ शेष पेज 5 पर

### 2 हजार से अधिक भारतीय वापस भेजे गए

विदेश मंत्रालय के आंकड़ों के हिसाब से 2025 के जनवरी से लेकर सितंबर महीने तक अमेरिका से वापस भारत भेजे गए नागरिकों की संख्या 2 हजार 417 है। जिनमें से अधिकतर लोग पंजाब, हरियाणा, गुजरात और उत्तर-प्रदेश के रहने वाले हैं। सभी ने अपने-अपने लुभावने सपनों के साथ किसी ने किसी रूप में अवैध ढंग से अमेरिका में प्रवेश करने की कोशिश की थी। लेकिन इसमें नाकाम रहने की वजह से इन्हें वापस भेजा गया। इसके अलावा अगर पिछले चार सालों की स्थिति देखें तो वर्ष ▶▶ शेष पेज 5 पर

नीतीश सर्वसम्मति से चुने गए एनडीए विधायक दल के नेता

## नीतीश आज लेंगे बिहार के सीएम की शपथ, पीएम मोदी रहेंगे मौजूद

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

नीतीश कुमार आज बृहस्पतिवार को बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे। हाल ही हुए बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत के बाद हो रहे शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित एनडीए में शामिल दलों के कई बड़े नेता मौजूद रहेंगे। इससे पहले एनडीए विधायक दल की बैठक में बुधवार को सर्वसम्मति से नीतीश कुमार को



फिर से नेता चुन लिया गया। एनडीए विधायक दल की बैठक में एनडीए के सभी सहयोगी दलों ने नीतीश कुमार के नेतृत्व पर एक बार फिर भरोसा ▶▶ शेष पेज 5 पर

लंबे समय बाद सोनिया गांधी सार्वजनिक कार्यक्रम में आई नजर

## मिशेल बैचलेट को मिला इंदिरा गांधी पुरस्कार

इंदिरा गांधी पुरस्कार समारोह में सोनिया गांधी का संबोधन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

जवाहर भवन में आयोजित इंदिरा गांधी पुरस्कार इस साल चिली की पूर्व राष्ट्रपति मिशेल बैचेलेट को प्रदान किया गया है।

पीस, डिसआर्मामेण्ट एंड डेवलपमेंट यानी शांति, निरस्त्रीकरण और विकास के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर



ख्याति प्राप्त ये पुरस्कार इंदिरा गांधी फाउंडेशन की ट्रस्टियों में एक कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने प्रदान किया। लंबे समय के बाद सोनिया गांधी इस तरह के सार्वजनिक कार्यक्रम में शिरकत करने जवाहर भवन पहुंची। सोनिया गांधी ने अपने संबोधन की शुरुआत मिशेल बैचेलेट, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन ▶▶ शेष पेज 5 पर

सैनिकों के लिए खासतौर पर डिजिटल प्रिंट के साथ निफ्ट ने डिजाइन की है यह जैकेट

कोट काम्बैट एक तीन लेयर वाली जैकेट है। जो सैनिकों के लिए घने जंगलों से लेकर रेगिस्तान और बर्फीले इलाकों में तैनाती के दौरान आरामदायक होने के साथ उन्हें सुरक्षा भी प्रदान करेगी

## अब नहीं की जा सकेगी सेना की कॉम्बैट वर्दी की नकल, सेना ने रजिस्टर किया आईपीआर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अगर किसी ने सेना की कॉम्बैट वर्दी की नकल करने की कोशिश की तो उसकी खैर नहीं...क्योंकि अब सेना ने डिजिटल प्रिंट के साथ अपनी नई 'कोट कॉम्बैट' वर्दी (तीन लेयर वाली जैकेट) के लिए बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) प्राप्त कर लिया है। जिसके बाद इसके डिजाइन और पैटर्न पर पूरा कानूनी अधिकार सिर्फ और सिर्फ सेना के पास आ गया है। पूर्व में बल के द्वारा इस साल 2025 की शुरुआत में अपनी कॉम्बैट वर्दी को जारी किया गया था। कोट कॉम्बैट का आईपीआर इस कदम का विस्तारित रूप है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि कोट काम्बैट एक तीन लेयर वाली जैकेट है। जो सैनिकों के लिए घने जंगलों से लेकर रेगिस्तान और बर्फीले इलाकों में तैनाती के दौरान आरामदायक होने के साथ उन्हें सुरक्षा भी प्रदान करेगी। आर्मी डिजाइन ब्यूरो की निगरानी में इसका डिजाइन और विकास स्वदेशी रूप से राजधानी में मौजूद नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (एनआईएफटी) द्वारा किया गया है।



### इस तरह रजिस्टर कराया आईपीआर

सेना ने कंट्रोलर जनरल ऑफ पेटेंट (डिजाइन एंड ट्रेडमार्क, कोलकाता) से आईपीआर हासिल करने के लिए अपनी एप्लीकेशन संख्या-449667-001 के साथ ▶▶ शेष पेज 5 पर

### आईपीआर से होगा यह लाभ

अधिकारियों ने बताया कि एक बार कोट कॉम्बैट का आईपीआर रजिस्टर होने के बाद बाजार में नकली सामान या ऐसा कोई और कपड़ा आने की गुंजाइश नहीं रहेगी। साथ ही सैनिकों तक भी उच्च-गुणवत्ता वाला कपड़ा ही पहुंचेगा। सेना की यह कवायद डिफेंस क्लोदिंग सिस्टम में नवाचार, आत्मनिर्भरता और डिजाइन की सुरक्षा की दिशा में उठाए गए एक महत्वपूर्ण कदम के अलावा सैनिकों के कल्याण में मददगार साबित होगी। जैकेट को पहनकर सैनिक किसी भी वातावरण में आसानी से एक जगह से दूसरी जगह पर आ-जा सकेंगे, भार में ये हल्की होगी। लेकिन ठंडे इलाकों में सैनिकों के शरीर को अंदर से गर्मी प्रदान करने के लिए इसमें एक लेयर मौजूद रहेगी। जिससे उन्हें सांस लेने में कोई परेशानी नहीं होगी। निफ्ट ने इसे तैयार करने के लिए एक उन्नत तकनीकी कारक को भी डिजाइन में शामिल किया है। कोट कॉम्बैट की तीन लेयर में इनर, आउटर और थर्मल लेयर मुख्य हैं।




### बड़ी मात्रा में रसायन, सॉल्वेंट तथा लैब उपकरण बरामद

# 100 करोड़ की ड्रग्स के साथ चार अफ्रीकी नागरिक अरेस्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

स्पेशल सेल ने नशीले पदार्थों की तस्करी में लिप्त एक सिंडिकेट का पर्दाफाश किया है। इस सिलसिले में अफ्रीकी मूल के चार नागरिकों को गिरफ्तार किया गया हैं। इनके नाम एजेबुएनी एस्टर ओसिटा उर्फ एला (45), चार्ल्स चिमुआन्या एबेरेओनवु उर्फ अमेरका (32), चिनोये इमैनुएल (46) और कोट डी आइवोर निवासी दियारा इदरीस उर्फ व्हाइट मनी (38) बताये गये हैं। पुलिस ने इनके पास से 20.146 किलोग्राम मेथामफेटामाइन, 700 ड्रग टैबलेट (कुल वजन 440 ग्राम) और बड़ी मात्रा में रसायन, सॉल्वेंट तथा लैब उपकरण बरामद किए हैं। बरामद ड्रग्स की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 100 करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई है।

डीसीपी अलाप पटेल के अनुसार एक नवंबर को स्पेशल सेल को सूचना मिली थी कि दिल्ली-एनसीआर में रहने वाले अफ्रीकी मूल के कुछ लोग देश के विभिन्न हिस्सों में ड्रग सप्लाई कर रहे हैं। सूचना के आधार पर एक टीम बनाई गई थी। आरोपियों के बारे में जानकारी जुटाई गई। इसी बीच टीम को पता चला कि धौला कुआं बस स्टैंड के पास ड्रग्स सप्लाई करने एक शख्स आएगा। जाल बिछाकर आधी रात को आरोपी एला को एक ट्रॉली बैग के साथ पकड़ा गया। बैग से 17.146 किलो मेथामफेटामाइन और 700 नशीली गोलियां बरामद हुई। पूछताछ में उसने बताया कि वह एक ड्रग्स सप्लायर गैंग का हिस्सा है और यह माल उसे अमेरका से मिला था। उसने यह भी बताया कि उसे ड्रग्स बेंगलुरु में व्हाइट मनी को सप्लाई करनी थी। इसके बाद टीम ने अमेरका को गिरफ्तार किया। इसके पास से तीन किलो मेथामफेटामाइन बरामद हुई। इसी दौरान टेक चंद कॉलोनी, निलोठी एक्सटेंशन में एक मोबाइल ड्रग मैन्युफैक्चरिंग लैब का खुलासा हुआ, जहां से विभिन्न रसायन, सॉल्वेंट और उपकरण मिले। टीम ने चिनोये इमैनुएल को पकड़ा गया और इसके बाद बेंगलुरु से व्हाइट मनी को गिरफ्तार किया गया। जांच में सामने आया कि एला पश्चिमी दिल्ली के जनकपुरी, विकासपुरी और उत्तम नगर के बाजारों में ड्रग लेती थी और मुंबई-बेंगलुरु में सप्लाई करती थी।

### 25 लाख की चांदी की ज्वैलरी बरामद

# डेढ़ करोड़ की सेंधमारी में दो बदमाश गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ ताला चाबी गैंग ने दिया था वारदात को अंजाम

शाहदरा जिले के स्पेशल स्टाफ ने कृष्णा नगर इलाके में करीब 1.5 करोड़ की सेंधमारी को अंजाम देने वाले ताला चाबी गिरोह के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके नाम सम्राट सिंह और समित सिंह उर्फ सुमित सिंह बताये गये हैं। आरोपियों के पास से 25 लाख रुपये मूल्य के चांदी के गहनें, एक क्रेटा कार और बाइक बरामद की गई है।

डीसीपी प्रशांत गौतम के अनुसार गत 12 सितंबर को कृष्णा नगर थाने में शिकायतकर्ता मन्ना लाल सुराणा ने सेंधमारी की शिकायत दर्ज कराई थी। बताया कि 11 सितंबर की रात जब वे पत्नी के साथ रिश्तेदारों के घर गए हुए थे, तब किसी ने उनके बंद घर का ताला तोड़कर सोने चांदी के गहनें और कीमती सामान चुरा लिया। शिकायतकर्ता के मुताबिक करीब 1.5 करोड़ रुपये के जेवर व अन्य सामान चोरी हुए थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। टीम ने कृष्णा नगर से लेकर इंदौर, मध्य प्रदेश तक करीब 2500 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और आरोपियों के बारे में जानकारी जुटाई। इसके बाद टीम ने इंदौर और गुजरात के वडोदरा के रहने वाले दोनों आरोपी सम्राट सिंह और समित सिंह उर्फ सुमित सिंह को गिरफ्तार कर लिया।

### मुठभेड़ के बाद हथियार सप्लार दबोचा

**नई दिल्ली।** स्पेशल सेल ने बदरपुर इलाके में मुठभेड़ के बाद गैंगस्टरों को हथियार सप्लाई करने वाले एक कुख्यात बदमाश को गिरफ्तार किया है। बदमाश के पैर में गोली लगी है। वहीं मुठभेड़ में एक हेड कांस्टेबल रविंद्र भी गोली लगने से घायल हो गया। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाश का नाम कनिष्क बताया गया है। उसके पास से दो ऑटोमेटिक पिस्टल बरामद हुई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सूचना मिली थी कि एमबी रोड, बदरपुर की तरफ से लाडो सराय शमशान घाट से होकर छत्तरपुर पहाड़ी इलाके में एक बदमाश हथियार सप्लाई करने के लिए आने वाला है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जाल बिछाया। इसी दौरान टीम ने देखा कि एक बाइक सवार युवक वहां आ रहा है। पुलिस को देखते ही उसने यू-टर्न लिया और मौके से भागने लगा। टीम ने उसे रोकने की कोशिश की तो उसने फायरिंग कर दी। फायरिंग के दौरान गोली एसआई नवीन कुमार व हेड कांस्टेबल सुनील की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी। वहीं एक गोली हेड कांस्टेबल रविंद्र के हाथ में लगी। इसके बाद पुलिस टीम ने जवाबी कार्रवाई करते हुए फायरिंग की और आरोपी के पैर में गोली मारकर उसे पकड़ लिया।

## पांच लाख और लैपटॉप लूटने वाले गिरोह का पर्दाफाश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

रंजीत नगर पुलिस ने शादीपुर फ्लाईओवर पर पांच लाख कैश और लैपटॉप लूटने वाले गिरोह के एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी का नाम आकाश बताया गया है। उसके पास से स्कूटी व लैपटॉप बरामद हुआ है। केस के फरार आरोपी राहुल, कार्तिक और फुक्का की तलाश की जा रही है।

पुलिस के अनुसार 15 नवंबर को रंजीत नगर पुलिस को बाइक सवार चार लड़कों द्वारा लूट को अंजाम दिये जाने संबंधी कॉल मिली थी। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि जब वह शादीपुर फ्लाईओवर पर कार ड्राइव कर रहा था, तभी दो स्कूटी सवार चार लड़कों ने उसे जबरन रुकवाया और उसका बैग लूट लिया। बैग में पांच लाख रुपये कैश और एक लैपटॉप था। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी। कई सीसीटीवी फुटेज की गहन जांच की गई। फुटेज में पुलिस को चार संदिग्ध दो स्कूटी पर शिकायतकर्ता का पीछा करते दिखाई दिए। एक स्कूटी का नंबर हाथ लगा। इसके बाद पुलिस ने स्कूटी के मालिक आकाश को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर स्कूटी और लैपटॉप व दस्तावेजों से भरा बैग बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह नशे का आदी है। अपने साथियों के साथ मिलकर नशे की लत को पूरा करने और निजी जरूरतों के लिये लूट की वारदात को अंजाम दिया था।

## अपहृत शिशु को गाजियाबाद से बचाया गया, महिला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



■ पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के बाहर से हुआ था अगवा

उत्तरी जिले की कोतवाली पुलिस ने पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के बाहर से अगवा चार महीने के बच्चे को अगवा करने के आरोप में एक महिला को गाजियाबाद से गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपी महिला ने खुलासा किया कि उसकी तीन बेटियां हैं और वह एक बेटे की चाह रखती थी। नवजात शिशु आरोपी महिला के पास से बरामद कर लिया गया।

पुलिस के अनुसार पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के बाहर बस स्टैंड के पास फुटपाथ पर रहने वाली 27 वर्षीय महिला ने सोमवार को शिकायत दर्ज कराई थी कि उसका चार माह का बेटा लापता हो गया है। नवजात की मां ने पुलिस को बताया था कि एक महिला जिसने खुद को आरती (39) बताया था पिछले कुछ दिनों से अक्सर इलाके में आती थी और बच्चों के साथ खेलती थी। वह अक्सर उन्हें खाने की चीजें देती थी। पुलिस ने बताया कि नवजात को आखिरी बार आरोपी महिला के साथ खेलते हुए देखा गया था। शिकायत पर एक प्राथमिकी दर्ज की गई और जांच टीम बनाई गई। एक टीम ने संदिग्ध के फोन की आखिरी सक्रिय लोकेशन गाजियाबाद के लोनी में पता लगायी। टीम इलाके में पहुंची और पूछताछ शुरू के बाद आरोपी महिला को मंगलवार शाम लोनी देहात से पकड़ लिया गया। पूछताछ के दौरान आरती ने बताया कि उसकी तीन बेटियां हैं और वह एक बेटे की कामना कर रही थी। उसका पति पहले रेलवे स्टेशन के पास एक चाय की दुकान पर काम करता था, जिसके कारण वह इस क्षेत्र से परिचित थी।

## छोटे और सीमांत किसानों के लिए चलाई जा रही हैं कल्याणकारी योजनाएं: हर्ष मल्होत्रा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री के नेतृत्व में छोटे और सीमांत किसानों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनसे प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से समय पर आर्थिक सहायता सुनिश्चित हुई है। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) द्वारा बुधवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) की 21वीं किस्त के वितरण के उपलक्ष्य में आयोजित एक किसान गोष्ठी के दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने यह बात कही। उन्होंने कृषि उन्नति में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) के महत्वपूर्ण योगदान की प्रशंसा की। आईएआरआई से मिली जानकारी के अनुसार इस कार्यक्रम में किसानों, नीति-निर्माताओं, वैज्ञानिकों तथा वरिष्ठ अधिकारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। गोष्ठी का उद्देश्य नवीन कृषि प्रौद्योगिकियों, किसान कल्याण कार्यक्रमों तथा राष्ट्रीय स्तर पर चल रही कृषि पहल को किसानों तक पहुँचाना था। कार्यक्रम के प्रारंभ में आईएआरआई संयुक्त निदेशक (विस्तार) डॉ. आर. एन. पडारिया ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया और किसानों को सशक्त बनाने में आईएआरआई की भूमिका, वैज्ञानिक हस्तक्षेपों तथा प्रौद्योगिकी प्रसार के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं, दूसरी तरफ दिल्ली के कृषि विज्ञान केंद्र में अध्यक्ष डॉ. डी. के. राणा ने बताया कि पी.एम. किसान सम्मान निधि योजना का कृषि विज्ञान केंद्र के परिसर में सीधा प्रसारण (वर्चुअल) रुप से सीधा प्रसारण किया गया।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **नंद किशोर यादव** पुत्र श्री टीटू यादव, निवासी- मकान नंबर 651, मेट्रो विहार, होलंबी खुर्द, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 306/17 धारा 279/338 भा.द.स, थाना शाहबाद डेयरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नंद किशोर यादव** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **नंद किशोर यादव** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **नंद किशोर यादव, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 306/17 धारा 279/338 भा.द.स, थाना शाहबाद डेयरी, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.12.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**श्री सार्थक पंवार**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-05 (उत्तर)
न्यायालय कक्ष संख्या 114, प्रथम तल
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/15505/ON/2025

## अमीर खुसरो पार्क में युवक की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दक्षिण पूर्वी जिले के हजरत निजामुद्दीन थाना अंतर्गत अमीर खुसरों पार्क में बुधवार दोपहर एक युवक की हत्या कर दी गई। मृतक का नाम शहजाद (27) बताया गया है। वह दरगाह के कार्यालय में कार्यरत था। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के एम्स भिजवाया है। हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

पुलिस के अनुसार बुधवार को दोपहर लगभग 1:47 बजे हजरत निजामुद्दीन पुलिस को अमीर खुसरो पार्क में एक शव मिलने की सूचना संबंधी पीसीआर कॉल प्राप्त हुई। पुलिस टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। इलाके को सुरक्षित कर क्राइम टीम ने मौके से सबूत इकट्ठा किये। मृतक की पहचान अलवी चौक, बाटी हजरत निजामुद्दीन निवासी शहजाद के रूप में हुई। वह दरगाह परिसर के एक कार्यालय में कार्यरत था। प्रारंभिक जांच में सिर, पैर और शरीर के मध्य भाग पर स्पष्ट चोटें पाई गई। प्रारंभिक निष्कर्षों के आधार पर धारा 103(1) बीएनएस (हत्या) के तहत मामला दर्ज किया गया है। जांच टीम ने निरंतर और गहन प्रयासों के माध्यम से एक आरोपी को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। हत्या का प्रारंभिक कारण व्यक्तिगत दुश्मनी माना जा रहा है। हमले के दौरान इस्तेमाल किए गए संदिग्ध हथियार को बरामद करने के लिए कई टीमें काम कर रही हैं। जांच केंद्रित और समन्वित तरीके से जारी है। फरार आरोपियों को पकड़ने और सभी साक्ष्य जुटाने के लिए गहन किये जा रहे हैं।

## छात्र सुसाइड को लेकर स्कूल प्रशासन के खिलाफ केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

राजेंद्र प्लेस मेट्रो स्टेशन से कूदकर एक प्राइवेट स्कूल के 10वीं कक्षा के छात्र द्वारा आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने स्कूल प्रशासन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। छात्र ने पिता ने स्कूल की प्रिंसिपल, को-ऑर्डिनेटर समेत चार टीचर पर उनके बेटे को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पिता की शिकायत पर यह केस दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार छात्र अपने परिजनों के साथ राजेंद्र नगर में रहता था। उसके परिवार में माता पिता के अलावा एक भाई है। उसके पिता का सोने का कारोबार है। छात्र एक नामी स्कूल में कक्षा 10वीं का छात्र था। शिकायत में पिता ने आरोप लगाया कि उनका बेटा अक्सर उनकी पत्नी को स्कूल के टीचरों के बारे में शिकायत करता था। वह बताता था कि प्रिंसिपल, को-ऑर्डिनेटर, एसएसटी पढ़ाने वाली टीचर और एक अन्य टीचर उसे छोटी छोटी बातों पर डांटती है और प्रताड़ति करती है। बेटे की शिकायत के बाद उन्होंने कई बार प्रिंसिपल व टीचर से संपर्क किया। इसके बाद भी वे छात्र को मानसिक रूप से परेशान कर रहे थे। मंगलवार को वह अपनी माता के ऑपरेशन के लिए कोल्हापुर गए थे और उनका बेटा भी रोजाना की तरफ सुबह स्कूल गया था। दोपहर करीब 02:45 बजे किसी ने उन्हें मोबाइल पर कॉल कर बताया कि उनका बेटा राजेंद्र प्लेस मेट्रो से नीचे गिर गया है। उसे बीएल कूपर अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इसके बाद उन्होंने अन्य परिजनों को इसके बारे में जानकारी दी और उन्हें अस्पताल जाने के लिए कहा। इसके बाद उन्हें पता चला कि उनका बेटे की मौत हो गई है। उसने मेट्रो स्टेशन से कूदकर सुसाइड किया है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सीमा अग्रवाल पत्नी राजीव अग्रवाल निवासी 63, गोल्डन जुबल फ्लैट्स, सेक्टर-11, रोहिणी, दिल्ली 110085** ने **सीसी संख्या 8542/2024, धारा 138 एनआई एक्ट, थाना लाहौरी गेट, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **सीमा अग्रवाल** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **सीमा अग्रवाल** फरार हो गयी है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि सीसी संख्या 8542/2024, धारा 138 एनआई एक्ट, थाना लाहौरी गेट, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सीमा अग्रवाल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.02.2026** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री आरूषि परवाल**
**एलडी. न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी (एनआई एक्ट-05)**
**(केंद्रीय जिला) कमरा नं. 2, भूतल, बिल्डिंग उपभवन**
**तीस हजारी कोर्ट्स, दिल्ली**

DP/15272/N/2025

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **वीरेंद्र सिंह** पुत्र श्री रोहन सिंह, निवासी- मकान नंबर 109, गली नंबर 3, तुकमीर पुर एक्सटेंशन दिल्ली-110094 ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 108/2017 धारा 279 भा.द.स, थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **वीरेंद्र सिंह** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **वीरेंद्र सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **वीरेंद्र सिंह, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 108/2017 धारा 279 भा.द.स, थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.12.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**श्री वैभव गर्ग**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-11
केंद्रीय, न्यायालय संख्या 138, प्रथम तल
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/15362/N/2025

### निगम उपचुनाव: प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने चुनावी सभाओं को किया संबोधित

# झूठ एवं भ्रम फैला रही आम आदमी पार्टी का सफाया करे जनता: सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली भाजपा का नगर निगम चुनाव प्रचार अब लगातार तेज़ होता जा रहा है। जहां सभी वार्डों में प्रत्याशियों का घर घर चुनाव प्रचार अभियान चल निकला है तो वहीं नुक्कड़ सभाएं, महिला सम्मेलन एवं ड्राइंग रूम बैठकें भी लगातार हो रहे हैं। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने बुधवार को दक्षिणपुरी प्रत्याशी रोहिणी राज एवं संगम विहार ए प्रत्याशी शुभ्राजीत गौतम के समर्थन में चुनाव बैठकों को सम्बोधित किया जिनमें एन.डी.एम.सी. सदस्य दिनेश प्रताप सिंह एवं जिलाध्यक्ष माया बिष्ट भी सम्मिलित हुईं। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि जनता दिल्ली के समग्र विकास को तेज़ गति देने के लिए इन उपचुनावों में भाजपा को जिताये और दिल्ली से झूठ एवं भ्रम फैला रही आम आदमी पार्टी का सफाया करे। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव की हार के बाद से आप संयोजक और नेता सौरभ भारद्वाज ने अपना राजनीतिक संतुलन खो दिया है इसलिए बुधवार को मुख्यमंत्री के लिए अपशब्दों का प्रयोग किया है। वीरेन्द्र सचदेवा ने उपस्थित जनसमूह से कहा कि यह उपचुनाव कमल खिला कर विकसित दिल्ली बनाने का चुनाव है और आप अपने वार्ड में 30 नवम्बर को कमल खिलायें भाजपा जितायें।

### सांसद तिवारी ने शालीमार बाग एवं अशोक विहार में किया प्रचार

सांसद मनोज तिवारी ने शालीमार बाग वार्ड एवं अशोक विहार वार्ड में एक सभा को सम्बोधित किया और कहा कि दिल्ली में बसा पूर्वांचल समाज छठ की यमुना किनारे व्यवस्था करने के लिए रेखा गुप्ता सरकार का आभारी है और इन उपचुनाव में पूर्वांचल समाज का 100 प्रतिशत समर्थन भाजपा के साथ है। सांसद कमलजीत सहरावत एवं विधायक पवन शर्मा और संदीप सहरावत ने द्वारका बी वार्ड में जनसम्पर्क अभियान चलाकर भाजपा प्रत्याशी को जिताने की अपील की।

### मंत्री प्रवेश, कपिल ने की नुक्कड़ सभाएं

दिल्ली सरकार के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने विनोद नगर वार्ड में, कपिल मिश्रा ने शालीमार बाग वार्ड में और रविन्द्र इंद्राज सिंह ने अशोक विहार वार्ड में नुक्कड़ सभाएं सम्बोधित की और भाजपा सरकार के विकास ऐजेंडे पर चर्चा की। विधायक चंदन चैधरी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष लता गुप्ता ने संगम विहार वार्ड में नुक्कड़ सभाएं की। विधायक पूनम शर्मा एवं अशोक गोयल ने अशोक विहार में विभिन्न समाजों के अग्रणी लोगों से सम्पर्क किया। विधायक अनिल शर्मा ने दक्षिणपुरी में, महिला मोर्चा अध्यक्ष ऋचा पांडेय ने दक्षिणपुरी एवं चाँदनी चैक वार्ड में तो अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष मोहनलाल गिहारा ने समाज बैठकों को सम्बोधित किया।

### विपक्षी पार्टियों की नाकामियों को उजागर करेंगे कांग्रेस कार्यकर्ता: यादव

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के बूथ स्तर पर काम करने वाले कार्यकर्ता घर-घर जाकर अपने बूथ पर प्रत्येक मतदाता से सम्पर्क करके कांग्रेस की विचारधारा, कांग्रेस सरकार के दौरान हुए काम और विपक्षी पार्टियों की नाकामियों को उजागर करेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने बुधवार को बयान जारी कर यह बात कही। उन्होंने कहा कि सभी 12 वार्डों के बूथों पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की टीम बनाकर उनकी वहां ड्यूटी सुनिश्चित कर दी है। उन्होंने कहा कि बूथों पर काम करने वाले कांग्रेस कार्यकर्ताओं जो चुनाव प्रबंधन के लिए सामग्री दी गई है, उससे कांग्रेस प्रत्याशियों के चुनाव को मजबूती मिलेगी। दिल्ली नगर निगम उपचुनाव में सभी 12 वार्डों पर कांग्रेस प्रत्याशियों के चुनाव को व्यवस्थित करने और उनकी जीत को सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने प्रत्येक बूथ अपनी जिम्मेदारी निभाने वाले कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मजबूत दिल्ली कांग्रेस का लेबल लगा एक बैग सौंपा गया। बताया गया कि इस बैग में वोटर लिस्ट सहित अन्य चुनाव संबधी सामग्री कांग्रेस बिल्ला, स्टीकर, पम्पलेट और भाजपा और आम आदमी पार्टी की नाकामियों से संबंधित एक दस्तावेज भी है।

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प, कैथल | कैथल जिले में गांव कवारतन में राजकीय पशु चिकित्सा डिस्पेंसरी का पुनर्निर्माण। | बंद होने की तिथि 24.11.2025 | 25.79 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896320998 eepwdkaithal@gmail.com |
| 2 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, हिसार | गांव दहीमा के निकट बिरानी तालाब1 (01HRHSRHR10157DHAH003) का पुनरोद्धार + 1 कार्य। | 18.11.2025 24.11.2025 | 94.55 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9417284563 xenconstdivn7hsn@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/40/40460/I/88/7 दि. 19.11.25




### सीएम ने नजफगढ़ ड्रेन का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए दीवार निर्माण, ग्रीन बेल्ट बनाने के निर्देश

# स्वच्छ और प्रदूषण रहित दिल्ली बनाने के लिए मुख्यमंत्री सहित पूरा मंत्रिमंडल सड़कों पर उतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण और गंदगी को नियंत्रित करने के लिए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता अपने पूरे मंत्रिमंडल के साथ सड़कों पर उतरीं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट संदेश दिया है कि 'मेरी दिल्ली–मेरी जिम्मेदारी' केवल एक नारा नहीं, बल्कि यह दिल्ली सरकार की कार्यशैली का मूल मंत्र है। उनका कहना है कि जब तक दिल्ली के लोग और सरकार एकजुट नहीं होंगे, तब तक राजधानी को साफ और प्रदूषण-मुक्त बनाने का संकल्प अधूरा रहेगा। मुख्यमंत्री ने बुधवार को नजफगढ़ ड्रेन (साहिबी नदी) के पास स्थित रोड नंबर- 41 का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विकास और स्वच्छता संबंधी कार्यों को समयबद्ध और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। इस दौरे के दौरान सांसद प्रवीण खंडेलवाल, विधायक करनैल सिंह तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने रोड नंबर–41 पर साहिबी नदी के पास निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने पाया कि ड्रेन के आसपास बाउंड्री वॉल न होने के कारण लोगों ने वहां कूड़ा फेंककर ढेर बना दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को ड्रेन के किनारे दीवार निर्माण के स्पष्ट निर्देश दिए, ताकि लोग उसके किनारे कचरा न फेंक सकें। उन्होंने इन स्थानों पर ग्रीन बेल्ट विकसित करने के निर्देश भी दिए गए, जिससे क्षेत्र का सौंदर्यीकरण हो और पर्यावरण में सुधार हो सके। कई स्थानों पर कूड़ा जमा होने पर मुख्यमंत्री ने नाराज़गी व्यक्त की और संबंधित विभागों को कूड़े के उचित तथा नियमित निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अनधिकृत डंपिंग रोकने के लिए निगरानी और सख्ती बढ़ाने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने सेवा बस्ती और आसपास के क्षेत्रों में झुग्गीवासियों से संवाद कर उनकी समस्याओं जैसे सड़क निर्माण, बिजली के खंभों की कमी, नाली की सफाई और शौचालयों की उपलब्धता को सुना। इन समस्याओं पर तत्काल कार्रवाई करते हुए उन्होंने अधिकारियों को इन समस्याओं को प्राथमिकता से हल करने और आवश्यक स्थानों पर जल्द से जल्द शौचालयों के निर्माण का निर्देश दिया।

उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने बताया कि दिल्ली सरकार द्वारा चिन्हित 62 प्रदूषण हॉटस्पॉट्स पर निरंतर काम जारी है। धूल, मलबे और प्रदूषण को कम करने के लिए टीमें लगातार मैदान में सक्रिय हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य की पीढ़ी को साफ हवा देने के लिए दिल्ली को मिलकर प्रयास करना होगा। सिरसा ने आज पालम क्षेत्र में सफाई अभियान में भागीदारी की। उनके इस अभियान में इस अभियान से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि यह अभियान रुकना नहीं चाहिए और आगामी दिनों में इसे और सघन किया जाएगा।

मंत्री कपिल ने यमुनापार तो मंत्री इंद्राज ने समयपुर बादली में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया

विकास मंत्री कपिल मिश्रा भी प्रदूषण नियंत्रण व सफाई अभियान में लगातार भागीदारी दिखा रहे हैं। उन्होंने हाल ही में तिमारपुर में इस अभियान में भागीदारी की। आज भी उन्होंने यमुनापार में इस अभियान की निगरानी की और अफसरों को दिशा-निर्देश जारी किए। समाज कल्याण मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने समयपुर बादली वार्ड-20 में सफाई और सैनिटेशन व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्हें जहां सुधार की आवश्यकता दिखी, वहां तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने 'कचरा पृथक्करण' और 'सिंगल-यूज़ प्लास्टिक मुक्त दिल्ली' के अभियान को आगे बढ़ाते हुए जागरूकता रैली में भाग लिया और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने बुधवार को राजधानी के सभी सरकारी अस्पतालों में 'कलर-कोडिंग बेडशीट व्यवस्था' लागू करने की जानकारी दी। 'कायाकल्प' पहल के तहत सप्ताह के प्रत्येक दिन अलग-अलग रंग की बेडशीट बिछाई जाएंगी, ताकि स्वच्छता, संक्रमण-नियंत्रण और रोगियों की मानसिक सुकून बढ़ाने का लक्ष्य पूरा हो सके। उन्होंने बताया कि सोमवार को सफेद, मंगलवार को गुलाबी, बुधवार को हरा, गुरुवार को बैंगनी, शुक्रवार को नीला, शनिवार को हल्का ग्रे और रविवार को पीच रंग निर्धारित किया गया है।



### मंत्री आशीष सूद ने जनकपुरी में निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने लगाई फटकार

दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने बुधवार को जनकपुरी विधानसभा क्षेत्र के महावीर एनक्लेव पार्ट 3, सोलंकी चौक और पंखा रोड पर साफ सफाई और कूड़ा प्रबंधन को लेकर दौरा किया। दौरे के दौरान कई जगह एमसीडी कर्मचारियों की लापरवाही मिलने पर मंत्री सूद ने एमसीडी के सफाई निरीक्षक को चेतावनी देते हुए कहा कि वह सुनिश्चित करेंगे कि कूड़े के डिपर की गाड़ियां नियमित रूप से इलाके की हर गली में पहुंचे और वहां से कूड़ा उठाकर इस ढलाव में डाला जाए नहीं तो उनके विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। वहीं मंत्री सूद ने पंखा रोड पर एक स्थान पर बिल्डिंग का मलबा पड़ा हुआ देखने पर पीडब्ल्यूडी के एई और जेई को कड़ी फटकार लगाते हुए कहां कि वह बिल्डिंग के इस मलबे को तुरंत सीएंडडी वेस्ट प्लांट में भिजवाए और यह भी सुनिश्चित करें कि आगे से पंखा रोड पर कहीं भी इस प्रकार का कूड़ा न मिले। मंत्री ने पीडब्ल्यूडी के एई और जेई पर कड़ी कार्रवाई करने के लिए भी आदेश दिए।

### जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने हौज खास क्षेत्र का किया निरीक्षण

दूसरी ओर जल मंत्री श्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने विभिन्न विभागों के आला अधिकारियों के साथ मालवीय नगर विधानसभा के हौज खास क्षेत्र का निरीक्षण साथ किया। उन्होंने सार्वजनिक सुविधाओं से जुड़ी खामियों को तुरंत दूर करने के निर्देश दिए। कई स्थानों पर सुधार कार्यों की शुरुआत पहले ही कराई जा चुकी थी। मंत्री ने स्पष्ट कहा कि मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाना उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## शाहजहांनाबाद पुनर्विकास निगम का होगा पुनर्गठन, लौटेगा पुरानी दिल्ली का पुराना गौरव : रेखा

हरिभूमि न्यूज, नई दिल्ली।

■ मुख्यमंत्री ने कहा कि वॉल्ड सिटी की विरासत को लौटाने के लिए मनाई जाएगी समग्र योजना

पुरानी दिल्ली ((वॉल्ड सिटी)) के सौंदर्यीकरण व सुनियोजित विकास को लेकर दिल्ली सरकार कृत संकल्प है। दिल्ली सरकार वॉल्ड सिटी की विरासत को लौटाने के लिए गंभीर प्रयास कर रही है। इसके लिए जल्द ही शाहजहांनाबाद पुनर्विकास निगम (एसआरडीसी) का पुनर्गठन किया जाएगा, ताकि पुरानी दिल्ली का पुराना गौरव लौटे और यहां के स्थानीय निवासियों व व्यापारियों को समुचित नागरिक सुविधाएं मिलें। यह बातें बुधवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एक उच्चस्तरीय बैठक करने के बाद कही। गौरतलब है कि पुरानी दिल्ली के विकास को लेकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में बुधवार को दिल्ली सचिवालय में एक उच्चस्तरीय बैठक हुई। इस बैठक में चांदनी चौक लोकसभा के सांसद प्रवीण खंडेलवाल, दिल्ली के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद के अलावा एसआरडीसी, पीडब्ल्यूडी, दिल्ली नगर निगम, दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में इस बात पर सहमति थी कि वॉल्ड सिटी का पुनर्विकास व पुनर्निर्माण किया जाना जरूरी है। वर्तमान में पिछली सरकार की घोर लापरवाही के कारण इस क्षेत्र का बुरा हाल है। विशेषकर ऐतिहासिक बाजार चांदनी चौक में समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। बैठक में सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि शाहजहांनाबाद पुनर्विकास निगम (एसआरडीसी) पूरी तरह से निष्क्रिय है, क्योंकि पूर्व सरकार ने इसके माध्यम से पुरानी दिल्ली का विकास करने में रुचि ही नहीं दिखाई। उन्होंने कहा कि एसआरडीसी का पुनर्गठन किया जाए और इसमें सरकारी अधिकारियों के अलावा विरासत व इतिहास से जुड़े विशेषज्ञों को भी शामिल किया जाए। सांसद खंडेलवाल ने एसआरडीसी का नाम भी बदलने का आग्रह किया। बैठक में शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने कहा कि वॉल्ड सिटी के पुनर्विकास के लिए विरासत के संरक्षण से जुड़ी कंपनियों को भी शामिल किया जाए, ताकि इस क्षेत्र का पुराना चरित्र वापस लौटाया जाए। उनका यह भी कहना था कि पुरानी दिल्ली की हैरिटेज इमारतों में व्यापारिक गतिविधियों पर पूरी तरह से रोक लगाना जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि चांदनी चौक बाजार का पुराना स्वरूप बनाए रखने के लिए निर्माण गतिविधियों पर पूरी तरह से रोक लगाई जाए। बैठक में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि हमारी सरकार वॉल्ड सिटी का गौरव लौटाने के लिए कृतसंकल्प है, इसके लिए योजनाएं बन रही हैं। उन्होंने कहा कि चांदनी चौक का समुचित विकास इसलिए नहीं हो रहा है, क्योंकि वह तीन सरकारी एजेंसी के जिम्मे है, जिससे विकास कार्यों में लगातार देरी होती रहती है।

### एनडीएमसी उपाध्यक्ष ने नवनिर्मित जन शौचालय का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के विजन के अनुरूप और विश्व शौचालय दिवस 2025 के अवसर पर, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने गोल डाक खाना के पास नवनिर्मित जनशौचालय का उद्घाटन परिषद के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया। इस अवसर पर चहल ने कहा कि इस वर्ष आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय और सुलभ इंटरनेशनल द्वारा विश्व शौचालय दिवस की थीम "स्वच्छताः गरिमा और धरती के लिए सामूहिक जिम्मेदारी" रखी गई है। उन्होंने बताया कि एनडीएमसी का लक्ष्य क्षेत्र में रहने वाले लोगों, कामकाजी वर्ग और आगंतुकों के लिए विश्वस्तरीय, सुरक्षित, स्वच्छ और सुलभ सार्वजनिक शौचालय उपलब्ध कराना है। इस दौरान कुलजीत सिंह चहल ने आरएमएल अस्पताल और विलिंगडन क्रिसेंट के पास लगाए गए नए एस्केलेटर का निरीक्षण किया तथा तुगलक क्रिसेंट स्थित नवनिर्मित साइंस पार्क की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आसपास के कच्चे हिस्सों की मरम्मत, टूटे रेलिंग की मरम्मत, एस्केलेटर पिलर्स की पेंटिंग, क्षेत्र की सुंदरता बढ़ाने और एस्केलेटर को जल्द से जल्द पूरी तरह चालू करने के निर्देश दिए।

# निगम स्थायी समितिः प्रदूषण मामले पर आमने सामने दिखे पार्षद



■ आप सदस्यों ने भाजपा को दिलाई धूल की याद

■ प्रदूषण पर नियंत्रण के प्रयास जारी : सत्या शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति बैठक में बुधवार को प्रदूषण मामले पर चर्चा हुई। इस दौरान आम आदमी पार्टी सदस्य और भाजपा के सदस्य भी आमने सामने दिखाई दिए। हालांकि भाजपा सदस्यों ने प्रदूषण मामले में अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदूषण को नियंत्रित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाए। बैठक की अध्यक्षता कर रही समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा ने अधिकारियों को प्रदूषण नियंत्रित करने के लिए सख्त निर्देश देते हुए कहा कि दिल्ली और दिल्ली के ग्रामीण क्षेत्रों में भी धूल आदि प्रदूषण को नियंत्रित किया जाए। बता दें कि बैठक की शुरुआत में सुंदर सिंह तंवर ने प्रदूषण के संबंध में अल्पकालीन प्रश्न रखे। आप सदस्य प्रवीण कुमार ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि दिल्ली के उपराज्यपाल कहते थे कि दिल्ली में 65 प्रतिशत धूल से प्रदूषण होता है तो अब उपराज्यपाल के आदेश पर भाजपा क्या कर रही है। दिल्ली रहने लायक नहीं है और भाजपा प्रदूषण पर कुछ नहीं कर पा रही है। इसके अलावा सदस्य राजपाल सिंह, पंकज लूथरा, मोहिनी, जगमोहन, इंद्रजीत सहरावत, दौलतराम, आमिल मलिक, राफिया माहिर ने भी प्रदूषण को लेकर अपने विचार रखे और समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा को प्रदूषण को नियंत्रित करने के उपाय और अधिकारियों को निर्देश देने की बात कही।

### आयुक्त की ईमानदारी का फायदा उठाकर अधिकारियों ने किया गोलमाल

बैठक में पार्षद राजपाल सिंह ने निगम आयुक्त अश्विनी के कार्यों की तारीफ करते हुए कहा कि निगम आयुक्त ईमानदारी से अपना कार्य कर रहे हैं लेकिन निगम के कुछ अधिकारियों का यह रास नहीं आ रहा है और ऐसे अधिकारी निगम के राजस्व को इधर से उधर करने में जुटे हैं। पीएचआई मामले का हवाला देते हुए कहा कि निगम आयुक्त के खाते को सीज किया गया, क्योंकि करीब 14 से 17 करोड़ रुपए को ऐसे लोगों को दे दिया गया जो उनका बनता ही नहीं था। राजपाल सिंह ने कहा कि बुधवार को स्थायी समिति बैठक में इसकी जांच का मांग की है और कहा है कि जांच के दौरान उन अधिकारियों को उनके पदों से दूर रखा जाए क्योंकि ये पद पर रहते समय जांच को प्रभावित कर सकते हैं।

# तिहाड़ जेल में बने उत्पाद अब ऑनलाइन घर मंगवा सकेंगे लोग : विनय कुमार सक्सेना

हरिभूमि न्यूज, नई दिल्ली।

तिहाड़ जेल के कैदियों द्वारा बनाए गए उत्पाद अब जनता ऑनलाइन मंगवा सकेंगी। इस बात की जानकारी बुधवार को दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना तिहाड़ जेल परिसर में एक नई गौशाला तथा तीन आईसीटी (सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी) का शुभारंभ करने के अवसर पर दी। कार्यक्रम में दिल्ली के गृहमंत्री आशीष सूद व वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इस बीच डिजिटल इंडिया के अनुरूप, तिहाड़ के लिए एनजीओ द्वारा एक नई वेबसाइट का भी शुभारंभ किया गया।

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने तिहाड़ जेल द्वारा की गई योजनाओं की प्रशंसा की। इन योजनाओं से होने वाले कैदियों को लाभ के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ये सभी पहलें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दृष्टि से प्रेरित हैं। यह मात्र एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक ऐसा आंदोलन है जो भारत की समृद्ध परंपराओं को आधुनिक नवाचारों के साथ जोड़ता है। यह तिहाड़ को सीखने, करुणा और पारदर्शिता के केंद्र के रूप में स्थापित करता है। तिहाड़ में स्थापित की गई गौशाला का उद्देश्य देशी गायों, विशेषकर साहिवाल नस्ल के संरक्षण पर केंद्रित है। इससे कैदियों को सीखने से साथ साथ उनको आय के स्त्रोत प्राप्त होंगे, जिससे वे जेल में रहते हुए भी अपने परिवार का सहयोग कर सकेगें। यह गौशाला उन कैदियों को काउ थेरेपी का अवसर भी प्रदान करेगी जो अकेलेपन का अनुभव करते हैं और जिन्हें परिवार या मित्रों से मुलाकात नहीं मिलती। वहीं अधिकारियों ने बताया कि तिहाड़ जेल की बेकिंग स्कूल की डिजिटल एकीकरण योजना के तहत तिहाड़ उत्पाद अब ओएनडीएस और माई स्टोर प्लेटफॉर्म के माध्यम से ऑनलाइन उपलब्ध होंगे। इसका अर्थ है कि लोग अब अपने घर बैठकर आसानी से तिहाड़ उत्पाद खरीद सकेंगे और कैदियों के प्रयासों को समर्थन दे सकेंगे। शुरू की गई इन्वेंटरी मैनेजमेंट सिस्टम आवश्यक वस्तुओं,जैसे भोजन, दवा और अन्य जरूरी सामानों के प्रबंधन को सुगम बनाएगी।



■ दिल्ली के उपराज्यपाल ने गौशाला और तीन आईसीटी का तिहाड़ में शुभारंभ किया, कार्यक्रम में दिल्ली के गृहमंत्री आशीष सूद भी रहे मौजूद

### योजनाओं के प्रभाव को सुनिश्चित करना ही किसी सरकार की सफलता का होता है पैमाना : सूद

दिल्ली के गृह मंत्री आशीष सूद ने कार्यक्रम में कहा सिर्फ योजनाएं लाना आसान है परन्तु उनके सही क्रियान्वयन और वास्तविक प्रभाव को सुनिश्चित करना ही किसी सरकार की सफलता का पैमाना होता है। उन योजनाओं का हमारे जीवन में क्या प्रभाव पड़ता है यह अति महत्वपूर्ण है। इस प्रभाव का वैज्ञानिक तरीके से आकलन करना बहुत जरूरी है। जेल प्रशासन द्वारा किए गए अनेक नवाचार इसकी मिसाल हैं। वैज्ञानिक पद्धति से समाज की आवश्यकताओं को समझने और उसके आधार पर डेटा व जानकारी को दिल्ली सरकार के साथ साझा करने की पहल वास्तव में प्रेरणादायक है।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कोयंबटूर में पीएम किसान सम्मान निधि की किश्त जारी की। उत्तर पश्चिम दिल्ली के कंझावला उपायुक्त कार्यालय में आयोजित सम्मान निधि कार्यक्रम में स्थानीय सांसद योगेन्द्र चंदौलिया, एसडीएम (रोहिणी) महिमा तोमर एवं अन्य अधिकारी किसानों के साथ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन ईओ (कृषि) योगेन्द्र छिकारा ने किया।

### मेलबर्न के लॉर्ड मेयर ने एमसीडी मुख्यालय में दिल्ली के महापौर से की मुलाकात



**नई दिल्ली।** मेलबर्न के लॉर्ड मेयर निकोलस रीसे ने बुधवार को दिल्ली नगर निगम मुख्यालय में दिल्ली के महापौर, सरदार राजा इक़बाल सिंह से मुलाकात की। इस दौरे का उद्देश्य दिल्ली नगर निगम प्रशासन व्यवस्था की गहन समझ प्राप्त करना और दोनों शहरों के बीच सहयोग के अवसरों का पता लगाना था। बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने अपने-अपने शहरों के सामने आने वाली चुनौतियों और नागरिक कल्याण को बढ़ाने के लिए उठाए गए नवोन्मेषी पहलों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। मेलबर्न के लॉर्ड मेयर ने दिल्ली के महापौर को मेलबर्न आने के लिए औपचारिक निमंत्रण भी दिया, ताकि आगे ज्ञान विनिमय और सहयोग को बढ़ावा दिया जा सके। बैठक में स्थायी समिति के उपाध्यक्ष सुंदर सिंह, निगमायुक्त अश्विनी कुमार तथा दिल्ली नगर निगम के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### संविधान की मूल भावना को आत्मसात कर विकसित राष्ट्र की ओर बढ़ रहा देश : इंद्राज



■ डीयू के श्यामा प्रसाद मुखर्जी महिला महाविद्यालय में संविधान दिवस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

वर्ष 2047 तक भारत को विश्वगुरु और विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प भी संविधान की मूल भावना को आत्मसात कर ही पूरा किया जा सकता है। यह बात बुधवार को दिल्ली के समाज कल्याण विभाग मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने डीयू के श्यामा प्रसाद मुखर्जी महिला महाविद्यालय में संविधान दिवस के आयोजन पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। मंत्री इंद्राज ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बाबा साहेब के गरीब एवं वंचित वर्ग के सशक्तिकरण और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने का सपना पूरा हो रहा है। इस दौरान उन्होंने छात्राओं से संस्कृति, संविधान और राष्ट्र निर्माण को जीवन का लक्ष्य बनाने का आग्रह भी किया। इंद्राज ने कहा कि बाबा साहेब ने अनेक कठिनाइयों के बीच विश्व में सबसे अधिक चर्चा का विषय बनने वाला ऐसा संविधान लिखा जो हर कमजोर और वंचित वर्ग को सुरक्षा और समानता देता है। उन्होंने उपस्थित छात्राओं से आग्रह किया कि पढ़ाई के साथ संविधान और देश के महापुरुषों के योगदान को भी जानें। युवा पीढ़ी को अपने अधिकारों और कर्तव्यों दोनों के प्रति सजग होना चाहिए और अन्य लोगों को भी जागरूक करना चाहिए। ताकि समाज का प्रत्येक वर्ग समान अवसर प्राप्त करे। उन्होंने कहा कि हमें केवल संविधान को जानना नहीं है बल्कि संविधान को निभाना भी आवश्यक है।



# वॉकथॉन में 400 से अधिक लोगों ने भाग लेकर बढ़ाई जागरूकता

## प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, 4.5 किलोमीटर की दूरी तय की, हजारों लोगों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

फोर्टिस हॉस्पीटल, मानेसर ने हाल में बड़े पैमाने पर हार्ट हेल्थ वॉकथॉन का आयोजन किया। जिसमें मानेसर और गुरुग्राम के 400 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर करीब 4.5 किलोमीटर की दूरी तय की।

■ रखें अपने दिल का ख्याल, फोर्टिस के साथ थीम के तहत किया

वॉकथॉन का आयोजन रखें अपने दिल का ख्याल, फोर्टिस के साथ थीम के तहत किया गया। जिसें लोगों ने हृदय रोगों से बचाव के बारे में जागरूकता बढ़ाई। वहीं इस मौके पर एक हेल्थी हार्ट क्लीनिक का भी लॉन्च किया गया।

इस अवसर पर डॉ. आतिश गर्ग, कंसल्टेंट एंड हेड इमरजेंसी मेडिसिन, फोर्टिस हॉस्पीटल, मानेसर ने इमरजेंसी रिस्पॉन्स तथा बेसिक लाइफ सपोर्ट के बारे में आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रतिभागियों को छाती को दबाने तथा मरीज को बचाने के लिए सांस लेने में मदद देने संबंधी व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया, ताकि वे कार्डियाक इमरजेंसी में तत्काल सहायता प्रदान कर सकें। अभिजीत सिंह, फैसलिटी डायरेक्टर, फोर्टिस हॉस्पीटल, मानेसर ने कहा कि हमारे वॉकथॉन में लोगों की बढ़-चढ़कर भागीदारी से इस बात की पुष्टि हुई है कि हमारी कम्युनिटी अपनी सेहत को प्राथमिकता देने के लिए उत्सुक है। ऐसे में हमारे हेल्थी हार्ट क्लीनिक का लॉन्च अगली कड़ी है जो उपचार से आगे बढ़कर बचाव पर जोर देता है।



### हृदय की सही तरीके से देखभाल के लिए खानपान, व्यायाम जरूरी

डॉ. जगदीप यादव, एडिशनल डायरेक्टर कार्डियोलॉजी, फोर्टिस हॉस्पीटल मानेसर ने प्रतिभागियों को बताया कि लंबे समय पर हृदय की सही तरीके से देखभाल के लिए खानपान, व्यायाम, तनाव का समुचित प्रबंधन और समय पर जांच चार महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। उन्होंने बताया कि किस प्रकार हर व्यक्ति प्रतिदिन आसान उपायों से अपने हृदय की सेहत का ख्याल रख सकता है। उन्होंने कहा, अपने हृदय की देखभाल करना मैराथन के समान है, यह कोई रेस नहीं है। आप लगातार, छोटे-छोटे, स्वास्थ्यवर्धक उपायों का पालन करते हुए अपने आपको हृदय रोगों से बचाकर रख सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### अवैध हथियार रखने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस क्राईम ब्रांच बॉर्डर व डीएलएफ की टीम ने अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में 2 आरोपी गिरफ्तार कर 2 देसी कट्टा बरामद किये है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि क्राईम ब्रांच बॉर्डर की टीम ने शिवम फरीदाबाद से 1 देसी कट्टा सहित फरीदाबाद को धीरज कालोनी फरीदाबाद के पास से 1 देसी कट्टा सहित गिरफ्तार किया है।

### शिकायतकर्ता ही निकला आरोपी



**फरीदाबाद।** साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने ठगी के लिए अपना खाता ठगों को देकर फिर पुलिस में शिकायत देने के मामले में शिकायतकर्ता सहित 2 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी मुकेश निवासी एनआईटी फरीदाबाद ने एक शिकायत दी थी जिसमें उसने बताया कि वह होम लोन लेने के लिये कुछ लोगों के पास गया था।

### नशा बेचने वाले तीन आरोपी पकड़ाएं



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर-48 की टीम ने कार्रवाही करते हुए 280 ग्राम गांजा सहित अपराध शाखा एवीटीएस सिकरोना की टीम ने 450 ग्राम गांजा सहित व अपराध शाखा बॉर्डर ने 4.09 ग्राम स्मैक सहित 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 18 नवंबर को अपराध शाखा सेक्टर 48 की टीम ने अपने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाही करते हुए दीपक निवासी गदपुरी पलवल को 280 ग्राम गांजा सहित बडखल रोड के पास से, अपराध शाखा बॉर्डर ने अमन भाटिया निवासी एनआईटी फरीदाबाद को दुर्गा बिल्डर के पास से 4.09 ग्राम स्मैक सहित काबू किया है।

## राज नगर एक्सटेंशन रेड लाइट चौराहे को दिया जाएगा नया रूप

# मेरठ रोड से लेकर दुहाई कट तक ग्रीन बेल्ट का होगा सौंदर्यकरण: नगर आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

गुणवत्ता सुधार के लिए महा अभियान की हकीकत जानने नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक बुधवार को सड़क पर निकले। इस दौरान उन्होंने अवैध रूप से लगाए गए विज्ञापन बोर्डों को तत्काल हटाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने पूरे महानगर की लड़कों को धूलमुक्त करने के निर्देश दिए।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने कवि नगर जोन अंतर्गत प्रमुख मार्गों का जायजा लिया। जिसमें हापुड़ चुंगी से लेकर एएलटी चौक तथा सेक्टर 23 संजय नगर फ्लाईओवर से होते हुए दुहाई कट तक निगम अधिकारियों सहित निरीक्षण किया। इस मौके पर वायु गुणवत्ता सुधार के क्रम में महा अभियान भी चलाया गया जिसमें सभी विभागीय अधिकारी तथा टीम उपकरणों के साथ अभियान में जुड़े रहे, वॉटर स्प्रिंकलर, एंटी स्मोक, वॉटर टैंकर के माध्यम से पानी का छिड़काव कराया। साथ ही निर्माण विभाग सीएंडडी वेस्ट हटाने का कार्य किया, सफाई मित्रों सहित प्रमुख मार्गों को धूल मुक्त करने का कार्य किया। जिसमें राज नगर एक्सटेंशन रेड लाइट पर विशेष कार्यवाही करते हुए डिवाइडरों तथा सड़कों के किनारे धूल को हटाने का कार्य कराया गया, गाजियाबाद नगर निगम स्वास्थ्य विभाग जलकल विभाग निर्माण विभाग तथा उद्यान विभाग द्वारा पांचों जोन अंतर्गत वायु गुणवत्ता सुधार के लिए महा अभियान चलाया गया। नगर आयुक्त ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम वायु गुणवत्ता सुधार के लिए वृहद अभियान के रूप में कार्य कर रहा है।

### विज्ञापन के पोस्टर तत्काल हटाने के निर्देश दिए



आयुक्त ने पौधों की कटिंग का कार्य करने तथा पानी का छिड़काव करने के लिए कहा। मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी को राजनगर एक्सटेंशन रेड लाइट चौराहे को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए तथा स्वास्थ्य विभाग को पूरे क्षेत्र में धूल मुक्त अभियान चलाने के लिए कहा गया मौके पर कार्यवाही प्रारंभ कराई, प्रभारी विज्ञापन को भी शहर की सुंदरता छिन्न भिन्न कर रहे पोस्टरों को तत्काल हटाने के लिए भी निर्देशित किया। आरआरटीएस के नीचे पिलर पर लगे हुए विज्ञापन के पोस्टर देखकर नगर आयुक्त द्वारा नाराजगी जाहिर की गई।

## क्राइम ब्रांच ने 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार

# स्टील कॉइल सप्लाई करने के नाम पर 15 करोड़ 75 लाख की ठगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

अपराध शाखा बल्लभगढ की टीम ने एक ठगी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एक कंपनी के प्रतिनिधि ने थाना सेक्टर 8 में दी शिकायत में बताया कि 2 अगस्त 2024 को एमएस स्वदेश ग्रीन इन्फ्रा लिमिटेड कंपनी के मालिक रवि गुप्ता व सलील गुप्ता उनसे मिलने आये, जिन्होंने कहा कि एचआर क्वाईल स्टील शीट बेचने से शिकायतकर्ता की कंपनी को काफी मुनाफा होगा दोनों मिलकर लाभ कमाएंगे।

आरोपियों ने एचआर क्वाईल स्टील शीट की एडवांस बुकिंग के नाम पर शिकायतकर्ता से 4.5 करोड रुपये भेजने को कहा। इसके उपरांत उपरोक्त के लिये शिकायतकर्ता कंपनी ने तीन अलग-अलग ट्रांजेक्सन के माध्यम से आरोपियों की कंपनी के खाता में कुल 15 करोड 75 लाख रुपये भेज दिये। जिसके बाद आरोपियों ने कोई एचआर क्वाईल स्टील शीट सप्लाई नही की। जिस संबंध में थाना सेक्टर 8 में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने आगे बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुये आर्थिक अपराध शाखा बल्लभगढ की टीम ने रवि गुप्ता व सलील गुप्ता निवासी नई दिल्ली को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी रवि व सलील बाप-बेटा हैं, जो एमएस स्वदेश ग्रीन इन्फ्रा लिमिटेड कंपनी के डायरेक्टर है।

इनकी कंपनी एमएस स्वदेश ग्रीन इन्फ्रा लिमिटेड कंपनी काफी समय से घाटे में चल रही थी। जिस कारण कंपनी पर काफी कर्ज था। कर्जा से निकलने के लिये उन्होंने योजना बनाई और शिकायतकर्ता की कंपनी के साथ मिलकर एचआर क्वाईल स्टील शीट का बिजनेस करने के लिये कहा और एडवांस बुकिंग के नाम पर शिकायतकर्ता से कुल 15 करोड 75 लाख रुपये कंपनी के खाता में डलवा कर हडप लिये। आरोपियों को माननीय न्यायलय में पेश कर 4 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

# समाज में संस्कार जागरूकता का कार्य कर रहा है प्रचार रथ: विधायक शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



बल्लभगढ़ कन्या आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को आर्य केंद्रीय सभा फरीदाबाद द्वारा स्कूली छात्राओं को संस्कार संबंधी प्रवचन धर्माचार्य धर्मवीर सात्विक द्वारा दिए गए। इस मौके पर बल्लभगढ़ के विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री हरियाणा पं. मूलचंद शर्मा पहुंचे, इस मौके पर केंद्रीय आर्य सभा फरीदाबाद के संरक्षक पूर्व विधायक राजेंद्र बीसला ने उनका स्वागत किया और आर्य प्रचार रथ द्वारा समाज में सामाजिक संस्कार देने के विषय के बारे में अवगत कराया। विधायक पं. मूलचंद शर्मा ने केंद्रीय आर्य सभा का आभार व्यक्त किया और स्कूली छात्राओं को स्टाफ को संबोधित करते हुए कहा कि मनुष्य का जीवन बिना संस्कार के आसान नहीं होता, संस्कार हमे जीने की कला सिखाते हैं उन्हें के बल पर हम अपनी मंजिल को आसानी से पा सकते हैं।

इस मौके पर केंद्रीय आर्य सभा फरीदाबाद से दयानंद सेठी, हेड मास्टर उदयवीर गिल, हेडमास्टर राजबाला शर्मा, जोगेंद्र रावत सहित स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# चालान काटने पर पुलिसकर्मी को धक्का देकर गाड़ी से कुचलने की दी धमकी

**गुरुग्राम।** सदर थाना एरिया में गलत जगह गाड़ी खड़ी करने का चालान काटना सिपाही को भारी पड़ गया। गाड़ी चालक ने पहले पुलिसकर्मी को चालान काटने से रोका, फिर उसे धक्का देकर मौके से भगाने का प्रयास किया। पुलिसकर्मी ने विरोध किया तो ड्राइवर ने उसे रोड पर दिखाई देने पर गाड़ी से कुचलने की धमकी दी। सदर थाना पुलिस ने सिपाही की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 351 (2), 221, 132, 121(1) के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सिपाही विकास ने कहा कि उसकी ड्यूटी ट्रैफिक राइडर पर सेक्टर-34 में है। कल वह जब अपनी ड्यूटी पर थे।

# ऑपरेशन ट्रेकडाउन के तहत पुलिस को मिली बड़ी सफलता, 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

## अब तक 19 आरोपियों को भेजा जा चुका है जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पुलिस महानिदेशक हरियाणा ओ.पी. सिंह के दिशा-निर्देश पर हरियाणा पुलिस द्वारा 5 से 20 नवंबर तक ऑपरेशन ट्रेक डाउन चलाया जा रहा है। जिसके अंतगर्त अपराधियों पर पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। फरीदाबाद पुलिस ने ऑपरेशन ट्रेकडाउन के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए 2 दिन में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

■ सभी आरोपियों पर पहले से ही अपराधिक मामले दर्ज



पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अपराध शाखा सेक्टर 48 की टीम ने ऑपरेशन ट्रेकडाउन के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए एक हत्या के मामले में सोनू उर्फ गट्टा वासी गांव भांखरी को गिरफ्तार किया है वह अपने ही गांव के दीपक की हत्या के मामले में फरार चल रहा था।

वहीं पुलिस चौकी अग्रसेन चौक ने कार्यवाही करते हुए एक हत्या के प्रयास वह लड़ाई झगड़ा के मामले में कपिल, करन, पंकज निवासी तिरखा कॉलोनी तथा कुलदीप निवासी आजाद नगर सीही गेट बल्लभगढ़ को गिरफ्तार किया है। चारों आरोपी 7 नवंबर को तिरखा कॉलोनी में हुए एक झगड़े व हत्या के प्रयास के मामले में वांछित थे। कपिल, करन, पंकज तीनों सगे भाई हैं जिनका पूर्व में आपराधिक रिकॉर्ड है। सभी पर अपराधिक मामले दर्ज हैं।

सभी पांचों आरोपियों को जिला जेल नीमका भेजा गया है। फरीदाबाद पुलिस ने ऑपरेशन ट्रेकडाउन के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए अब तक 19 अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

## पूछताछ में आरोपी ने चौंकाने वाला खुलासा किया

# बच्ची से साथ गलत हरकत करने पर चाचा ने भतीजे की हत्या कर शव को जंगल मे फेंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद



हापुड़ जिले के कनकपुर गांव से दो दिन से लापता मुकीमपुर के जंगल में 15 वर्षीय किशोर का शव नग्न अवस्था में बरामद होने के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए किशोर के चाचा व उसके साथी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पुलिस पूछताछ में बताया कि किशोर ने एक बच्ची के साथ गलत हरकत कर दी थी। जो उसे नागवांर गुजरा और उसने किशोर की हत्या कर शव को नग्न अवस्था मे मुकीमपुर गांव के जंगल में फेंक दिया।

पुलिस के मुताबिक कनकपुर गांव निवासी नरेश कुमार अपनी पत्नी अनीता और दो बेटों दीपांशु व हिमांशु के साथ रहते हैं। उनका छोटा बेटा हिमांशु (15 वर्ष) मोदीनगर स्थित एक प्रॉपर्टी डीलर के पास काम करता था। दो दिन पहले वह अचानक घर से लापता हो गया था। जब किशोर का कोई सुराग नहीं मिला तो पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई। साथ ही परिजनों ने शक के आधार पर पड़ोसी युवक की बहन के देवर पर संदेह जताया। परिजनों ने उस युवक को खोजकर पकड़ा और भोजपुर पुलिस के हवाले कर दिया। पूछताछ में आरोपी ने चौंकाने वाला खुलासा किया। उसने बताया कि उसने हिमांशु की ईंट से सिरकुचलकर हत्या कर दी और शव को मुकीमपुर के जंगल में फेंक दिया।


### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C./84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **जावेद, पुत्रः** इदरिश खान, **पताः** मकान नं. – 250, गली नं. – 9/बी, फौजी कॉलोनी, मुकुंदपुर पार्ट–2, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 64/2021 U/s 25/54/59 Arms Act, थानाः सिविल लाइन्स, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जावेद** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जावेद** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 64/2021 U/s 25/54/59 Arms Act, थानाः सिविल लाइन्स, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **जावेद** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.12.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री गौरव गोयल
न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी–06
कमरा नं. 247, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/15349/N/2025
(Court Matter)

### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **अरसद उर्फ राधे पुत्रः** मोहम्मद असरफ **पताः** ग्राम रामपुर दुराहा बैक साइड पेट्रोल पंप थाना कटगढ़ मुरादाबाद यूपी **इसके अलावाः** बी–4/33 गली नंबर 05 सूर्य मंदिर नियर तकसीला स्कूल कबीर नगर दिल्ली, ने **FIR No. 293/2018 U/s 324 IPC थानाः ज्योति नगर, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया हैं), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अरसद उर्फ राधे,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अरसद उर्फ राधे,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 293/2018 U/s 324 IPC थानाः ज्योति नगर, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **अरसद उर्फ राधे,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.12.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री राहुल सैनी
जेएमएफसी–08, कमरा संख्या जी–06
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/15554/NE/2025
(Court Matter)


## कांग्रेसी नेताओं ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की 108वीं जयंती

# त्याग व बलिदानों से भरा रहा पूर्व प्रधानमंत्री स्व: इंदिरा गांधी का जीवन : कौशिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

भारत रत्न व पूर्व प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी की 108 वीं जयंती जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय सेक्टर-9 स्थित कार्यालय पर मनाई गई। इस दौरान जिलाध्यक्ष बलजीत कौशिक सहित अन्य कांग्रेसजनों ने इंदिरा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।



इस मौके पर उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष बलजीत कौशिक ने कहा कि इंदिरा गांधी जी का पूरा जीवन देश के लिए त्याग व बलिदानों से भरा है। बचपन में ही सेना बनाकर उन्होंने देश के स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया व युवा अवस्था में कांग्रेस पार्टी में शामिल होकर अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष करते हुए देश की आजादी के लिए कई जेल यात्राएं भी की। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष व 17 वर्ष तक देश की प्रधानमंत्री रहकर उन्होंने देश की सेवा में अभूतपूर्व कार्य किए तथा वे रिकार्ड तोड़ 1966-77 व 1980-84 तक देश की प्रधानमंत्री बनी। गरीबी हटाओ का नारा देकर उन्होंने देश में गरीबी उखाड़ने के लिए काम किया। वहीं प्रिवीपर्स समाप्त करके बैंकों का राष्ट्रीयकरण व हरित क्रांति की शुरूआत करके उन्होंने देश की अर्थव्यवस्था व सामाजिक व्यवस्था में व्यापक बदलाव किए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष बलजीत कौशिक ने कहा कि 1971 में पाकिस्तान को युद्ध में हराकर ना केवल उन्होंने पाकिस्तान का बंटवारा करवाया अपितु बांग्लादेश का निर्माण भी करवाया।

वहीं पूरी दुनिया को भारत की ताकत व अपने दृढ़ नेतृत्व का लोहा भी मनवाया। 1974 में पोखरण में परमाणु विस्फोट करके उन्होंने भारत में तरक्की व ताकत का नया द्वार खोला। आतंकवाद के खिलाफ लड़ते हुए उन्होंने 31 अक्टूबर 1984 को देश के लिए अपनी शहादत दी। श्रीमती इंदिरा गांधी का पूरा जीवन चरित्र देश व दुनिया के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। विश्व की ऐसी महान महिला का भारतीय होना, सभी भारत वासियों के लिए गर्व की बात है। आज उनके दिखाये रास्ते पर चलने का संकल्प लेकर ही हम उन्हे सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते है। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज अग्रवाल, हरियाणा कांग्रेस विचार-विभाग के चेयरमैन विनोद कौशिक, डा. सौरभ शर्मा, चुन्नू राजपूत, सुरेश बेनीवाल, विकास फागना, रमेश कौशिक सरपंच, जवाहर ठाकुर, देवेन्द्र दीक्षित, राम मेहर गोयल, बलवीर सिंह, राजकुमार यादव, किशन दत्त शर्मा, मनीष बौद्ध व अजय कुमार सहित अनेकों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### योगगुरु बाबा रामदेव पहुंचे देवघर

**रांची।** प्रसिद्ध कथावाचक प्रदीप मिश्रा देवघर के कोठिया मैदान में शिव महापुराण कथा कह रहे है. 14



नवंबर से शुरू हुए कथा के छठे दिन योग गुरु बाबा रामदेव शामिल हुए. देवघर पहुचने पर रामदेव ने सबसे पहले भोलेनाथ के दरबार पहुँच बाबा बैद्यनाथ का पूजा अर्चना कर उनका आशीर्वाद लिया। मंच से बाबा रामदेव ने झारखंड सरकार और स्थानीय प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि इनके कहने पर ही देवघर में प्रदीप मिश्रा जी के कथा का आयोजन हो रहा है।

### 55 दिन बाद फिर जेल पहुंचे आजम खान

**लखनऊ।** 55 दिन खुली हवा में सांस लेने के बाद फिर से जेल पहुंचे समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ



नेता आजम खान और उनके पूर्व विधायक बेटे अब्दुल्ला आजम की पहली दो रातें रामपुर जिला जेल में शांति से गुजरी। जेल सूत्रों के मुताबिक, पूर्व मंत्री ने साधारण कैदियों वाला भोजन किया।

### यूपी में चल रही पुरवाई पारे में हल्की बढ़त दर्ज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बुधवार को पुरवाई चली और दिन व रात के पारे में हल्की बढ़त दर्ज की गई।



बीते कई दिनों से चल रही ठंडी पछुआ हवाओं के थमने के बाद प्रदेश के कई जिलों में रात में हो रही आंशिक शीतलहर से बुधवार को भी निजात रही। मौसम विभाग का कहना है कि पूर्वा हवाओं के असर से अगले तीन दिनों तक प्रदेश भर में दिन व रात के तापमान में हल्की बढ़त देखने को मिलेगी। पूर्वांचल और पश्चिमी यूपी में सुबह के वक्त हल्के कोहरे व धुंध की संभावना है। वहीं रात में ठंड बनी रहेगी और दिन में अच्छी धूप खिलेगी।

# अयोध्या राम मंदिर में ध्वजारोहण समारोह में 4 घंटे रहेंगे पीएम मोदी

### 25 नवंबर को अयोध्या में शिखर पर धर्म ध्वज की स्थापना होगी

एजेंसी ▶▶ अयोध्या


यूपी के अयोध्या में 25 नवंबर को होने वाले ऐतिहासिक कार्यक्रम को लेकर तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी तैयारी का जायजा लेने अयोध्या पहुंचे थे। 25 नवंबर को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राम मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वज की स्थापना कर देश और विदेश के राम भक्तों को राम मंदिर पूरा होने का संदेश देंगे। अयोध्या के राम मंदिर के शिखर पर ध्वज फहराने की तैयारी भी लगभग पूरी हो चुकी है। कई बार सेना के बड़े अधिकारियों ने इस पर रिहर्सल भी किया है. अब 25 नवंबर को दोपहर 11:55 से लेकर 12:10 के बीच शुभ मुहूर्त (अभिजीत मुहूर्त) पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शिखर पर धर्म ध्वज की स्थापना करेंगे. खास बात यह है कि बटन दबाने के 10 सेकंड के बाद ही ध्वज हवा में फहराने लगेगा। केसरिया रंग का खास ध्वज राम मंदिर में पहुंच भी गया है. जिस पर भगवान सूर्य , ॐ और कोबिदार वृक्ष अंकित है। यह सभी चिन्ह सूर्यवंश का प्रतीक माना जाता हैं। ध्वज फहराते ही मठ मंदिर के साथ संपूर्ण सनातनी के घरों में घंट घड़ियाल की ध्वनि भी सुनाई देगी। राम मंदिर के 161 फीट ऊंचे शिखर पर 42 फीट ऊंचा स्तंभ स्थापित किया गया है। इसी स्तंभ पर 22 फुट लंबी और 11 फुट चौड़ी केसरिया कलर की ध्वज की स्थापना की जाएगी। जो लगभग 4 किलोमीटर दूर से ही दिखेगा।

161 फीट ऊंचे शिखर पर 42 फीट ऊंचा स्तंभ स्थापित किया गया है

इस मौके पर 6000 विशिष्ट मेहमान भी सम्मिलित होंगे सभी चौक चौराहे पर एलईडी स्क्रीन लगाई जाएगी

### केसरिया रंग का ध्वज 360 डिग्री पर घूमेगा





इतना ही नहीं सूत्रों की मानी तो राम मंदिर में ऑटोमेटिक फ्लैग होस्टिंग सिस्टम भी लगाया गया है। इसके अलावा ध्वज बदलने के लिए भी इस सिस्टम की मदद ली जाएगी। हालांकि ट्रस्ट ने अभी इस बात की पुष्टि नहीं की है। लेकिन हवा के अधिक बहाव के साथ केसरिया कलर का ध्वज 360 डिग्री पर घूम भी सकेगा। अब इस पूरे कार्यक्रम में पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई विशिष्ट मेहमान सम्मिलित होंगे तो देशभर के लगभग 6 से 8000 मेहमानों को राम मंदिर ट्रस्ट ने निमंत्रण भी दिया है।

#### युद्ध स्तर पर चल रही है तैयारियां

इसके अलावा अयोध्या में सभी चौक चौराहे पर एलईडी स्क्रीन लगाई जाएगी। जहां इसका लाइव प्रसारण होगा तो देश दुनिया में बैठे राम भक्त दूरदर्शन के माध्यम से इस पूरे कार्यक्रम को अपने घरों में देख सकते हैं। ऐसी तैयारी राम मंदिर ट्रस्ट की तरफ से की जा रही है। राम मंदिर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देवगिरी ने बताया कि 25 नवंबर को होने वाले कार्यक्रम की तैयारी युद्ध स्तर पर चल रही है देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संघ प्रमुख मोहन भागवत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल इस दिन अयोध्या पहुंचेंगे और इस मौके पर 6000 विशिष्ट मेहमान भी सम्मिलित होंगे ध्वजारोहण कर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंदिर पूर्णता का संदेश देंगे।

### इस योजना से 9 लाख किसानों को सीधा लाभ मिलेगा

# यूपी के किसानों को योगी सरकार की बड़ी सौगात 95 नई सिंचाई परियोजनाओं को दी हरी झंडी

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

युपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य के कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। बुधवार को सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में उन्होंने 95 नई सिंचाई परियोजनाओं को हरी झंडी दे दी है, जिनकी कुल लागत 394.53 करोड़ से अधिक है। इन परियोजनाओं का प्राथमिक उद्देश्य प्रदेश की नहर व्यवस्था को मजबूत करना, किसानों को समय पर सिंचाई का पानी उपलब्ध कराना और जल प्रबंधन की दक्षता में सुधार लाना है।

इन कार्यों के पूरा होने पर लगभग 36 हजार हेक्टेयर कृषि भूमि की सिंचाई क्षमता पुनर्स्थापित होगी, जिससे सीधे तौर पर 9 लाख से अधिक किसान और ग्रामीण आबादी लाभान्वित होंगे। सीएम योगी ने अधिकारियों को गुणवत्ता और समय सीमा पर कोई समझौता न करने का कड़ा निर्देश दिया है, सुनिश्चित करते हुए कि ये परियोजनाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करेंगी।

**खास बातें**

- जल प्रबंधन की दक्षता में सुधार लाना
- सीएम ने अधिकारियों को गुणवत्ता और समय सीमा पर कोई समझौता न करने के निर्देश दिए



### 394.53 करोड़ की लागत से सुधरेगा सिंचाई नेटवर्क

सीएम योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के किसानों को बड़ी खुशखबरी दी है। सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की विस्तृत समीक्षा बैठक में नहर व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से उन्होंने 95 नई परियोजनाओं को मंजूरी दे दी। उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं प्रदेश के कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने और किसानों को समयबद्ध सिंचाई उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। कुल 39453.39 लाख (लगभग $394.53 करोड़) की लागत वाली इन परियोजनाओं के पूरा होने पर 36 हजार हेक्टेयर भूमि में सिंचाई क्षमता पुनर्स्थापित होगी। इससे लगभग 9 लाख किसान और ग्रामीण आबादी को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। साथ ही, 273 हेक्टेयर विभागीय राजकीय भूमि को संरक्षित किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि सभी स्वीकृत काम निर्धारित समय सीमा में पूरे किए जाएं और गुणवत्ता पर किसी भी स्थिति में समझौता न किया जाए।

#### क्या-क्या शामिल है इन परियोजनाओं में?

योगी कैबिनेट बैठक में बताया गया कि नहर पुनर्स्थापना से जुड़ी इन 95 परियोजनाओं में नहर प्रणाली के गैप्स में नहर निर्माण, हेड रेगुलेटर, क्रॉस रेगुलेटर, साइफन, फॉल और अन्य पक्की संरचनाओं का निर्माण शामिल है।

**नहरों का सुधार:** नहरों के आंतरिक और बाह्य सेक्शन के सुधार, फिलिंग रीच में लाइनिंग के कार्य, और क्षतिग्रस्त कुलाबों के पुनर्निर्माण।

**आधारभूत संरचना:** नहरों पर पुल-पुलियों के निर्माण और मरम्मत तथा नहर पटरियों पर खड़ंजा निर्माण को भी शामिल किया गया है।

**विभागीय संपदा:** निरीक्षण भवनों, कार्यालय भवनों और नहरों पर निर्मित पनचक्कियों के जीर्णोद्धार के साथ ही विभागीय भूमि की सुरक्षा हेतु बाउंड्रीवाल निर्माण भी प्रस्तावित है।

इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन से सिंचाई नेटवर्क की क्षमता बढ़ेगी और पूर्वांचल, तराई, बुंदेलखंड और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों को बड़ा लाभ मिलेगा।

### प्रदेश के सभी मदरसों को निर्देश दिया

# मदरसों के लिए योगी की बड़ी चेतावनी एटीएस को देनी होगी हर एक जानकारी

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

दिल्ली में हुए हालिया ब्लास्ट के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए बड़ा निर्णय लिया है। योगी सरकार ने अब प्रदेश के सभी मदरसों को निर्देश दिया है कि वे अपने शिक्षकों, मौलानाओं और छात्रों पूरी जानकारी एटीएस को उपलब्ध कराएं।

यह जानकारी मोबाइल नंबर और पहचान पत्रों से लेकर स्थायी पते तक शामिल होगी। सरकार का मानना है कि यह कदम प्रदेश में किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर शुरुआती स्तर पर रोक लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

#### सरकार का निर्देश और एटीएस की भूमिका बढ़ी

नए दिशा-निर्देशों के तहत राज्य के सभी मान्यता प्राप्त और गैर-मान्यता प्राप्त मदरसों को अब अपने संस्थानों में पढ़ाने वाले मौलानाओं और अन्य शिक्षकों का विस्तृत विवरण एटीएस को देना होगा। इसमें मोबाइल नंबर, आधार कार्ड, स्थायी पता और पहचान संबंधी सभी दस्तावेज शामिल होंगे। इसके साथ ही छात्रों के नाम, उम्र और कॉन्टेक्ट डीटेल भी अनिवार्य रूप से जमा कराने होंगे। यह प्रक्रिया केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि सुरक्षा एजेंसियों के लिए एक महत्वपूर्ण बैकग्राउंड वेरिफिकेशन मॉडल साबित होगी।

### दिल्ली ब्लास्ट के बाद बढ़ी जांच की रफ्तार

दिल्ली में हुए धमाके ने राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट मोड पर ला दिया है। इसी कारण यूपी एटीएस ने मदरसों से डेटा इकट्ठा करने की प्रक्रिया तेज कर दी है। केंद्रीय एजेंसियों के निर्देश के बाद धार्मिक व शैक्षणिक संस्थानों में आने-जाने वालों की पहचान का मिलान अब और सख्ती से किया जा रहा है. सुरक्षा अधिकारियों का कहना है कि यह कदम किसी संस्था को निशाना बनाने के लिए नहीं, बल्कि समग्र सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की रणनीति का हिस्सा है।

#### बढ़ती आवाजाही पर खुफिया एजेंसियों की नजर

सूत्रों के अनुसार, पिछले कुछ महीनों में कुछ मदरसों में बाहरी राज्यों के युवाओं की बढ़ती आवाजाही के बाद खूफिया एजेंसियां सतर्क हो गई थीं. इसी के बाद एटीएस को व्यापक बैकग्राउंड जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई। सुनिश्चित करना चाहती हैं कि किसी भी संस्था में ऐसा कोई व्यक्ति न हो जिसकी जानकारी अपूर्ण हो या जिसकी गतिविधियां संदिग्ध दिखें। नए प्रोटोकॉल के लागू होने से सुरक्षा तंत्र को महत्वपूर्ण डेटा उपलब्ध होगा।

## पेज एक का शेष....

### पुनर्योजी खेती की ...

संगठनों और ग्रामीण उद्यमियों के लिए बाजार संपर्क बनाने पर भी ध्यान केंद्रित किया जाएगा, साथ ही जैविक आदानों, कृषि प्रसंस्करण, पर्यावरण अनुकूल पैकेजिंग और स्वदेशी प्रौद्योगिकियों में नवाचारों का प्रदर्शन भी किया जाएगा। इसमें तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल, तेलंगाना, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश के 50,000 से अधिक किसान, प्राकृतिक कृषि व्यवसायी, वैज्ञानिक, जैविक इनपुट आपूर्तिकर्ता, विक्रेता और हितधारक भाग लेंगे।

### स्मारक सिक्का और....

मानवसेवा ही माधव सेवा है। श्री सत्य साई बाबा का यह जन्मशताब्दी वर्ष हमारी पीढ़ी के लिए सिर्फ एक उत्सव नहीं, बल्कि एक दिव्य वरदान है। आज भले ही वें हमारे बीच दैहिक स्वरूप में नहीं हैं, लेकिन उनकी शिक्षा, उनका प्रेम, उनकी सेवा भावना आज भी करोड़ों लोगों का मार्गदर्शन कर रही हैं। श्री सत्य साईं बाबा का संदेश केवल पुस्तकों, प्रवचनों और आश्रमों की सीमाओं में नहीं रहा है। उनकी शिक्षा का प्रभाव लोगों के बीच दिखता है। मानवसेवा ही माधव सेवा है, ये बाबा के अनुयायियों के सबसे बड़ा आदर्श है।

### चुनाव नतीजे अनुकूल...

उन्होंने नियमों को निडरता और निष्पक्षता से लागू किया। अब समय है कि देश की नागरिक समाज चुनाव आयोग के साथ दृढ़ता से खड़ा हो।"

### मतदाता सूची की शुचिता...

सम्मान करें, आरोपों की राजनीति छोड़कर नीति-आधारित राजनीति करें और जनता के फैसले को शालीनता से स्वीकार करें।"

### गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई ....

बिश्नोई को हिरासत में लेकर उसे पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया है।

**5 फरवरी को रवाना हुआ पहला विमानः** अमेरिका से अवैध प्रवासियों को लेकर पहला विमान 5 फरवरी और दूसरा विमान 15 फरवरी 2025 को पंजाब के अमृतसर हवाईअड्डे पर लैंड हुआ था। भारत पहुंचे लोगों में पंजाब के 620, हरियाणा के 604, गुजरात के 245 और उत्तर-प्रदेश के 38 लोग शामिल हैं।

**भारत को भी मंजूर नहीं अवैध प्रवासीः** अवैध प्रवासियों के मामले में अमेरिका की तरह ही भारत ने भी कड़ा रुख अख्तियार किया हुआ है। विदेश मंत्रालय इसे लेकर यह स्पष्ट कर चुका है कि वह अवैध ढंग से या जाली दस्तावेजों की मदद से दुनिया के किसी भी देश में भारतीयों के प्रवेश के सख्त खिलाफ है। ऐसे मामलों में पकड़े जाने के बाद व्यक्ति विशेष से लेकर पूरे देश की छवि वैश्विक स्तर पर धूमिल हो जाती है।इस संबंध में अगर किसी व्यक्ति को पकड़े जाने के बाद वापस स्वदेश भेजा जाता है। तो उस स्थिति में मंत्रालय उसके पहचान से जुड़े हुए सभी दस्तावेजों की व्यापक रूप से जांच-पड़ताल कर संतुष्ट होने के बाद ही उसे बतौर देश के नागरिक के रूप में स्वीकार करेगा। मामले पर दोनों देश एकजुटता से काम कर रहे हैं। भारत, अमेरिका को पूरी तरह से अपना सहयोग प्रदान कर रहा है।

### 2022 में देश....

देश छोड़कर भागा था। अमेरिका में गिरफ्तारी से पहले तक उसका अमेरिका और कनाडा के बीच आना जाना लगा हुआ था और इस दौरान वो विदेशी धरती से ही अपने गैंग की तमाम गतिविधियों का संचालन भी कर रहा था।

### 2 हजार से अधिक ....

2020 से 2024 तक अमेरिका से निर्वासित किए गए भारतीयों की कुल संख्या 5 हजार 541 रही है। वर्तमान वर्ष में जनवरी से लेकर जुलाई तक 1 हजार 703 भारतीय नागरिकों की देश वापसी हुई है। जिनमें 1 हजार 562 पुरुष और 141 महिलाएं शामिल हैं।

### नीतीश आज लेंगे...

जताया है। आज बृहस्पतिवार को 10वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री की शपथ लेने नीतीश कुमार पटना के गांधी मैदान पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में शपथ ग्रहण समारोह होगा। कल 11:30 बजे के आसपास शपथ ग्रहण समारोह शुरू होगा। मुख्यमंत्री दोपहर लगभग 12:00 बजे शपथ लेंगे। पटना में विधानसभा के सेंट्रल हॉल में बुधवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की बैठक हुई। इसमें भारतीय जनता पार्टी, जनता दल यूनाईटेड, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा, लोक जनशक्ति पार्टी के सभी नव निर्वाचित विधायक और नीतीश कुमार, चिराग पासवान, संतोष सुमन, उपेंद्र कुशवाहा, सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा मौजूद रहे। भारतीय जनता पार्टी विधायक दल के नेता चुने गए सम्राट चौधरी ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के विधायक दल की बैठक में मुख्यमंत्री पद के लिए नीतीश कुमार के नाम का प्रस्ताव रखा। सर्वसम्मति से नीतीश कुमार को नेता चुन लिया गया। उधर, बिहार बीजेपी अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने सरकार गठन की प्रक्रिया पर जानकारी देते हुए कहा कि कैबिनेट का गठन मुख्यमंत्री तय करेंगे। एनडीए की इस एकजुटता की पुष्टि करते हुए एलजेपी (आरवी) प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि बिहार की जनता ने एनडीए उम्मीदवारों, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचार, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अनुभव और 'बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट' पर भरोसा जताते हुए भारी जनादेश दिया है। अब हमारी जिम्मेदारी है कि हम इस भरोसे पर खरे उतरें। शपथ ग्रहण के बाद हम अपने संकल्प पत्र के वादों को एक-एक करके पूरा करने का प्रयास शुरू करेंगे। एनडीए के विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद सीएम नीतीश कुमार राजभवन पहुंचे। वहां राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को उन्होंने अपना इस्तीफा सौंपा। कुछ देर तक दोनों नेताओं ने बातचीत हुई। इसके बाद नीतीश कुमार राजभवन से निकल गए।

### मिशेल बैचलेट को...

खड़गे, पुरस्कार जूरी प्रमुख शिवशंकर मेनन सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों को संबोधित करते हुए कहा कि 1985 में स्थापित यह पुरस्कार "हमारे समय की सबसे विलक्षण महिला नेताओं में से एक इंदिरा गांधी" की स्मृति और उनके असाधारण योगदान को सम्मानित करता है। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी ने गरीबी, वंचना, संघर्ष और असमानता के खिलाफ अपनी नीतियों और कार्यों से भारत की दिशा बदली। सोनिया गांधी ने उनका एक प्रसिद्ध उद्धरण भी दोहराया,"शांति इसलिए चाहिए क्योंकि हमें एक और युद्ध लड़ना है—गरीबी, बीमारी और अज्ञानता के खिलाफ।" सोनिया गांधी ने कहा कि मिशेल बैचेलेट का जीवन स्वयं एक संघर्ष यात्रा है, जो दमन, प्रताड़ना और निर्वासन से गुजरकर भी लोकतंत्र, मानवाधिकार और समानता की वैश्विक प्रतीक बनीं। उन्होंने बताया कि कैसे बैचेलेट में बतौर एक चिकित्सक स्वास्थ्य मंत्रालय में काम किया, फिर लैटिन अमेरिका की पहली महिला रक्षा मंत्री बनीं और दो बार चिली की राष्ट्रपति चुनी गईं। इसके बाद संयुक्त राष्ट्र में यूएन वूमेन की पहली प्रमुख और बाद में यूएन मानवाधिकार उच्चायुक्त बनकर उन्होंने वैश्विक स्तर पर महिलाओं और वंचितों के अधिकारों की आवाज़ बुलंद की। सोनिया गांधी ने बैचेलेट के उस संदेश को रेखांकित किया जिसमें वह कहती हैं—"हम अब आधी आबादी की क्षमता को अनदेखा करने का जोखिम नहीं उठा सकते। भोजन सुरक्षा, अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य या शांति—हर मुद्दे पर महिलाओं की भागीदारी पहले से कहीं अधिक आवश्यक है।" सोनिया गांधी ने याद दिलाया कि राष्ट्रपति के रूप में मिशेल बैचेलेट ने प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाई, यौन हिंसा पीड़ितों के लिए संवेदनशील नीतियां बनाईं, सेना और पुलिस में महिलाओं की स्थिति सुधारी, टैक्स सुधारों के ज़रिए पेंशन और सामाजिक सुरक्षा को अधिक समावेशी बनाया और राजनीति में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए क्वोटा प्रणाली लागू की। सोनिया गांधी ने कहा कि यह पुरस्कार बैचेलेट जैसे नेतृत्व को समर्पित करना सम्मान की बात है, क्योंकि वे "इंदिरा गांधी के जीवन, विचार और कार्य के सार को साकार करती हैं।"

### इस तरह रजिस्टर ....

27 फरवरी 2025 को डिजाइन रजिस्टर कराया था। जिसे पिछले महीने 7 अक्टूबर को पेटेंट कार्यालय के आधिकारिक जर्नल में प्रकाशित किया गया है। जिसके बाद डिजाइन और कैमोफ्लेज पैटर्न पर भारतीय सेना का शत-प्रतिशत अधिकार हो गया है और वो इस संबंध में अनाधिकृत एजेंसियों द्वारा की जाने वाली किसी भी अवैध मैन्युफैक्चरिंग, पुर्नउत्पादन और वाणिज्यिक प्रयोग के खिलाफ कानूनी कार्यवाही कर सकेगी। आईपीआर के उल्लंघन को लेकर डिजाइन एक्ट 2000, डिजाइन नियम 2001 और पेटेंट कानून 1970 के तहत कानूनी कार्यवाही का सामना करना पड़ेगा।

# रेल डाक सेवा ऑफिस में लगी भीषण आग, लाखों का सामान जलकर राख

### किऊल जंक्शन पर बड़ा हादसा

एजेंसी ▶▶ लखीसराय

लखीसराय जिले के किऊल जंक्शन स्थित रेल डाक सेवा (आरएमएस) ऑफिस में अचानक भीषण आग लग गई। इस आगजनी की घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और आरएमएस कार्यालय में रखे गए कई महत्वपूर्ण सामान और दस्तावेज धू-धू कर जलने लगे।

आग की लपटें इतनी भयानक थीं कि उन्हें दूर से देखा जा सकता था। आग लगने की खबर मिलते ही किऊल जंक्शन के रेलकर्मी और अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे। लेकिन आग इतनी तेजी से फैल चुकी थी कि उस पर काबू पाना मुश्किल हो गया। आग बुझाने के शुरुआती प्रयासों में रेलकर्मियों और अधिकारियों के पसीने छूट गए, क्योंकि वे सीमित संसाधनों से आग को नियंत्रित करने की कोशिश कर रहे थे।



#### दमकल को दी सूचना

रेलवे कर्मचारियों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि, आग बुझने तक आरएमएस कार्यालय को भारी क्षति पहुँच चुकी थी और वहाँ रखा डाक, पैकेज और दफ़्तरी सामान बड़े पैमाने पर जलकर राख हो गया। अनुमान लगाया जा रहा है कि इस घटना में लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। फिलहाल, आरएमएस ऑफिस में आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। आशंका जताई जा रही है कि आग शॉर्ट सर्किट या किसी अन्य तकनीकी खराबी के कारण लगी होगी। रेलवे प्रशासन ने इस घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं। रेलवे अधिकारी और स्थानीय पुलिस इस बात की गहनता से जाँच कर रहे हैं कि आग लगने के पीछे वास्तविक कारण क्या था और कहीं यह कोई शरारत या साजिश तो नहीं है।

# 'कांग्रेस की हार के बाद भी हेकड़ी नहीं जाती', गिरिराज सिंह विरोधियों पर गरजे

एजेंसी ▶▶ पटना

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बिहार में एनडीए की ऐतिहासिक जीत पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि देश में



20 साल बाद भी नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार के नेतृत्व को जनता का अपार समर्थन मिला है, क्योंकि लोगों ने जात-पात को नकार दिया है। उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि छह राज्यों के छह चुनावों में भी उसे उतने विधायक नहीं मिले जितने अकेले बिहार में बीजेपी को मिले हैं, फिर भी कांग्रेस की हेकड़ी और अकड़न नहीं जा रही है, और उसने देश को गाली देना बंद नहीं किया है। गिरिराज सिंह ने लालू प्रसाद यादव की आरजेडी को प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बताते हुए कहा कि वह एनपीए (नॉन-परफॉर्मिंग एसेट) हो गई है। उन्होंने महागठबंधन के वोट चोरी के आरोपों को जाना हुआ राग बताया और कहा कि विपक्ष को अपनी हेकड़ी छोड़कर जनता से माफी मांगनी चाहिए।

# रात के अंधेरे में दो दिल मिल रहे थे चुपके- चुपके!

### नजर पड़ते ही प्रेमिका के परिजनों ने प्रेमी को उतारा मौत के घाट

एजेंसी ▶▶ नालंदा

जिले के खुदागंज थाना क्षेत्र के बरदाहा गांव में 17 नवंबर की सुबह खेत में एक युवक की लाश मिली तो पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान 22 वर्षीय ईशु कुमार के रूप में हुई। शुरुआत में पुलिस के सामने यह तय करना मुश्किल था कि यह हत्या है या हादसा, लेकिन शव पर मिले गहरे चोट के निशानों ने शक की दिशा बदल दी। इसके बाद जो कहानी सामने आई, उसने सभी को चौंका दिया पूरी वारदात के पीछे प्रेम प्रसंग का खौफनाक मोड़ था। डीएसपी कुमार ऋषिराज ने बताया कि जांच में खुलासा हुआ कि बीते रविवार की रात ईशु अपनी प्रेमिका से मिलने खेत पहुंचा था। दोनों के बीच लंबे समय से संबंध थे और उस रात भी वे खेत में मिल रहे थे। इसी दौरान लड़की के घरवालों को उनके रिश्ते की भनक लग गई।

गुस्से में भरे प्रेमिका के पिता पंजाबी मांझी, भाई अजीत मांझी और दो चचेरे भाई सूरज कुमार




और नीतीश कुमार मौके पर जा पहुंचे। वहां उन्होंने ईशु की बेरहमी से पिटाई कर दी। मारपीट इतनी भयंकर थी कि ईशु को अंदरूनी गंभीर चोटें आईं और वहीं उसकी मौत हो गई। घबराए हुए चारों आरोपी शव को खेत में छोड़कर रातों-रात फरार हो गए।

खेत में शव मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की, लेकिन प्रारंभिक स्तर पर कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लग रहा था। तभी पुलिस ने ईशु के मोबाइल को खंगाला। उसमें एक नंबर लगातार सामने आ रहा था। इसी नंबर पर ईशु की सबसे लंबी बातचीत होती थी। वारदात वाली रात भी आखिरी कॉल इसी नंबर पर की गई थी। इस सुराग के आधार पर पुलिस सीधे ईशु की प्रेमिका तक पहुंची। पूछताछ में लड़की ने पूरी घटना की सच्चाई बयां कर दी। बयान के बाद पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सबने अपना जुर्म भी स्वीकार कर लिया है। ईशु की बहन पुतुल कुमारी ने बताया कि, "शनिवार को गाड़ी चलाकर घर आया था। गया में रहकर ड्राइविंग का काम करता था। रविवार को दोस्तों के साथ पार्टी की थी। शाम से ही उसका फोन बंद था। सोमवार सुबह खेत में उसका शव मिला।

पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि ईशु की शादी 2 साल पहले हुई थी, परंतु दांपत्य संबंध ठीक नहीं थे। घरेलू विवाद बढ़ते-बढ़ते एक साल पहले उसकी पत्नी ससुराल छोड़ मायके चली गई। तब से ईशु अकेले रहता था और इसी दौरान उसका प्रेम संबंध दूसरी लड़की से गहरा हो गया था। पुलिस ने चारों आरोपियों को न्यायायिक हिरासत में भेज दिया गया है ।

**डॉक्टर्स सजेशन**



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## जब सर्दी के मौसम में बढ़ जाए जोड़ों का दर्द



**मेरी उम्र 58 वर्ष है। सर्दियों में मेरे जोड़ों में दर्द बढ़ जाता है। कृपया कोई ऐसा उपाय बताएं ताकि इस मुश्किल का सामना न करना पड़े।**

**-कौशल किशोर, रोहतक**

सर्दी के मौसम में जोड़ों में दर्द की समस्या बढ़ जाती है। खासकर अधिक उम्र के लोगों को यह दिक्कत ज्यादा होती है। इससे बचने का तरीका यही है कि सर्दी में एक्सपोजर कम से कम करें। अगर निकलना ही पड़े तो पूरी तरह से वूलेन कपड़े पहनकर निकलें। साथ ही खान-पान का विशेष ध्यान रखें और ठंडी या फ्रिज में रखी चीजें खाने से परहेज करें।

**मेरी उम्र 26 वर्ष है। सर्दी में डेंड्रफ की समस्या बढ़ जाती है। मुझे इससे बचने के लिए क्या करना चाहिए?**

**-रोहन, बिलासपुर**

सर्दी के मौसम में यह समस्या गर्म पानी से नहाने की वजह से ज्यादा होती है। इससे बचने के लिए आप अधिक गर्म पानी से ना नहाएं। पानी को नॉर्मल कर लें। साथ ही नियमित रूप से बालों को धुलें, ज्यादा दिक्कत हो रही हो तो जरूर आपको एक बार त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लेना चाहिए।

**मेरी उम्र 45 वर्ष है। अकसर जब मैं सुबह सोकर उठता हूं तो गले के पिछले पार्ट में अकड़न लगती है। कुछ देर में ठीक भी हो जाता है। कृपया बताएं ऐसा क्यों होता है?**

**-राजीव, रायपुर**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लगता है कि आपको सर्वाइकल की दिक्कत है लेकिन बगैर जांच कराए कुछ भी कहना ठीक नहीं है। ऐसे में आपको ऑर्थोपेडिक डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। वह एक्स-रे कराकर इसका कारण पता लगाएंगे और ट्रीटमेंट होगा। फिलहाल आप सर्दी से बचें और रात में सोते समय गले के उस पार्ट को प्रॉपर ढंक कर रखें।

**मेरी उम्र 61 वर्ष है। करीब एक साल से मुझे डाइजेशन की प्रॉब्लम है। भूख नहीं लगती है। कृपया मेरी इस समस्या का कोई कारगर समाधान बताएं।**

**-सुबीर, राजनांदगांव**

उम्र बढ़ने के साथ डाइजेशन सिस्टम स्लो हो जाता है। इसलिए आपको खान-पान में विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। ज्यादा तला-भुना खाना नहीं खाना चाहिए। इसके अलावा दोपहर के खाने में सलाद और दही जरूर शामिल करना चाहिए। रात का डिनर बिल्कुल ही हल्का होना चाहिए। सोने से तीन घंटे पहले डिनर हो जाना चाहिए। इस तरह चेंज करने से आपको आराम मिलेगा।

**मेरी उम्र 37 वर्ष है। कुछ दिनों के अंतराल पर मेरे सिर के अगले, पिछले या बीच के हिस्से में रह-रहकर दर्द होता रहता है। कई बार यह बहुत असहनीय हो जाता है, कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**

**-सुकेश, भोपाल**

सिर में दर्द कई कारणों से होता है। कई बार गैस की वजह से काफी तेज दर्द होता है तो कई बार इसकी वजह माइग्रेन भी होता है। दर्द कब हो रहा है, कैसे हो रहा है, इस बारे में आपको डिटेल्स बतानी पड़ेगी। बेहतर होगा कि आप एक बार न्यूरोलॉजिस्ट से संपर्क कर लें। वह पूरी हिस्ट्री समझकर ट्रीटमेंट करेंगे।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। कुछ दिनों से मेरे पेट में दाईं तरफ मीठा-मीठा दर्द बना रहता है। मुझे क्या करना चाहिए?**

**-राजेश, दुर्ग**

आपने यह नहीं बताया कि यह दर्द कितने समय से हो रहा है? कई बार इसकी वजह संक्रमण हो सकता है तो कई बार अन्य कारणों से भी हो सकता है, लेकिन जांच कराए बिना कुछ भी कहना मुश्किल है। आपको एक बार डॉक्टर से संपर्क कर लेना चाहिए। आप बगैर डॉक्टर से संपर्क किए कोई भी मेडिसिन ना लें। बाहर का खाना बिल्कुल न खाएं।*

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

**अवेयरनेस**

अंशु सिंह

विटामिन-डी, कैल्शियम अवशोषण, प्रतिरक्षा प्रणाली के कार्य और समग्र स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे में अगर इसकी कमी का निदान नहीं हो पाता है, तो उससे डिप्रेशन, एंग्जायटी जैसी मानसिक समस्याओं का खतरा भी बढ़ जाता है। यहां आपको विस्तार से बता रहे हैं विटामिन-डी की महत्ता, इसके प्रमुख स्रोत, इसकी कमी के लक्षण और कमी दूर करने के उपायों के बारे में।

# फिजिकल-मेंटल हेल्थ के लिए बहुत जरूरी है विटामिन-डी

आपको शायद पता नहीं होगा कि अपने देश के बड़े वर्ग के लोगों में एक चिंताजनक स्वास्थ्य संकट बढ़ रहा है। वह है विटामिन-डी की कमी। कुछ अध्ययनों के अनुसार प्रचुर मात्रा में धूप होने के बावजूद 70 प्रतिशत से अधिक भारतीयों में इस आवश्यक पोषक तत्व की कमी है।

अकसर कई लोगों की उदासी, गुस्सा, चिड़चिड़ाहट की वजह किसी ना किसी प्रकार की चिंता या भय होता है। यही भय उन्हें अवसाद की दहलीज पर भी ले जाता है। रातों की नींद और चैन उड़ जाते हैं। कारण तलाशने पर कुछ भी हाथ नहीं लगता। मुमकिन है कि कुछ ऐसा हो रहा हो, जो बेवजह की उदासी और भय पैदा कर रहा हो। आपको लग रहा हो कि आप डिप्रेशन के शिकार हैं। कुछ लोग तो एंटी डिप्रेशन मेडिसिन लेना शुरू कर देते हैं, जबकि असली वजह शरीर में विटामिन डी की कमी हो सकती है।

डॉक्टर्स बताते हैं कि विटामिन हमारे शरीर के लिए बेहद जरूरी होते हैं। अब चाहे वो विटामिन-ए हो, विटामिन-बी, सी या विटामिन-डी। विटामिन-डी की कमी गंभीर मानसिक तनाव दे सकती है और हमें इसका पता भी नहीं चल पाता है।

### मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव

हाल के वर्षों में विभिन्न अध्ययनों के जरिए मानसिक स्वास्थ्य में विटामिन-डी की भूमिका का समर्थन करने वाले प्रमाण पाए गए हैं। विटामिन-डी की कमी, खासकर अवसाद और चिंता के लक्षणों को बढ़ा सकती है। कई शोधकर्ता इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि शरीर में विटामिन-डी की कमी से न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर होने की संभावना भी बढ़ जाती है। इतना ही नहीं, भूलने की बीमारी, दुविधा, थकान, मनोदशा में बदलाव, भूख न लगना, दर्द के प्रति संवेदनशीलता में वृद्धि, एकाग्रता की कमी, डर का



बढ़ना, अत्यधिक निराशा या उदासी की भावना, वजन कम होना या बढ़ना, चिंता आदि समस्याएं भी हो सकती हैं। कई अन्य अध्ययनों में अल्जाइमर रोग से पीड़ित लोगों के साथ-साथ संज्ञानात्मक हानि वाले स्वस्थ वयस्कों में विटामिन-डी के स्तर में कमी की बात सामने आई है, जो विटामिन-डी और संज्ञानात्मक कार्य के बीच संबंध का संकेत देती है।

### भारत में चिंताजनक है स्थिति

मेडिकल जर्नल नेचर में प्रकाशित एक शोध के अनुसार अफगानिस्तान, ट्यूनीशिया जैसे देशों की लगभग 20 प्रतिशत से भी अधिक आबादी विटामिन-डी की कमी से ग्रसित है। अमेरिका, कनाडा और यूरोप के लोग भी विटामिन-डी की कमी से जूझ रहे हैं। इन देशों में यह आंकड़ा क्रमशः 5.9 फीसदी, 7.4 फीसदी और 13 फीसदी के आस-पास है। एक अध्ययन के मुताबिक, भारत की करीब 70



फीसदी शहरी आबादी विटामिन-डी की कमी से जूझ रही है। जबकि देश में प्रचुर मात्रा में सूर्य की रोशनी उपलब्ध है। इसके बावजूद, लगभग 10 में से 9 व्यक्तियों में इस आवश्यक पोषक तत्व की कमी पाई जाती है।

### विटामिन डी की कमी के कारण

लोगों में विटामिन डी की कमी के लिए कई कारक जिम्मेदार हैं। जैसे, शहरीकरण एवं प्रदूषण की वजह से लोगों का ज्यादा समय घर के अंदर रहना, धूप में कम समय बिताना आदि। सूर्य के प्रकाश के संपर्क में न आने की वजह से इसकी कमी, शरीर की विटामिन-डी के संश्लेषण की क्षमता को काफी कम कर देती है। शहरी क्षेत्रों में वायु प्रदूषण का उच्च स्तर एक अवरोधक के रूप में कार्य करता है, जो विटामिन-डी के संश्लेषण के लिए आवश्यक पराबैंगनी-बी (यूवीबी) किरणों को अवरुद्ध करता है। दिल्ली, मुंबई और कोलकाता जैसे घनी आबादी वाले शहरों में विशेष रूप से यह समस्या गंभीर है। इसके अलावा, भारतीय आहार, खासकर शाकाहारी आहार में प्रायः विटामिन-डी से भरपूर खाद्य पदार्थों की कमी होती है, जो वसायुक्त मछली, अंडे की जर्दी और फोर्टिफाइड डेयरी उत्पादों में पाया जाता है।

### क्यों जरूरी है विटामिन-डी

दिल्ली एनसीआर (गुरुग्राम) के वरिष्ठ एंडोक्राइनोलॉजिस्ट **डॉ. धीरज कपूर** का कहना है कि 'सनशाइन विटामिन' के रूप में जाने जाने वाला विटामिन-डी, वसा में घुलनशील विटामिन होता है, जो मुख्य रूप से सूर्य के प्रकाश के संपर्क में आने पर त्वचा में संश्लेषित होता है। यह कई शारीरिक कार्यों को पूरा करने जैसे दांतों, मांसपेशियों और हड्डियों को मजबूत बनाने के अलावा मानसिक सेहत से लेकर हृदयाघात, मधुमेह और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से हमें बचाने में सक्षम है। यह कैल्शियम और फास्फोरस के अवशोषण को सुगम बनाता है। इसकी कमी से ऑस्टियोपोरोसिस, संक्रमणों के प्रति संवेदनशीलता में वृद्धि और मांसपेशियों की कमजोरी सहित कई स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। साथ ही, ये मनोदशा के नियमन को प्रभावित करती है। इसकी कमी अवसाद और चिंता से जुड़ी हो सकती है।

### कैसे काम करता है

हमारे शरीर की मांसपेशियों, हृदय, मस्तिष्क और प्रतिरक्षा प्रणाली में विटामिन-डी रिसेप्टर्स होते हैं। शरीर इस विटामिन को गुर्दे और यकृत तक पहुंचाता है, जहां यह एक सक्रिय हार्मोन में परिवर्तित हो जाता है। इस रूप में यह शरीर को कैल्शियम के अवशोषण में सहायता करता है। आपका शरीर सूर्य के प्रकाश के संपर्क में आने से विटामिन-डी प्राप्त करता है। कुछ खाद्य पदार्थ और सप्लीमेंट्स भी विटामिन-डी के स्रोत हो सकते हैं। सांवले रंग के लोगों के शरीर में मेलेनिन का स्तर अधिक होता है। यह एक ऐसा पदार्थ है, जो मनुष्यों और पशुओं में आंखों, त्वचा और बालों को काला कर देता है। यह रंजकता त्वचा को विटामिन-डी को ठीक से अवशोषित करने से रोकती है।

### ऐसे दूर करें विटामिन-डी की कमी

आमतौर पर लोगों का औसतन 90 फीसदी समय घर या दफ्तर के अंदर बीतता है। घर के अंदर बिताए गए समय में वृद्धि के अलावा, ऐसे कपड़े पहनना, जो



त्वचा की अधिकांश सतह को कवर करते हैं या फिर सनस्क्रीन का उपयोग, विटामिन-डी की कमी में योगदान करते हैं। हां, बिना सनस्क्रीन के ज्यादा देर तक धूप में रहने से सावधान रहें, क्योंकि ओजोन परत के पतले होने से सूरज की हानिकारक अल्ट्रावायलेट किरणें आसानी से धरती पर पहुंचती हैं और त्वचा कैंसर के खतरे को बढ़ाती हैं। इसलिए विटामिन-डी की कमी से बचने का सबसे अच्छा तरीका है अपने आहार में मछली, मांस, अंडे की जर्दी, फोर्टिफाइड डेयरी उत्पाद और मशरूम को शामिल करें। साथ ही पर्याप्त धूप लें, जो विटामिन-डी का सबसे प्रमुख स्रोत है।*

### लीवर की समस्या से भी हो सकती है कमी



वैद्य डॉ. अमृता शर्मा

**आज की** जीवनशैली में जहां सूर्य का प्रकाश हानिकारक माना जा रहा है। लोग अपनी त्वचा को धूप से बचाने के लिए शरीर को ढंकते हैं। फैशन उद्योग द्वारा सनस्क्रीन लोशन का प्रचार, वातानुकूलित कमरों में रहना, त्वचा से चिपके कपड़े, उचित आहार और दिनचर्या का अभाव विटामिन-डी की कमी के कारण हैं। कभी-कभी सूर्य के प्रकाश के पर्याप्त संपर्क में आने के बाद भी विटामिन-डी की कमी देखी जाती है। यह लीवर की समस्या के कारण हो सकता है, क्योंकि लीवर विटामिन-डी का उत्पादन करने के लिए सूर्य के प्रकाश का उपयोग करता है। अगर लीवर ठीक से काम नहीं कर रहा है, तो यह विटामिन-डी की कमी का कारण बनता है। विटामिन-डी एक वसा में घुलनशील विटामिन है, इसलिए इस विटामिन के कैप्सूल लेने के बाद भी यदि लीवर ठीक से काम नहीं करता है, तो शरीर के लिए इस विटामिन का उपयोग करना मुश्किल होगा और लाभ के बजाय यह विटामिन कैप्सूल शरीर को नुकसान पहुंचाता है। इसलिए व्यक्ति को सुबह की धूप में सैर करना चाहिए, ढीले कपड़े पहनकर व्यायाम करना चाहिए।

**मेडिटेक्नीक**

## आईवीएफ की सक्सेस रेट बढ़ा सकता है एआई



अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल आईवीएफ मेडिकल प्रोसीजर में भी किया जा रहा है। एआई, एंब्रयो के पैटर्न को देखकर यह बता सकता है कि उसको किस क्रम में ट्रांसफर करना चाहिए या कौन-सा भ्रूण सबसे बेहतर रहेगा? इस बारे में डिटेल में बता रही हैं, नोवा आईवीएफ फर्टिलिटी सेंटर, गुरुग्राम की फर्टिलिटी स्पेशलिस्ट **डॉ. रश्मि अग्रवाल।**

आईवीएफ ने दुनिया भर में लाखों दंपतियों को माता-पिता बनने का सपना पूरा करने में मदद की है। अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई इस क्षेत्र में भी बड़ा बदलाव ला रहा है। एआई डेटा, तस्वीरें और विशेष कंप्यूटर एल्गोरिदम की मदद से ऐसे पैटर्न पहचानता है, जिन्हें आमतौर पर इंसान नहीं देख पाता। इससे डॉक्टरों को इलाज के दौरान ज्यादा सटीक निर्णय लेने में मदद मिलती है। एआई के आने से आईवीएफ प्रक्रिया पहले से अधिक प्रभावी, सटीक और मरीज के लिए आसान बन गई है।

- एआई, भ्रूण की तस्वीरें देखकर यह पता लगा सकता है कि कौन-से भ्रूण के सफलतापूर्वक गर्भाशय में लगने की संभावना ज्यादा है। यह एल्गोरिदम बहुत बड़े डेटा पर प्रशिक्षित होते हैं, जिससे भ्रूण के विकास में आने वाले छोटे-छोटे बदलाव भी पकड़ में आते हैं। इससे स्वस्थ भ्रूण चुनने की प्रक्रिया सटीक होती है।
- एआई की मदद से फर्टिलिटी विशेषज्ञ हर मरीज के लिए डेटा-आधारित और व्यक्तिगत ट्रीटमेंट डिसाइड कर सकते हैं। एआई हार्मोन के स्तर और दवाओं पर शरीर की प्रतिक्रिया का विश्लेषण करके सही दवा की मात्रा और ओवेरियन स्टिम्युलेशन का समय तय करता है। इससे अंडाणु की गुणवत्ता बढ़ती है और इलाज से अच्छे परिणाम मिलते हैं।



- एआई तकनीक से बने इमेजिंग टूल्स ऐसे शुक्राणु चुन सकते हैं, जिनकी गति और आकार सबसे अच्छा हो। इससे बेहतर भ्रूण बनते हैं और गर्भधारण की संभावना भी बढ़ती है।
- एआई सिस्टम, भ्रूण के विकास को रीयल-टाइम यानी लगातार मॉनिटर करते हैं और किसी भी असामान्यता को तुरंत पहचान लेते हैं। इससे डॉक्टर भ्रूण ट्रांसफर से पहले समय रहते सुधार कर सकते हैं, जिससे गर्भ ठहरने की संभावना बढ़ जाती है।*

**प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स**

**योगोपचार**


दिव्यज्योति 'नंदन'

सर्दी का मौसम शुरू हो चुका है। इस दौरान स्वस्थ और फिट रहने के लिए आपको कुछ आसनों को अपने रूटीन में जरूर शामिल करना चाहिए। हम आपको बता रहे हैं, तीन ऐसे ही कारगर आसन।


## रोज करिए ये तीन योगासन इस मौसम में रहेंगे स्वस्थ

सर्दी के मौसम में हमारे स्वास्थ्य की सच्ची रखवाली दवाइयां नहीं बल्कि कई तरह की हमारी शारीरिक गतिविधियां करती हैं। इनमें ही योगासन भी शामिल हैं। सर्दियां शुरू होते ही शरीर को स्वस्थ रखने के लिए अगर आप कुछ सरल योगासनों को अपने रूटीन में शामिल कर लें तो कई परेशानियों से बचे रहेंगे। ये न केवल इन दिनों हमारे शरीर को गर्म रखते हैं बल्कि मन को भी सक्रिय और उत्साहित रखते हैं, जिससे हम प्रसन्न और एक्टिव रहते हैं। तो आइए जानें ये कारगर तीन सरल योगासन कौन से हैं?

**त्रिकोणासनः** त्रिकोणासन सर्दी के मौसम में हमें स्वस्थ रखने के लिए बहुत महत्वपूर्ण आसन है। यह खड़े होकर किया जाने वाला आसन है, जिससे हमारा शरीर पर्याप्त खिंचाव हासिल करता है। सर्दी के दिनों में पर्याप्त रूप से त्रिकोणासन कर लिया जाए तो शरीर में जरूरी लचीलापन बना रहता है। इसके चलते हमारी पाचनक्रिया सही रहती है और ठंड से सिकुड़ी मांसपेशियों को राहत मिलती है।



त्रिकोणासन



उष्ट्रासन

**उष्ट्रासनः** उष्ट्रासन या कैमल पोज भी उन कुछ गिने-चुने आसनों में से एक है, जो सर्दियों में हमें तमाम तरह की परेशानियों से बचाकर रखता है। यह आसन सर्दियों में होने वाली सीने की जकड़न को खोलता है, जिससे ठंडी हवा का प्रभाव खत्म होता है। उष्ट्रासन करने से हमारे फेफड़े और हृदय को लाभ होता है। शरीर में गर्माइश बनी रहती है, पाचन बेहतर होता है और शरीर में जरूरी लचीलापन तथा कई तरह के दर्द से राहत मिलती है। उष्ट्रासन नियमित रूप से करने से सर्दियों में हमारे शरीर में ऊर्जा का सतत प्रवाह बना रहता है।



**पवनमुक्तासनः** पवनमुक्तासन का मूल काम सर्दियों में हमारे पाचन तंत्र को दुरुस्त रखना है, जिससे हमारा शरीर सर्दियों में गैस और अपच की परेशानियों से दूर रहता है। इससे पेट की मांसपेशियां सक्रिय रहती हैं। शरीर में हल्कापन महसूस होता है और ऊर्जा का लगातार प्रवाह बना रहता है, जिससे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता दुरुस्त रहती है।

इस तरह इस मौसम में किए जाने वाले ये सीधे सरल तीन आसन हमें बहुत राहत देते हैं। इन आसनों का अभ्यास करने से पहले अनुभवी प्रशिक्षक से इनकी सही विधि जरूर सीख लें।*



2025 में बेटी को दिया जन्म, पुलिस ने कानूनी कार्रवाई के बाद पति को सौंपा

# चार साल पहले लापता हुई नाबालिग कृषि मंडी के पास अस्सी फीट रोड से मिली... बंधक बनाकर रखते थे माता-पिता, जबरन कराना चाहते थे शादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर चलाए जा रहे मुस्कान विशेष अभियान के तहत निशातपुरा पुलिस ने साल 2021 से अगवा 17 साल की किशोरी को चार साल बाद सकुशल दस्तयाब किया है। वह अब 21 साल की है और उसने साल 2023 में एक युवक के साथ मंदिर में शादी कर ली थी। कुछ माह पूर्व उसने एक बेटी का जन्म दिया है। नाबालिग का कहना है कि वह माता-पिता की प्रताड़ना से परेशान होकर घर से चली गई थी। उसे ताले में बंद करके रखा जाता था। परिजन जबरन उसका विवाह कराना चाहते थे। पुलिस का कहना है कि दस्तयाब करने और कोर्ट में बयान कराने के बाद युवती को उसके पति के साथ भेज दिया गया है।

पुलिस के अनुसार साल 2021 में 17 साल की किशोरी बिना बताए कहीं चली गई थी। मां की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। चार साल तक तलाश करने के बाद भी अगवा किशोरी का सुराग नहीं लग सका। इस बीच पुलिस को किशोरी के मोबाइल की लोकेशन व अन्य अहम सुराग मिले। लोकेशन के आधार पर खोजती हुई पुलिस की टीम ने दो दिन पहले युवती को कृषि मंडी के पास अस्सी फीट रोड से दस्तयाब कर लिया। उसके साथ उसका पति व बेटी भी थी।

## बुजुर्ग महिला ने दिया सहारा

21 साल की युवती ने अपने बयान दर्ज कराते हुए बताया कि घर से भागकर वह उज्जैन चली गई थी। कुछ दिन वहां घूमने के बाद वह भोपाल आ गई। यहां एक गांव में एक बुजुर्ग महिला मिली जो अकेली रहती थीं। बुजुर्ग महिला ने उसे अपने घर में पनाह दी। युवती घरों में काम करने जाने लगी। इस बीच गांव में उसने मोहल्ले का एक युवक मिला। दोनों के बीच दोस्ती हो गई। साल 2023 में 19 साल की उम्र में युवती ने युवक से तरावली बैरसिया स्थित मंदिर में शादी कर ली और साथ रहने लगे। साल 2025 में युवती ने एक बेटी को जन्म दिया। एसआई कोमल सिंह ने बताया कि युवती अपने पति के साथ रहना चाहती थी, इसलिए बयान दर्ज कराने समेत सभी कानूनी कार्रवाई करने के बाद युवती को पति के हवाले कर दिया। इससे पहले माता-पिता से भी उसकी मुलाकात कराई गई।

# 32 साल की टीचर ने प्रिंसिपल पर लगाए छेड़छाड़ के आरोप

नजीराबाद कस्बे के एक शासकीय स्कूल के प्रिंसीपल पर टीचर ने छेड़छाड़ के आरोप लगाए है। पुलिस ने महिला टीचर की शिकायत पर प्रिंसिपल पर छेड़छाड़ का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार 32 साल की महिला टीचर ने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि अप्रैल में स्कूल में नए प्रिंसीपल ने प्रभार संभाला है। वह मनचले स्वभाव के हैं और आए दिन कमेंट्स करते हैं। वह जबरन उस पर मानसिक रूप से दबाव बना रहे हैं।



इधर, प्रिंसीपल का कहना है कि टीचर समय पर स्कूल नहीं आती है। उन्हें समय पर स्कूल नहीं आने के कारण टोका गया था। इससे नाराज होकर उन्होंने झूठी शिकायत दर्ज कराई है।

## बेटी को मोबाइल पर कर रहा था परेशान

कोलार पुलिस ने एक युवती की शिकायत पर उसके पिता पर छेड़छाड़ और पाक्सो एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। युवती का आरोप है कि पिता करीब आठ साल से उसके साथ अश्लील हरकत कर रहा है। गत वर्ष उसने महिला थाने में भी पिता के खिलाफ शिकायत की थी। महिला थाना पुलिस ने उसकी काउंसलिंग कराई, एफआईआर दर्ज नहीं की। इधर पिता की हरकतें बढ़ते ही जा रही थी। इस बार उसने पिता की शिकायत कोलार थाने पहुंचकर की और पुलिस ने छेड़छाड़ और पाक्सो एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार दो साल पहले मां का निधन हो गया तो पिता की हरकत बढ़ने लगी। वह बेड टच और अश्लील बातें करने लगा।

## खबर संक्षेप

### 21 को पूर्व उप राष्ट्रपति धनखड़ आएंगे भोपाल

**भोपाल।** पूर्व उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 21 नवंबर को भोपाल आएंगे। पद छोड़ने के बाद धनखड़ का यह पहला सार्वजनिक कार्यक्रम होगा। जिसमें वे संबोधन देंगे। रवीन्द्र भवन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह मनमोहन वैद्य की किताब हम और यह विश्व का विमोचन होगा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ संबोधन देंगे।



### 20 से ज्यादा स्थानों पर ईओडब्ल्यू की दबिश

**रायपुर।** प्रदेश में पटवारी से राजस्व निरीक्षक (आरआई) बने अधिकारियों के घर बुधवार सुबह एसीबी/ईओडब्ल्यू की ताबड़तोड़ दबिश और कार्रवाई शुरू हो गई। प्रदेशभर में 20 से ज्यादा स्थानों पर यह बड़ी कार्रवाई जारी है। रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, अंबिकापुर, जगदलपुर, गरियाबंद, महासमुंद सहित कई प्रमुख शहरों में टीमों ने एक साथ छापेमार कार्रवाई की है। सूत्रों के मुताबिक पटवारी से आरआई बनने की परीक्षा में बड़े स्तर पर धांधली की शिकायत सामने आई थीं। यह मामला विधानसभा में भी जोरदार तरीके से उठा था, जिसके बाद सरकार ने

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश यात्री परिवहन एवं इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की बैठक में दिए निर्देश

# यात्रियों के लिए एप पर हों बस बुकिंग की सुविधा किराया भुगतान की ऑनलाइन बनाएं व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में यात्री परिवहन व्यवस्था विकसित करने में सामान्य यात्री की सुविधा और सुगमता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। यात्री बसों के आवागमन का प्रबंधन अद्यतन तकनीक का उपयोग कर किया जाए। सामान्यजन की सुविधा के लिए व्हीकल लोकेशन, बस के आवागमन की सूचना और किराए संकलन की सुविधा एप पर उपलब्ध कराई जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को मध्यप्रदेश यात्री परिवहन एवं इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की बैठक में यह निर्देश दिए। उन्होंने कहाक िनगर निगमों द्वारा संचालित बसों, भारत सरकार द्वारा मिलने वाली ई-बसों को भी एक ही व्यवस्था के अंतर्गत सम्मिलित किया जाए। साथ ही नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित बस व्यवस्था को युक्तियुक्त तरीके से एकीकृत करते हुए नगरीय क्षेत्रों से जुड़े ग्रामीण इलाकों तक आवागमन को सुविधाजनक बनाया जाए। प्रशासनिक अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि बस संचालक जिन रूट्स के परमिट दिए गए हैं, वाहन उन ही रूट्स पर ही चलाए जाएं, ऐसा न करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। पर्यावरण संरक्षण के लिए यात्री परिवहन में लगी 15 साल या उससे पुरानी बसों को ऑफ रूट किया जाए। अन्य राज्यों में संचालित यात्री बस सेवा व्यवस्था का अध्ययन कर उनकी बेस्ट प्रैक्टिसेस को प्रदेश में अपनाने के लिए भी पहल करें। डॉ. यादव ने यात्री परिवहन कंपनी का लोगो डिजाइन करने के लिए प्रतियोगिता आयोजित करने के निर्देश दिए।

**खास बातें**

- प्रदेश की यात्री परिवहन व्यवस्था विकसित करने में सामान्य यात्रियों की सुविधा और सुगमता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए : सीएम
- प्रतियोगिता से विकसित करें यात्री परिवहन का लोगो
- अन्य राज्यों की यात्री बस सेवा की बेस्ट प्रैक्टिसेस को भी अपनाया जाए



करोंद हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में बीएलओ एसआईआर का काम करते हुए।

### ओला और उबर से भी सरकार लेगी मदद

बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश में यात्री परिवहन व्यवस्था का संचालन उबर, ओला के समान बस ऑपरेटरों और मोटर मालिकों के साथ सहभागी आधार पर किया जाएगा। व्यवस्था के सुगम संचालन के लिए इंटेलीजेंट ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम विकसित किया जा रहा है। यह प्लेटफार्म देश का प्रथम इंटीग्रेटेड सॉफ्टवेयर है, जिसमें व्हीकल लोकेशन ट्रेकिंग, ऑटोमेटिक किराया संकलन, अलार्ट मॉड्यूल, शिकायत निवारण जैसे 18 मॉड्यूल शामिल है।

### इंदौर और उसके बाद उज्जैन से आरंभ होगी सेवा

यात्री परिवहन बसों का संचालन इंदौर, उज्जैन, सागर और जबलपुर क्षेत्र में किया जाएगा। सर्वप्रथम यह व्यवस्था इंदौर और उसके बाद उज्जैन से आरंभ होगी। इससे संबंधित सर्वेक्षण, रूट प्लानिंग, निजी ऑपरेटरों के साथ परामर्श जारी है। इंदौर क्षेत्र के अंतर्गत धार, झाबुआ, आलीराजपुर, खरगोन, बुरहानपुर, खंडवा और बड़वानी शामिल होंगे। उज्जैन क्षेत्र में देवास, आगर-मालवा, मंदसौर, नीमच, शाजापुर और रतलाम को शामिल किया गया है।

### ऐसे होगा बसों का 50 किमी के दायरे में संचालन

बैठक में बताया गया कि प्रथम चरण में इंदौर शहर से 50 कि.मी. परिधि में आने वाले समस्त शहरी और अंतर शहरी रूट पर बसें संचालित होंगी। द्वितीय चरण में इंदौर संभाग के समस्त जिलों तक सुविधा का विस्तार किया जाएगा। द्वितीय चरण में ही उज्जैन और भोपाल शहर से 50 कि.मी. परिधि में आने वाले समस्त शहरी और अंतर शहरी रूट्स पर बसों का संचालन आरंभ होगा। तीसरे चरण में उज्जैन संभाग के सभी जिलों को शामिल किया जाएगा। चौथे चरण में सागर और जबलपुर संभाग के समस्त जिले, पांचवे चरण में भोपाल और नर्मदापुरम संभाग के समस्त जिले, छठवे चरण में रीवा और शहडोल संभाग के सभी जिले तथा सातवें चरण में ग्वालियर और चंबल संभाग के सभी जिलों तक यात्री परिवहन सेवा का विस्तार किया जाएगा।

## केंद्रीय गृह मंत्री शाह को सीएम ने भेंट की कलाकृति



**भोपाल।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से उनके निवास स्थान पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सौजन्य भेंट कर पिपरिया के काष्ठ कलाकार द्वारा निर्मित कलाकृति भेंट की।

# पर्यटन को उद्योग को दर्जा दिलाने पहल करें, प्रदेश में हेल्थ वेलनेस टूरिज्म को करें प्रोत्साहित : सीएम



मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के संचालन की बैठक हुई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में पर्यटन को उद्योग का दर्जा दिलाने के लिए आवश्यक पहल की जाए। इससे नवाचार के इच्छुक व्यक्तियों तथा उद्यमियों को सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे प्रदेश के विभिन्न अंचलों में पर्यटन गतिविधियों के संचालन और सुविधाओं के विस्तार में आसानी होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हेल्थ और वेलनेस टूरिज्म को बढ़ावा देने की पर्याप्त संभावनाएं हैं। अतः पर्यटन विभाग, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा तथा आयुष विभाग के साथ मिलकर परस्पर समन्वय से गतिविधियां संचालित करें।

जिन राज्यों में ऐसी गतिविधियां संचालित हैं, उनका अध्ययन कर प्रदेश में संभागवार कार्ययोजना बनाई जाए। वेलनेस टूरिज्म को प्रोत्साहित करने में धार्मिक संस्थाओं और ट्रस्टों का भी सहयोग लिया जा सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के इतिहास और संस्कृति पर केंद्रित तथा उनसे संबंधित फिल्मों के निर्माण को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर संचालित वन्य जीवों और समृद्ध वनों और जैव संपदा के प्रस्तुतिकरण के लिए भी प्रयास किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को मध्यप्रदेश टूरिज्म मंडल के संचालक मंडल की मंत्रालय में हुई 8वीं बैठक में यह निर्देश दिए।

बैठक में पीएमश्री पर्यटन हेलीकॉप्टर सेवा के अंतर्गत इंदौर-उज्जैन-ओंकारेश्वर सेक्टर, भोपाल-मढ़ई-पचमढ़ी सेक्टर और जबलपुर-बांधवागढ़-कान्हा सेक्टर में सेवा संचालन के संबंध में चर्चा हुई। साथ ही सिंहस्थ-2028 के लिए जारी गतिविधियों, ग्रामीण पर्यटन को प्रोत्साहन करने के लिए संचालित योजनाओं, साहसिक पर्यटन, जल पर्यटन गतिविधियों, पर्यटन क्षेत्र में निवेश संवर्धन और मध्यप्रदेश पर्यटन के राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रचार-प्रसार के संबंध में भी पर चर्चा हुई।

# फिजियोथैरेपिस्ट की समस्या को हल करने सांसद शर्मा ने डिप्टी सीएम को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



प्रदेश में फिजियोथैरेपिस्ट की समस्याओं का समाधान करने खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल को पत्र लिखा है। भौतिक चिकित्सक संघ के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सुनील पाण्डेय के नेतृत्व में फिजियोथैरेपिस्टों ने सांसद विष्णुदत्त शर्मा से मुलाकात कर समस्याएं बताई थी। इसके बाद ही सांसद ने फिजियोथैरेपिस्ट की समस्या का समाधान करने उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल को पत्र लिखकर मांग का समाधान करने का आग्रह किया है। डॉ. पाण्डेय ने बताया कि सांसद ने पत्र में उल्लेख किया है कि फिजियोथैरेपी स्वतंत्र चिकित्सा पद्धति है, जो बिना दवा उपचार के रूप में एक प्रतिष्ठित चिकित्सा प्रणाली के रूप में मान्यता प्राप्त है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पारित राष्ट्रीय सहबद्ध और स्वास्थ्य देखरेख वृत्ति आयोग अधिनियम है। जो भारत के पेशेवरों, विशेषकर भौतिक चिकित्सकों के हित में ऐतिहासिक कदम है। चूंकि यह अधिनियम अभी तक मप्र में पूर्ण रूप से लागू नहीं किया गया है, जिससे इस चिकित्सा विद्या से फिजियोथैरेपिस्ट अपने को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। यदि यह अधिनियम मप्र में पूर्ण लागू होगा तो फिजियोथैरेपिस्टों को उनका वैधानिक अधिकार प्राप्त होगा। जिससे ये नाम के आगे डॉक्टर उपसर्ग तथा नाम के बाद पीटी प्रत्यय लगाने के स्पष्ट प्रावधानों का प्रयोग कर सकेंगे।

# हर घर पानी, चौक पर हाई मास्क लाइट... गांव तक सड़क का निर्माण, बच्चों के लिए आंगनबाड़ी बनाई





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा

चार दशक से माओवाद का दंश झेल रहा पूर्वर्ती की तस्वीर अब बदल रही है। जिस गांव में प्रशासन तो दूर की बात है आम आदमी के आने की अनुमति नहीं थी, उस गांव में अब शिविरों का आयोजन हो रहा है जिस पर ग्रामीण विश्वास जता रहे हैं। अंधकार में डुबा गांव जहां तक पहुंचने की सड़क नहीं थी। अब हालत बदल रहे हैं। माओवाद रूपी अंधकार अब विकास की रोशनी से चमक रहा है। खूंखार माओवादी माड़वी हिड़मा जिसके कारण पूर्वर्ती गांव विकास से कोसो दूर था। एक साल से गांव में विकास तेजी से हो रहा है। जगरगुंडा से करीब 20 किमी दूर स्थित पूर्वर्ती गांव जहां जाने की अनुमति कम लोगों को मिलती थी। बीच में माओवादियों की नाकेबंदी थी जिसके कारण प्रशासन नहीं पहुंच पाया, लेकिन बीते एक साल में गांव की तस्वीर बदलने लगी है।

### कैंप से खुले विकास के रास्ते

एक साल पहले गांव के करीब सुरक्षा बलों का कैंप खुला। जिसके बाद धीरे धीरे विकास की रफ्तार तेज हुई। गांव तक सड़क का निर्माण हुआ। साथ ही बच्चों के लिए आंगनबाड़ी भवन बनाया गया। यहां तक कि हर घर में नल कनेक्शन लगा दिया गया, कुछ में शुद्ध पानी आ रहा है। बीच चौक में लगी हाई मास्क पूरे गांव को रोशन करती है वहीं बिजली के लगे खंभे ग्रामीणों के जीवन का अंधेरा दूर करेगी।

### प्रशासन पर बढ़ा भरोसा

पूर्वर्ती गांव जहां के ग्रामीण प्रशासन और पुलिस को गांव छोड़कर भाग जाते थे, लेकिन अब ऐसा नहीं हो रहा है। गांव में लगे शिविर में सभी ग्रामीण पहुंच रहे हैं।

केंद्रों पर पारदर्शी टोकन प्रणाली की सुविधा

# छत्तीसगढ़ में चार दिनों में 7.28 लाख क्विंटल धान खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राज्य के सभी जिलों में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का सिलसिला बिना किसी व्यवधान के जारी है। धान खरीदी शुरू हुए अभी चार दिन ही हुए हैं, इसके बावजूद उपार्जन केंद्रों में धान की आवक तेजी से होने लगी है। सहकारी समिति के कर्मचारियों के हड़ताल के बावजूद भी पूरे राज्य में धान खरीदी अप्रभावित है। सभी समितियों व उपार्जन केंद्रों में धान लेकर आने वाले किसानों से बिना किसी रूकावट के धान खरीदी की जा रही है। मंगलवार को 4 लाख 56 हजार 859 क्विंटल धान की खरीदी किसानों से समर्थन मूल्य पर की गई। प्रदेश में 15 नवंबर से शुरू हुई धान खरीदी के तहत अब तक 7 लाख 28 हजार 4 क्विंटल धान खरीदा जा चुका है, जिसमें तीन लाख चार हजार 512 क्विंटल मोटा, दो लाख एक हजार 174 क्विंटल पतला और दो लाख 22 हजार 317 क्विंटल सरना धान शामिल है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप सभी 2,739 धान उपार्जन केंद्रों में किसानों की सुविधा के लिए पारदर्शी टोकन प्रणाली, इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन, नमी मापक यंत्र, बारदाना व अन्य सुविधाएं सुनिश्चित की गई है। धान उपार्जन के समानांतर भुगतान की व्यवस्था भी राज्य सरकार की ओर से सुनिश्चित की गई है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव से आसियान देशों के मिशन प्रमुखों ने की सौजन्य भेंट

# सीएम बोले- भारत और आसियान देशों का साझेदारी संबंध आपसी विश्वास और साझा प्रगति का प्रतीक, आर्थिक-सांस्कृतिक, पर्यटन और निवेश में सहयोग पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आसियान भारत का अत्यंत ही महत्वपूर्ण रणनीतिक और सांस्कृतिक साझेदार रहा है।

सदियों से व्यापार, समुद्री संपर्क, आध्यात्मिक आदान-प्रदान और सांस्कृतिक समानताएं इस प्रगाढ़ संबंध को और भी समृद्ध बनाती रही हैं। जिससे भारत-आसियान सहयोग व्यापार, कनेक्टिविटी, डिजिटल साझेदारी, क्षमता-निर्माण और सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में और भी मजबूत हुआ है। जिससे आसियान देशों के साथ साझेदारी के नए-नए अवसर सामने आए हैं। भारत और आसियान देशों का यह संबंध आज पारस्परिक विश्वास और साझा प्रगति का प्रतीक बन गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव दक्षिण पूर्वी एशियाई देशों के संगठन (आसियान) के राजदूतों के दल को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से आसियान देशों के मिशन प्रमुखों के आठ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में सौजन्य भेंट की। यह दल तीन दिवसीय प्रवास पर मध्यप्रदेश आया हुआ है।

### उच्च स्तरीय दल में इन देशों के राजदूत रहे शामिल



इस उच्च स्तरीय दल में भारत में मलेशिया के उच्चायुक्त मलेशिया, दातो मुजफ्फर शाह मुस्तफा, वियतनाम के राजदूत महामहिम गुयेन थान्ह हाई, फिलीपींस के राजदूत जोसेल एफ. इग्नासियो, भारत और श्रीलंका में कंबोडिया की राजदूत रथ मनी, तिमोर-लेस्ते के राजदूत कार्लितो नुनेस, थाईलैंड की राजदूत छवनार्ट थांगसुमफंट, भारत और भूटान में इंडोनेशिया की राजदूत इना एच. कृष्णमूर्ति, ब्रुनेई के द्वितीय सचिव पेंगिरन मोहम्मद शफी अलवाली बिन पेंगिरन अबू बकर वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### सहयोग, विश्वास आगे बढ़ने का माध्यमः सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आसियान देशों के राजदूतों (मिशन प्रमुखों) को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा सौभाग्य है कि आप सब तीन दिवसीय यात्रा पर मध्यप्रदेश में हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सांची की यात्रा हमारी बौद्ध विरासत की गहराई से जोड़ेगी, वहीं जनजातीय संग्रहालय आपको सबसे बड़ी जनजातीय आबादी की समृद्ध संस्कृति से परिचित कराएगा।

### निवेश के साथ साधेदारी भी करेंगे देशः सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत और आसियान संबंधों के सुदृढ़ीकरण और प्रदेश के वैश्विक संवाद विस्तार की दृष्टि से यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण अवसर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारत तथा मध्यप्रदेश और दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के बीच आर्थिक, सांस्कृतिक, औद्योगिक निवेश तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सहित नवाचारों के क्षेत्र में व्यापक सहयोग एवं साझेदारी की मंशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आसियान देशों के साथ साझेदारी से मध्यप्रदेश के औद्योगिक विकास को एक नई गति मिलेगी।

## चिंतन

# विस्तारवादी चीन से हमेशा सतर्क रहने की जरूरत

हिन्दी की बहुत पुरानी कहावत है, चोर चोरी से जाए पर हेराफेरी से न जाए। ये हमारे पड़ोसी चीन पर पूरी तरह से फिट बैठती है। चीन चाहे भारत का मित्र होने के हजार दावे करे, लेकिन सच्चाई यही है कि जब भी उसे मौका मिलता है, वो अपनी नापाक हरकत करने से बाज नहीं आता। उसकी ऐसी ही एक करतूत का खुलासा अमेरिकी रिपोर्ट में हुआ है। इसमें दावा किया गया है कि आपरेशन सिंदूर के दौरान चीन ने राफेल की बिक्री रोकने के लिए फर्जी कैंपेन चलाया था। भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सैन्य संघर्ष के तुरंत बाद चीन ने फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट्स के जरिए राफेल गिराने का दावा किया। चीन ने भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान हर संभव प्रयास किया कि किसी भी तरह से दुनिया के हथियारों को बेकार बताकर अपने जंगी जहाज बेचे जा सकें। एआई से बनाई गई नकली तस्वीरें फैलाई गईं, जिनमें दावा किया गया कि भारतीय राफेल को चीन के हथियारों ने गिराया है और यह उसके मलबे की तस्वीरें हैं। इशारा साफ था कि फ्रांस का राफेल चीन के जे-35 के सामने धराशायी हो गया। राफेल विमान फ्रांस की दसॉ एविएशन द्वारा बनाया गया दो इंजन वाला लड़ाकू विमान है। ये एक मिनट में 60,000 फीट की ऊंचाई तक पहुंच सकता है। इसकी रेंज 3700 किलोमीटर है। साथ ही यह 2200 से 2500 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ सकता है। सबसे खास बात ये है कि इसमें मॉडर्न 'मिटिअर' मिसाइल और इजराइली सिस्टम भी है। जो दुश्मन की किसी भी हरकत का जवाब देने में सक्षम है, लेकिन चीन ने नकली वीडियो से इसे बेकार सबित करने का प्रयास किया। असल में चीन हर वो संभव प्रयास करता है, जिससे उसे आर्थिक रूप से लाभ हो। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा दुनियाभर के देशों पर लगाए गए टैरिफ के बाद चीन-भारत के संबंधों में कुछ हद तक सुधार हुआ है। अब भी अहम सवाल यही है कि क्या चीन का भारत के प्रति वाकई कोई हृदय परिवर्तन हुआ है और अगर ऐसा हुआ है तो इसका कारण क्या है। बीते 12 वर्षों से चीन पर राज करते हुए तानाशाह राष्ट्रपति शी चिनफिंग की मंशा पर ध्यान दें तो यह असंभव है कि उन्होंने एशिया और विश्व में चीन के वर्चस्व और विस्तारवाद का सपना रातोंरात त्याग दिया हो। चीन कभी भी अपनी विस्तारवादी मंशा को त्यागने को तैयार नहीं दिखता और पड़ोसी देशों के साथ विवादों में अपनी शक्ति एवं श्रेष्ठता के बलबूते हावी होने को कोशिश करता रहता है। भारत के अलावा एक दर्जन से अधिक देशों के साथ चीन के अनसुलझे क्षेत्रीय विवाद हैं और इन सभी के प्रति चीन ने दबंग व्यवहार अपनाकर धौंस दिखाता रहता है। शी जैसे कट्टर नेता का महाशक्ति बनने का महत्वाकांक्षी स्वप्न को भुला देना नामुमकिन सा है। चीन सपना केवल महाशक्ति बनाना ही नहीं, बल्कि अमेरिका को पछाड़कर विश्व का सबसे बड़ा दादा बनने की है। इसके बाद वो पूरी दुनिया को अपने हिसाब से चला सके। भारत एशिया में ही इसका सबसे बड़ा रोड़ा है। ऐसे में वो कब और कितना नुकसान कर दे, कुछ कहा नहीं जा सकता। इसलिए जरूरी है कि हम चीन को लेकर हमेशा सतर्क और सजग रहें और अपनी अर्थव्यवस्था को सेवा के साथ निर्माण क्षेत्र में भी गति दें तभी चीन से मुकाबला कर पाएंगे।



आतंकवाद
योगेश कुमार सोनी

# शिक्षित वर्ग को शिकार बना रहे आतंकी

> आतंकवादियों के सभी हमलों ने यह तो दर्शा दिया कि उनका नेटवर्क इतना मजबूत है कि वह अपने मंसूबों में हमेशा कामयाब हो जाते हैं। आतंकवादियों के लिए आतंक फैलाना हमेशा बड़ा व्यवसाय रहा है। उनके गुर्गों की ट्रेनिंग इतनी खतरनाक तरह से होती है कि वह अपनी जान की परवाह किए बिना किसी भी आतंकी घटना को अंजाम दे देते हैं। आतंकवादी संगठन मजहब के नाम पर हर रोज सैकड़ों युवाओं को दलदल में डालने का काम करते हैं। मजहब के नाम पर कुर्बान होने के लिए उनका जिस तरह माइंड वॉश किया जाता है वह बेहद आश्चर्यचकित करता है। सरकार को इसे समझते हुए बड़ी रणनीति की आवश्यकता है जिससे देशवासियों को धैर्य व विश्वास के साथ जिंदगी जीने को मिले।

देश में आजादी से लेकर आज तक आतंकवाद नहीं रुक सका है। हालांकि इस बात में कोई दोराय नहीं है कि आतंकवाद पर शिकंजा कसने का सभी सरकारों ने अथक प्रयास किया है। हमारे देश में वर्ष 1980 से लेकर आज तक लगभग 125 बड़े हमले हो चुके हैं जिसमें हजारों लोग बेमौत मारे गए हैं। आतंकवादियों के सभी हमलों ने यह तो दर्शा दिया कि उनका नेटवर्क इतना मजबूत है कि वह अपने मंसूबों में हमेशा कामयाब हो जाते हैं। दरअसल, आतंकवादियों के लिए आतंक फैलाना हमेशा एक बड़ा व्यवसाय रहा है। उनके गुर्गों की ट्रेनिंग इतनी खतरनाक तरह से होती है कि वह अपनी जान की परवाह किए बिना किसी भी आतंकी घटना को अंजाम दे देते हैं। आतंकवादी संगठन मजहब के नाम पर हर रोज सैकड़ों युवाओं को दलदल में डालने का काम करते हैं। मजहब के नाम पर कुर्बान होने के लिए उनका जिस तरह माइंड वॉश किया जाता है वह बेहद आश्चर्यचकित करता है।

दिनों दिल्ली में हुए हमले को अंजाम देने वाले डॉक्टर जैसे पढ़े-लिखे पेशे का इस्तेमाल किया और यह एक लंबी कतार निकली। दिल्ली लाल किला ब्लास्ट केस में शामिल आतंकी लखनऊ की डॉ. शाहीन सईद बीते दशकभर से पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़ी थी। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार शाहीन 2015 में जैश से जुड़ी थी। एक डॉक्टर होने के बावजूद किसी के मन में इतना जहर कैसे हो सकता है। जबकि आप जिस देश में रह रहे हों और उसी देश के लिए इतनी बड़ी गद्दारी कर रहे हों। जांच में पता कि वर्ष 2021 में एक रिश्तेदार ने डॉ. शाहीन को पति, बच्चे और नौकरी छोड़ने पर जब टोका तो शाहीन ने कहा था- परिवार और नौकरी में क्या रखा है। अपने लिए बहुत जी लिए। अब कौम का कर्ज उतारने का समय है। इस वाक्य से बहुत कुछ तय हो जाता है चूंकि पूरी दुनिया में माना जाता है कि डॉक्टरी की पढ़ाई सबसे मुश्किल पढ़ाइयों में से एक है और वहीं दूसरी ओर यह लोगों की जान बचाने का भी पेशा है तो बेहद सम्मानित व पूजनीय भी है लेकिन बावजूद इसके, यदि ऐसे लोगों का मस्तिष्क बदला जा सकता है तो फिर किसी का भी संभव है। सवाल यही है कि आखिर इनके पास ऐसी कौन सी शक्ति है जो यह किसी को भी नियंत्रित कर लेती है। आखिर अमेरिका व अन्य शक्तिशाली देश भी इन पर नियंत्रण क्यों नहीं पा सके। आतंकी हमले में हमेशा आम आदमी ही मारा जाता रहा है और हजारों-लाखों लोग इसमें अपनी बिना वजह जान गंवा चुके। भारत सरकार ने अब तक 42 संगठनों को आतंकवादी संगठन घोषित किया है। हालांकि, विकिपीडिया के अनुसार दक्षिण एशिया आतंकवाद पोर्टल ने भारत में संचालित होने वाले 180 से अधिक आतंकवादी समूहों को सूचीबद्ध किया है, जिनमें से कुछ पड़ोसी देशों में भी सक्रिय हैं। इस खेल में आश्चर्य की बात यह भी है कि हमारे देश में बैठे कुछ आस्तीन के सांप खुलेआम समर्थन भी करते हैं। कुछ वर्ष पूर्व जाकिर नाईक जैसे फर्जी धर्मगुरुओं ने धर्म परिवर्तन की खुले आम दुकान खोलकर लाखों युवाओं को आतंकवाद में धकेलने का काम किया। वहीं छांगुर बाबा जैसा फर्जी बाबा आतंकवाद समर्पित निकला और वह धर्मांतरण का बहुत बड़ा रॉकेट चला रहा था। हालांकि ऐसे और भी



बहुत सारे नाम हैं। इसके अलावा भी कितने ऐसे लोग व संगठन हो सकते हैं जो आतंकवादी संगठनों के लिए काम कर रहे हों। इस बात को समझने में हमें कोई शक नहीं है कि हर सरकार आतंकवाद पर शिकंजा कसने के लिए हर अथक प्रयास करती है और पूरी निगरानी भी रखती है लेकिन सवाल यही उठता है कि आखिर आतंकवादी तकनीकी रूप से विश्व की बड़ी-बड़ी एजेंसियों से इतना अपडेट व अपग्रेड हैं कि इनके इरादों की भनक तक भी नहीं लग पाती। भारत के परिवेश में विशेषज्ञों का मानना है कि यहां लगातार जनसंख्या बढ़ रही है जिसको नियंत्रित करने के लिए पुलिस व सभी तरह की एजेंसी बल इतना नहीं है कि वह निगरानी रख सकें। भारत जैसे देश पर तो सभी कट्टर इस्लामिक आतंकवादी संगठनों की निगाह है।

हाल ही में हरियाणा के फरीदाबाद स्थित अल-फलाह यूनिवर्सिटी वाले प्रकरण से देश में एक नकारात्मक संदेश गया। तीन संदिग्ध डॉक्टरों की वजह से बहुत सारे सही विद्यार्थियों पर भी गाज गिर रही है और अब यूनिवर्सिटी की मान्यता भी रद्द कर दी गई है। साथ ही अब जितनी भी इस्लामिक यूनिवर्सिटी हैं, उनको भी शक के घेरे में लिया जा रहा है। आतंकवादी जिस ट्रैक पर काम करते हैं वह बेहद आश्चर्य में डाल देता है। चूंकि उसके लिए जो लोग काम करते हैं वह शिक्षित वर्ग होता है और कोई भी जांच एजेंसी एकाएक ऐसे लोगों पर शक नहीं करती जिसका वह जमकर फायदा उठाते हैं। इस घटना से देश में सभी मुस्लिम डॉक्टरों को भी सही निगाह से भी नहीं देखा जा रहा जबकि हर कोई एक जैसा नहीं होता। चूंकि डॉक्टरों का धर्म, फर्ज व कर्तव्य मरीजों को इलाज देना व जान बचाना होता है लेकिन यदि उस रूप में भी जिहादी निकल जाए तो इसमें तो उसके अलावा किसी की भी गलती नहीं मानी जा सकती। अब विश्व के नेताओं व जांच एजेंसियों को सबसे पहले यह समझना होगा कि आखिर आतंकी संगठन कैसे लोगों के मस्तिष्क को नियंत्रित करके उनको काबू करते हैं व साथ यह भी समझना होगा कि इनका संपर्क साधने का तरीका क्या है। यह किस तरह के लोगों को टारगेट करते हैं। चूंकि एक कहावत है कि 'चोर नही चोर की मां को पकड़ो' तो सब पता चल जाता है। दरअसल सोशल मीडिया के दौर में संपर्क साधना बहुत आसान हो गया है और आतंकवादी संगठन इसका जमकर फायदा उठा रहे हैं।

इस खेल के चक्रव्यूह को भेदना आसान तो नहीं हैं लेकिन असंभव भी नहीं हैं। ऐसे लोगों की सोशल मीडिया गतिविधियों पर ध्यान रखने के लिए अधिक बल की जरूरत है और साथ में तकनीकी भी मजबूत होना पड़ेगा। बाकी जहां शक की गुंजाइश कम या न हो, वहां तुरंत प्रभाव के साथ सक्रियता दिखानी चाहिए। जो लोग सोशल मीडिया पर देश विरोधी एजेंडा चला रहे हों, उन पर सबसे पहले कार्यवाही होनी चाहिए। चूंकि वह अपने फॉलोवर्स को गलत संदेश प्रेषित करके समाज में तो जहर घोलने का काम करते ही हैं, साथ में उनकी अनैतिक गतिविधियों में लिप्त होने की आशंका बढ़ जाती है। बाकी लोगों को यह समझना होगा कि यह देश उनका भी है इसलिए उससे गद्दारी करके हम आने वाली पीढ़ी को भी गलत संदेश दे रहे हैं। यदि आतंकवाद इतना सरल हो जाएगा तो यह मानव जीवन पर प्रहार के रूप में काम करेगा। हमने आज तक बहुत सारे परिवारों को उजड़ते देख लिया और यह ही लगता है कि आखिर उन बेगुनाहों का क्या कसूर है जो हर बार बिना वजह बेमौत मारे जाते हैं। सरकार को इस पीड़ा को समझते हुए एक बहुत बड़ी रणनीति की आवश्यकता है जिससे कि देशवासियों को धैर्य व विश्वास के साथ जिंदगी जीने को मिले, चूंकि हर कोई सबसे पहले सुरक्षा चाहता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## सियासत

विवेक शुक्ला




# बिहार चुनाव : चाणक्य की जीत, महागठबंधन की हार

बिहार विधान सभा के नतीजे आने के बाद से ही केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के राजधानी दिल्ली स्थित आवास में राज्य की नई सरकार के गठन के सवाल पर एनडीए के नेताओं के बीच बैठकों के दौर जारी है। बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में नई सरकार 20 नवंबर को पदभार संभाल लेगी। बिहार विधान सभा के चुनाव परिणाम पर भी कुछ समय तक और बहस जारी रहने वाली है। अब मुख्य रूप से इस मुद्दे पर बहस हो रही है कि क्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सामने किसी का भी चुनाव जीतना अब नामुमकिन है? ज्यादातर राजनीतिक पंडितों की राय यह बन रही है कि बीजेपी और प्रधानमंत्री मोदी को हराना नामुमकिन नहीं भी है तो यह मुश्किल जरूर है। एक बात साफ है कि भाजपा के लिए चुनाव तैयारी कोई पार्ट टाइम गेम नहीं है, बल्कि यह जनता से जुड़े रहने और मुद्दों के आसपास पार्टी को तैयार रखने का सतत अभियान है। भाजपा की जिस चुनावी रणनीति का लोग आज लोहा मान रहे हैं, उसे विकसित करने और उसकी धार बनाए रखने की जिम्मेदारी स्वयं गृह मंत्री अमित शाह निभाते हैं। बिहार में महागठबंधन के नेताओं जैसे राहुल गांधी, तेजस्वी यादव, प्रियंका गांधी और अन्य नेता जनता को अपने साथ जोड़ने में एक सिरे से विफल रहे। राहुल गांधी तो वोट चोरी के आरोप लगाने के अलावा अब सब कुछ भूल गए। अगर उनके पास कोई ठोस सुबूत हैं तो वे कोर्ट में क्यों नहीं जाते। पहले वे ईवीएम में गड़बड़ी का रोना रोते थे। बहरहाल, बिहार में भी एनडीए की इस चुनावी जीत के सूत्रधार अमित शाह बने हैं, जिन्होंने महागठबंधन के किसी भी पैतरे को चलने नहीं दिया और राहुल- तेजस्वी की जोड़ी को करारी शिकस्त दे दी। 2010 के बाद भाजपा फिर से 90 प्रतिशत की स्ट्राइक रेट के साथ 89 सीटें जीतने में कामयाब रही और इस बार बिहार विधान सभा में सबसे बड़ी पार्टी भी बन गई। जबकि कांग्रेस के लिए चुनाव परिणाम शर्मनाक स्तर का है और आरजेडी 2010 की स्थिति में पहुंच गई है। बीजेपी नेतृत्व को बिहार की नब्ज पर पकड़ का अंदाज था। खासकर अमित शाह ने अपनी तीन महीने के धुआंधार दौरे से यह अंदाज लगा लिया था कि जनता क्या चाहती है और उसी के अनुसार जब केंद्र और राज्य सरकार ने बिहार की जनता की अपेक्षाओं को पूर्ण करने का काम पूरा किया, तो जनता गदगद हो उठी। अमित शाह पहले नेता थे जिन्होंने एक चुनावी रैली में ही यह ऐलान कर दिया था कि इस बार एनडीए 160 से ज़्यादा सीटें जीतेगा और बिहार में सरकार बनाएगा। फिर अंतिम चरण के मतदान से कुछ ही दिन पहले एक रैली में, शाह ने फिर घोषणा की कि 14 नवंबर को राजद और कांग्रेस परिवारों के राजनीतिक सफाए का दिन होगा। यदि अमित शाह ने चुनावी सफलता का कोई रिकार्ड बनाया है, तो इसके पीछे उनका अनथक परिश्रम है। पार्टी में रणनीति और उस पर क्रियान्वयन के लिए पूरी तरह से समर्पित कार्यकर्ताओं के निर्माण की एक बड़ी प्रक्रिया है। अमित शाह न सिर्फ इस प्रक्रिया के निर्माण और संचालन की जिम्मेदारी उठाते हैं, बल्कि कार्यकर्त्ताओं और निचले स्तर पर काम कर रहे भाजपा नेताओं और गठबंधन सहयोगियों में विश्वास का भाव भी पैदा करते हैं। दूसरी तरफ राहुल और तेजस्वी अकेले चने की तरह भाड़ फोड़ने में लगे थे। कांग्रेस की तरफ से प्रियंका के अलावा किसी बड़े नेता की उपस्थिति महसूस ही नहीं की गई और तेजस्वी अपने घर के असंतोष को भी खत्म नहीं कर सके। अमित शाह ने स्वयं बिहार में 35 रैलियों को संबोधित किया और एक बड़े रोड शो का नेतृत्व किया। वह केवल भाषणों और रैलियों तक खुद को सीमित नहीं करते, बल्कि बूथ स्तर तक अपनी उपस्थिति बनाए रखते हैं। इससे पार्टी के साथ कार्यकर्ताओं का एक मज़बूत जुड़ाव होता है और फिर बूथ कार्यकर्ता भी अधिकतम वोट हासिल करने के लिए भरपूर मेहनत करता है। कांग्रेस का संगठन बिहार में भी गायब है और केवल गाली गलौच की सुर्खियों तक ही सीमित है। अमित शाह को भाजपा का 'चाणक्य' कहा जाता है, और बिहार में उनकी भूमिका निर्णायक साबित हुई। जीत के बाद शाह ने कहा कि यह जनादेश विकास, महिलाओं की सुरक्षा, सुशासन और गरीब कल्याण पर मुहर है। जंगलराज और तुष्टीकरण की राजनीति को बिहार ने नकार दिया। विपक्ष के 'वोट चोरी' आरोपों को खारिज करते हुए शाह ने मतदाता सूची शुद्धिकरण को राष्ट्रव्यापी मूड बताया। संक्षेप में, अमित शाह की दूरदर्शी रणनीति, असंतोष प्रबंधन और माइक्रो-प्लानिंग ने एनडीए को असंभव लग रही जीत दिलाई। यह जीत भाजपा की बिहार में मजबूती और शाह के चुनावी मास्टरमाइंड की मिसाल है। बिहार 2025 ने साबित किया कि संगठन और रणनीति से कोई भी चुनौती पार की जा सकती है।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# ज्ञान का अभिषेक



संकलित
दर्शन

अखिल ब्रह्मांड ईश्वर का स्वरूप है। श्रावण मास में बरस रही जलधारा ही ऐसी प्रतीत होती है मानो प्रकृति इस धरा का अभिषेक कर रही है। प्रकृति के इसी कृत्य का अनुकरण हम मानव भी करते हैं। श्रावण मास में हम भी शिवलिंग पर जल चढ़ा कर अपने आपको ईश्वर के उसी कृत्य के साथ जोड़ लेते हैं। ईश्वर अथवा प्रकृति के गुणों को अपनाना सदाचार है। श्रावण मास हमें यह अवसर देता है। जल जीवन है और यह धरती को पुनर्जीवित करता है। वर्षा से प्रकृति पनपती है। तपती हुई धरती पर जब वर्षा होती है तो उसे शीतलता का आभास होता है। वनस्पतियां उगने लगती हैं। पेड़ों पर नए पत्ते लगने लगते हैं। जैसे श्रावण में लोगों को गर्मी से राहत मिलती है, वैसे ही ज्ञान के श्रवण से मन को पीड़ा और बेचैनी से राहत मिलती है। श्रावण में लोग एकत्रित होकर ज्ञान-श्रवण करते हैं। दिव्य कथाएं सुनते हैं। ईश्वर का गुणगान करते हैं, जिससे उन्हें संतोष प्राप्त होता है। जब मन पर ज्ञान का अभिषेक होता है, तो मन शांत और शीतल हो जाता है। श्रावण को सबसे पवित्र महीना माना जाता है, क्योंकि यह अनेक धार्मिक उत्सवों और पर्वों को अपने साथ लाता है। हिंदू कैलेंडर में श्रावण मास भगवान शिव को समर्पित है। शिव परिवर्तन के लिए उत्तरदायी ऊर्जा हैं। शिव जीवन के मार्ग की बाधाओं को दूर करने वाले हैं। वह पुरातन को विनष्ट कर नूतन के लिए मार्ग प्रशस्त करते हैं। शिव कल्याणकारी हैं। शिव कैलाश पर्वत पर निवास करते हैं। कैलाश का अर्थ ही है कि जहां केवल उत्सव हो, केवल आनंद हो। श्रावण के महीने में संपूर्ण वातावरण उत्सव से भर जाता है।


# समस्याएं तो आती-जाती रहेंगी, हमें रुकना नहीं चाहिए



संकलित
प्रेरणा

एक व्यक्ति बहुत दुखी था। उसके पिता की मृत्यु हो चुकी थी, पूरे घर की जिम्मेदारी उस पर आ गई थी। बहुत मेहनत करने के बाद भी उसकी समस्याएं खत्म नहीं हो रही थीं। वह निराश रहने लगा था। एक दिन उस व्यक्ति को एक विद्वान संत मिले। व्यक्ति ने संत से कहा कि मैं बहुत परेशान हो गया हूं। मुझे अपना शिष्य बना लीजिए।संत ने कहा कि ठीक है, तुम शिष्य बन जाना, लेकिन पहले अपनी परेशानी बताओ। शिष्य ने कहा कि गुरु जी मेरे जीवन में एक समस्या खत्म नहीं होती है और उससे पहले ही दूसरी सामने आ जाती है। इस कारण मैं बहुत दुखी हूं। किसी भी काम में सफलता नहीं मिल पाती है, घर की भी समस्याएं बनी रहती हैं। गुरु ने कहा कि तुम मेरे साथ चलो। वह व्यक्ति संत के साथ चल दिया। कुछ देर में संत और शिष्य पास की नदी के किनारे पहुंच गए। किनारे पर पहुंचकर गुरु ने कहा कि हमें ये नदी पार करनी है। इतना कहकर संत किनारे पर ही खड़े हो गए। शिष्य भी गुरु के साथ खड़ा रहा। कुछ देर बाद शिष्य ने कहा कि हमें नदी पार करनी है तो हम यहां क्यों खड़े हैं? गुरु ने कहा कि हम इस नदी के सूखने का इंतजार कर रहे हैं, जब ये सूख जाएगी, हम इसे आसानी से पार कर लेंगे। ये बात सुनकर शिष्य बहुत हैरान हो गया। वह बोला कि गुरु जी ये कैसी बात कर रहे हैं? नदी का पानी कैसे और कब सूखेगा। हमें नदी को इसी समय पार करनी होगी। संत ने कहा कि मैं तुम्हें यही बात समझाना चाहता हूं। जीवन में भी समस्याएं आती-जाती रहेंगी। हमें सकारात्मक रहना चाहिए। निराश होकर रुकना नहीं चाहिए, लगातार आगे बढ़ते रहना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती


### बदले की भावना है यह

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को वहां के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने फांसी की सजा सुनाई है। उन पर आरोप यह भी है कि उनके राज में जब हिंसक प्रदर्शन हुआ था, तब बहुत से लोग मारे गए थे और वह उस समय वहां से भागकर हमारे देश में आ गई थी और यहां पनाह लिए हुए हैं। राजा का फर्ज होता है कि वो सुख और दुख में प्रजा के साथ खड़ा हो, खासतौर पर दुख में प्रजा के साथ खड़ा होना चाहिए। शेख हसीना बेशक अपनी जान की परवाह करते हुए हमारे देश आ गई थी, लेकिन उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए था, वहीं रहकर अपने देश की समस्या का हल निकालना चाहिए था और विदेशों से मदद की गुहार लगानी चाहिए थी। फिर भी फांसी की सजा बदले की भावना लगती है। *– प्रदीप साहू, बलौदाबाजार*

## करंट अफेयर

# सांता क्लॉज बनकर यहूदी बच्चों को दी जहरीली कैंडी

पूर्वी यूरोप के एक नव–नाजी समूह के नेता ने यहूदियों और नस्लीय रूप से अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसक हमले कराने के लिए लोगों की भर्ती करने की कोशिश का जुर्म स्वीकार कर लिया। इन साजिशों में सांता क्लॉज का भेष धारण कर बच्चों को जहरीली 'कैंडी' बांटना भी शामिल था। संघीय अभियोजकों ने कहा कि वे 22 वर्षीय मिखाइल चिखिकविशविली के लिए 18 वर्ष तक की जेल की सजा की मांग करेंगे। दोषी जॉर्जिया गणराज्य का नागरिक है और उसे 'कमांडर बुचर' के नाम से जाना जाता है। चिखिकविशविली ने ब्रुकलिन की एक संघीय अदालत में घृणा अपराधों के लिए उकसाने और बम व राइसिन बनाने की जानकारी फैलाने के आरोपों को स्वीकार कर लिया। अभियोजकों के अनुसार, चिखिकविशविली अंतरराष्ट्रीय चरमपंथी समूह 'मेनिएक मर्डर कल्ट' का नेता है। यह समूह ऐसी विचारधारा को मानता है जो नस्ली एवं धार्मिक युद्ध छेड़ने के उद्देश्य से हिंसा को बढ़ावा देती है। चिखिकविशविली को जुलाई 2024 में मोल्दोवा में गिरफ्तार किया गया था और मई 2025 में उसे अमेरिका प्रत्यर्पित किया गया। अभियोजकों के अनुसार, 2022 से वह कई बार ब्रुकलिन आया, जहां उसने एक बुजुर्ग यहूदी व्यक्ति की पिटाई करने का दावा किया।



## ऑफ बीट

# बैठने के बजाय खड़े होकर काम करना फायदेमंद है?

आधुनिक समय में हममें से अधिकतर लोग जागते हुए अपना अधिकांश समय बैठकर गुजारते हैं। हाल में एक अनुसंधान में लंबे समय तक बैठने के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभावों को रेखांकित किया गया है। कई कार्यस्थलों पर 'सिट–स्टैंड' डेस्क सिस्टम को अपनाया गया है, जिस पर आप लंबे समय तक बैठने के नुकसान से बचने के लिए डेस्क को बटन या लीवर दबाकर ऊंचा कर सकते हैं और खड़े होकर काम कर सकते हैं। लेकिन खड़ा होना बेहतर कैसे है? और क्या बहुत अधिक खड़े होने के भी नुकसान हैं? बहुत अधिक बैठने और खड़े होने के जोखिमों के बारे में अनुसंधान क्या कहता है, और क्या 'सिट–स्टैंड' डेस्क में निवेश करना ठीक है। बहुत अधिक बैठने के क्या नुकसान हैं? जो लोग बहुत अधिक बैठते हैं उनमें टाइप 2 मधुमेह, हृदय रोग और कुछ प्रकार के कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के विकसित होने और उनका जीवन कम होने की आशंका बढ़ जाती है। लंबे समय तक बैठे रहने से मांसपेशियों, हड्डियों में, खासकर गर्दन और पीठ में दर्द संबंधी शिकायत बढ़ जाती है। उन लोगों को अधिक बैठने से और भी ज्यादा नुकसान हो सकता है जो बहुत कम व्यायाम करते हैं या एक मानक स्तर तक शारीरिक गतिविधियां नहीं करते।



## ट्रेंड

### साईं बाबा का संदेश



श्री सत्य साईं बाबा को समर्पित एक स्मारक सिक्का और डाक टिकट जारी किया है। उनका संदेश समय और स्थान की सीमाओं से परे है। करुणा, सेवा और सार्वभौमिक प्रेम की उनकी शिक्षाएं आज भी दुनिया भर के लोगों का मार्गदर्शन करती हैं।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**


### मखाना बोर्ड



पहले मुख्यतः मखाने का उत्पादन बिहार में होता था, लेकिन अब मखाने का उत्पादन छत्तीसगढ़ में भी हो रहा है इसीलिए मखाना बोर्ड में छत्तीसगढ़ को भी शामिल किया जाएगा, ताकि यहां के मखाना किसानों को लाभ मिल सके।

**-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री**


### एनआरसी



असम में एनआरसी अधिसूचित नहीं किया गया है, इसलिए मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया है। हालांकि, चुनाव आयोग ने मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का आदेश दिया है। इससे हमें अवैध लोगों को बाहर निकालने में मदद मिलेगी।

**- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### एसीबी की वसूली



झारखंड में एसीबी ने शराब घोटाले के आरोपियों को गिरफ्तारी का भय दिखाकर सैकड़ों करोड़ की वसूली की। कुछ आरोपियों को गिरफ्तार तो किया, लेकिन तय समय के भीतर चार्जशीट दाखिल नहीं की गई।

**-बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम, झारखंड**

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## आज होगी कोलंबो सुरक्षा संवाद की 7वीं बैठक, शामिल होंगे एनएसए डोभाल

# भारत यात्रा पर ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री, आज जयशंकर से होगी मुलाकात

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



टैरिफ की चुनौती और वैश्विक सैन्य संघर्षों के दौर में ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पैनी वांग की बुधवार से भारत की दो दिवसीय यात्रा की शुरुआत हो गई है। विदेश मंत्रालय द्वारा इस संबंध में जारी किए गए परामर्श के मुताबिक, ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री वांग गुरुवार को भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के साथ नई दिल्ली स्थित हैदराबाद हाउस में मुलाकात करेंगी। जिसमें दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों के अलावा साझा हितों से जुड़े हुए क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किए जाने की संभावना है। इस बैठक के बाद 20 नवंबर को ही वह ऑस्ट्रेलिया के लिए प्रस्थान कर जाएंगी। जिसके साथ उनकी इस यात्रा का औपचारिक रूप से समापन हो जाएगा।

### कोलंबो सुरक्षा संवाद में भाग लेंगे

वहीं, 20 नवंबर को ही राजधानी में कोलंबो सुरक्षा संवाद (सीएससी) से जुड़े हुए देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों (एनएसए) की सातवीं बैठक का आयोजन किया जाएगा। जिसमें भारत का नेतृत्व एनएसए अजीत डोभाल करेंगे। श्रीलंका, मालदीव, मॉरीशस और बांग्लादेश के उनके समकक्ष भी इसमें शामिल होंगे। जबकि सेशेल्स की सीएससी में भागीदारी बतौर पर्यवेक्षक के रूप में देखने को मिलेगी। विदेश मंत्रालय ने बताया कि मलेशिया को संवाद में अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है।

### इन मुद्दों पर होगी चर्चा

कार्यक्रम के दौरान हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में सभी भागीदार देशों के बीच क्षेत्रीय सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए आपसी साझेदारी को और अधिक बढ़ावा देने के मामले पर चर्चा की जाएगी। इसके अलावा सहयोग के कई अन्य स्तंभों जैसे समुद्री सुरक्षा, आतंकवाद से मुकाबला, कट्टरपंथी-करण, सीमापार संगठित अपराधों पर रोक लगाना, साइबर सुरक्षा, जटिल इंफ्रास्ट्रक्चर को सुरक्षा प्रदान करना, एचएडीआर में मानवीय सहायता को बढ़ाने के अलावा रोडमैप और एक्शन प्लान-2026 पर मंथन किया जाएगा। सीएससी की छठी बैठक 2023 में मॉरीशस में हुई थी। जिसके बाद सदस्य देशों के प्रतिनिधि श्रीलंका में 2024 में संवाद की स्थापना दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने के लिए आयोजित किए गए एक समारोह में मिले थे। सीएससी के उप-एनएसए नियमित रूप से मिलते रहते हैं। इनकी पिछली बैठक जुलाई-2024 में वर्चुअल माध्यम से हुई थी।

## भारी भीड़, पानी की किल्लत और अफरातफरी दिखी

लापरवाही सुधारने का दिया आदेश

# सबरीमाला में अव्यवस्था पर हाई कोर्ट ने केरल सरकार को लगाई फटकार

एजेंसी ⏭ कोच्चि

सबरीमाला मंदिर में वार्षिक यात्रा के दौरान भारी भीड़ और अव्यवस्था ने एक बड़ा प्रशासनिक संकट खड़ा कर दिया है। इस हालात को देखते हुए केरल हाई कोर्ट ने सबरीमाला क्षेत्र में हुई भीड़ बढ़ने की घटना पर अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। कोर्ट ने साफ कहा कि यह स्थिति प्रशासनिक समन्वय की कमी, तैयारी में लापरवाही और पिछले आदेशों के पालन न होने का नतीजा है। विपक्ष ने भी सरकार पर जानबूझकर यात्रा प्रबंधन को अव्यवस्थित करने का आरोप लगाते हुए बड़ा हमला बोला है।

### श्रद्धालुओं को एक साथ जाने की अनुमति क्यों दी?

हाई कोर्ट ने कहा कि अव्यवस्था पूरी तरह से रोकने योग्य थी, लेकिन अधिकारियों के बीच समन्वय न होने और त्रावणकोर देवस्वम बोर्ड द्वारा समय पर तैयारी न होने से भीड़ अनियंत्रित हो गई। श्रद्धालुओं को एक साथ प्रवेश की अनुमति क्यों दी? किस आधार पर दी गई। यात्रियों को अलग-अलग सेक्टरों में बांटकर नियंत्रित तरीके से आगे बढ़ाया जाए।

## खबर संक्षेप

### जेल गार्ड ने पत्नी-सास को उड़ाया, खुदकुशी की

**गुरदासपुर।** केंद्रीय जेल गुरदासपुर में निजी गार्ड के तौर पर तैनात एक पूर्व सैनिक ने अपनी सरकारी



एके-47 राइफल से अपनी पत्नी और सास को गोली से उड़ा दिया। पुलिस से घिरने पर गोली मारआत्महत्या कर ली। उसकी पहचान गुरप्रीत सिंह के रूप में हुई है, जो पूर्व सैनिक था और निजी कंपनी पैसको के तहत गुरदासपुर में गार्ड की ड्यूटी कर रहा था।

### आज मणिपुर जाएंगे संघ प्रमुख भागवत

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत गुरुवार को मणिपुर जाएंगे।



जातीय हिंसा भड़कने के बाद से यह उनका पहला राज्य दौरा है। संघ के राज्य महासचिव तरुण कुमार शर्मा ने बताया, वे 3 दिन की यात्रा के दौरान नागरिकों, उद्यमियों और जनजातीय समुदाय के प्रतिनिधियों से बातचीत करेंगे।

### लघु खनिज सुधार में उत्तराखंड का सम्मान

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड में खनन सुधारों में निरंतर उल्लेखनीय कदम उठाए जा रहे



हैं। पारदर्शिता, तकनीक और सख्त निगरानी के आधार पर 4 साल में प्रदेश ने खनन क्षेत्र में रिकॉर्ड उपलब्धियां हासिल की हैं। उत्तराखंड ने लघु खनिज सुधार में देश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है।

### सपा बीएमसी चुनाव अकेले लड़ेगी: आजमी

**मुंबई।** समाजवादी पार्टी की महाराष्ट्र यूनिट के अध्यक्ष अबू



आसीम आजमी ने बुधवार को मुंबई में बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि आगामी बृहन्मुंबई महानगरपालिका चुनाव में उनकी पार्टी पूरी तरह अकेले लड़ेगी। उनकी पार्टी का कांग्रेस समेत किसी के साथ गठबंधन नहीं होगा। विधानसभा चुनाव की तरह ही अकेले लड़ेंगे।

## रूस के कजान और येकातेरिनबर्ग में खुला भारत का वाणिज्य दूतावास, जयशंकर ने किया उद्घाटन

# 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 100 बिलियन डॉलर तक लाने में मिलेगी मदद

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अमेरिकी टैरिफ से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जारी सैन्य संघर्षों की चुनौती के बीच विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर रूस की आधिकारिक यात्रा पर हैं। जिसके तहत बुधवार को उन्होंने कजान और येकातेरिनबर्ग में भारत के दो महावाणिज्य दूतावासों का उद्घाटन किया है।

इनकी मदद से दोनों देशों के बीच आगामी पांच वर्षों यानी 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 100 बिलियन डॉलर तक पहुंचाने के हमारे शीर्ष नेतृत्व के लक्ष्य से जुड़े हुए संयुक्त प्रयासों को भी बल मिलेगा। डॉ.जयशंकर ने इस संबंध में आयोजित किए गए समारोह को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी है। जिसमें उन्होंने बताया कि कजान और येकातेरिनबर्ग दोनों का अपना महत्व है। दोनों की मदद से भारत की रूस में कूटनीतिक पहुंच बढ़ेगी। साथ ही इनसे व्यापार, पर्यटन में इजाफा करने और भारत-रूस के बीच आर्थिक, वैज्ञानिक, तकनीक, अकादमिक और सांस्कृतिक संबंधों को भी मजबूती मिलेगी। विदेश मंत्रालय ने डॉ.जयशंकर के बयान को मीडिया से साझा किया है।

■ प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले साल रूस में की थी इसकी घोषणा



### पीएम मोदी ने 2024 में की थी घोषणा

यहां बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल 2024 में की गई अपनी रूस यात्रा के दौरान भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए कजान और येकातेरिनबर्ग में भारत के दो महावाणिज्य दूतावास खोलने की घोषणा की थी। यूक्रेन युद्ध के बाद की जाने वाली उनकी यह पहली रूस यात्रा थी। वर्तमान में भारत की रूस में कूटनीतिक मौजूदगी यानी मास्को में दूतावास के अलावा सेंट पीटर्सबर्ग और व्लादिवोस्तोक में वाणिज्य दूतावास हैं। अब कजान और येकातेरिनबर्ग को मिलाकर इनकी कुल संख्या 5 हो गई है।

### रूस-एशिया के बीच का पुल है कजान

विदेश मंत्री ने कजान के बारे में कहा कि ये एक बहुसांस्कृतिक और बहुभाषी क्षेत्र है। जिसे रूस को बाकी एशिया से जोड़ने वाले एक पुल के रूप में भी देखा जाता है। यहां भारत का महावाणिज्य दूतावास खोलने से दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक संबंधों का आदान-प्रदान और आईटीईसी भागीदारी को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा कजान अपने तेल उत्पादन, उसके प्रसंस्करण और उर्वरकों, ऑटोमोबाइल्स, रक्षा मैन्युफैक्चरिंग, फार्मास्युटिकल्स और बिजली उत्पादों के लिए भी प्रसिद्ध है। यहां दूतावास की शुरुआत से मुझे पूरा विश्वास है कि इसकी मदद से न केवल भारत-रूस संबंध पहले के मुकाबले और अधिक सशक्त होंगे। बल्कि उनमें एक नए अध्याय का भी आगाज होगा।

### सर्बिया का गेटवे है येकातेरिनबर्ग

जयशंकर ने बताया कि येकातेरिनबर्ग को रूस की तीसरी राजधानी कहा जाता है। जिसके पीछे की वजह इसके औद्योगिक महत्व के अलावा सर्बिया का गेटवे होना है। यह इलाका अपने भारी इंजीनियरिंग, हीरों की कटिंग, रक्षा मैन्युफैक्चरिंग, मेटलर्जी, परमाणु ईंधन, रसायन और मेडिकल उपकरणों के लिए जाना जाता है। यहां रूस द्वारा एक बेहद महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय आर्थिक मंच आईएनएनओपीआरओएम का आयोजन किया जा चुका है। ऐसे में येकातेरिनबर्ग में हमारा दूतावास होने से दोनों देशों के बीच उक्त क्षेत्रों के अलावा दोनों के बीच व्यापारिक संबंध भी प्रगाढ़ होंगे।

### रूस में 30 हजार भारतीय छात्र

रूस में भारतीयों की काफी अच्छी तादाद है। जिसमें छात्रों की संख्या 30 हजार के करीब है। इनमें से 7 हजार कजान में भारत के महावाणिज्य दूतावास के क्षेत्राधिकार में रहते हैं। जबकि 3 हजार छात्र येकातेरिनबर्ग में खोले गए दूतावास के इलाके में हैं। मुझे उम्मीद है कि दोनों जगहों पर बनी भारत की कूटनीतिक मौजूदगी का लाभ हमारे युवा छात्रों और व्यापारी समुदाय को मिलेगा। काउंसलर सेवाएं इसमें प्रमुख रूप से शामिल हैं। विदेश मंत्री ने बीते कुछ महीनों में दोनों महावाणिज्य दूतावासों की स्थापना को लेकर रूस की तरफ से प्रदान की गई सहायता को लेकर आभार प्रकट किया है। कार्यक्रम से इतर उनकी मास्को में भारतीय समुदाय से भी मुलाकात हुई है।

## जगदीप धनखड़ का इस्तीफे के बाद पहला बड़ा सार्वजनिक कार्यक्रम

# संघ नेता मनमोहन की पुस्तक का भोपाल में करेंगे विमोचन

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति पद से इसी वर्ष जुलाई में इस्तीफा देने के करीब चार महीने बाद जगदीप धनखड़ अब पहली बार किसी बड़े सार्वजनिक मंच पर दिखाई देंगे। वह 21 नवंबर को भोपाल के रवीन्द्र भवन में आयोजित एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम में शामिल होंगे, जहां आरएसएस के सह सरकार्यवाह मनमोहन वैद्य की पुस्तक "हम और यह विश्व" का विमोचन होना है। इस कार्यक्रम में धनखड़ मुख्य वक्ता होंगे।

सुरुचि प्रकाशन द्वारा आयोजित इस विमोचन समारोह में देश की कई धार्मिक और सांस्कृतिक हस्तियों की मौजूदगी भी रहेगी, जिनमें वृंदावन-मथुरा से जुड़े रीतेश्वर जी महाराज भी शामिल होंगे। आयोजन समिति ने इसकी आधिकारिक पुष्टि की है।

धनखड़ ने उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देते समय स्वास्थ्य कारणों का हवाला दिया था। इसके बाद वह सार्वजनिक कार्यक्रमों से दूर रहे और केवल नए उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन के शपथ ग्रहण के दौरान ही कैमरों के सामने दिखे थे। उसके बाद यह उनका पहला बड़ा संबोधन होगा। जिस पर राजनीतिक हलकों की विशेष नजर बनी हुई है। उल्लेखनीय है, प्रखर वक्ता के रूप में रहे धनखड़ पाँच महीने से ₹ऑफ माइक" रहने के बाद ₹ऑन माइक" होंगे। वो बोलते बोलते क्या बोलेंगे - बस इसी क़यास पर सभी की नज़र रहेगी।

उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति की हैसियत से धनखड़ के अचानक इस्तीफे को लेकर विपक्ष लगातार सवाल उठाता रहा है। राजस्थान के नेता हनुमान बेनीवाल ने भी इस्तीफे के असली कारण बताए जाने की मांग उठाई थी। ऐसे में उनका आरएसएस से जुड़े महत्वपूर्ण मंच पर मुख्य वक्ता के रूप में सामने आना कई राजनीतिक संकेतों के रूप में देखा जा रहा है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह कार्यक्रम धनखड़ की सक्रिय सार्वजनिक भूमिका की संभावित वापसी का संकेत हो सकता है, या वह किसी नए वैचारिक-राजनीतिक अध्याय की शुरुआत कर सकते हैं।

मनमोहन वैद्य की नई किताब वैश्विक परिप्रेक्ष्यों और भारत की वैचारिक स्थिति पर केंद्रित है। ऐसे में धनखड़ का संबोधन न केवल राजनीतिक, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### लालू यादव का करीबी कात्याल हिरासत में



**गुरुग्राम।** ईडी ने गुरुग्राम में घर खरीदारों के साथ कथित धोखाधड़ी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद के परिवार के करीबी माने जाने वाले रियल एस्टेट कारोबारी अमित कात्याल को गिरफ्तार किया है। कात्याल को पीएमएनएलए के तहत गिरफ्तार किया है। 6 दिन की ईडी हिरासत में भेजा गया है।

## विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने किए नामांकन आमंत्रित

# डिफेंस साइंस-टक्नोलॉजी में खास रिसर्च पर मिलेंगे 10 लाख

## कॉलेज और विश्वविद्यालयों से 1 दिसंबर तक आवेदन मांगा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

डिफेंस साइंस और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में असाधारण रिसर्च करने वाले व्यक्तियों को मान्यता और सम्मान देने के लिए रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की ओर से आवेदन मांगे जा रहे हैं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने कहा उच्च शिक्षा संस्थानों से डीआरडीओ के 2024 और 2025 के राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कारों के लिए नामांकन 1 दिसंबर तक भेज सकते हैं। इसमें डॉ. कोठारी रक्षा विज्ञान पुरस्कार और डॉ. कलाम रक्षा प्रौद्योगिकी पुरस्कार में प्रत्येक पुरस्कार के अंतर्गत प्रशस्ति पत्र और 10 लाख का नकद पुरस्कार दिया जाता है।

### सरकारी संगठनों, उद्यमों और निजी संगठनों को मिलेगा सम्मान



डीआरडीओ भवन

ये पुरस्कार सरकारी संगठनों, सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों, निजी संगठनों (शैक्षणिक, उद्योग और अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशालाओं) में कार्यरत सभी व्यक्तियों के लिए खुले हैं। कोठारी पुरस्कार रक्षा विज्ञान में बुनियादी अनुसंधान के क्षेत्र में योगदान के लिए दिया जाएगा, जबकि दूसरा पुरस्कार रक्षा प्रौद्योगिकी के विकास के लिए दिया जाएगा।

### इन निकायों के माध्यम से करें नामांकन

नामांकन केवल मंत्रालय, विभागों, संगठनों, निजी एजेंसियों के माध्यम से ही स्वीकार किया जाएगा। नामांकन पत्र में नामांकित व्यक्ति की सहमति उसके हस्ताक्षर के माध्यम से दर्शाई जानी चाहिए और व्यक्तिगत जानकारी अनिवार्य है।

### उपलब्धियों और नवाचारों को मान्यता मिलेगी

यूजीसी ने कहा कि इन पुरस्कारों का उद्देश्य सरकारी संगठन/सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों/निजी संगठनों (शैक्षणिक, उद्योग, अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशालाओं) में सेवारत व्यक्तियों की उत्कृष्ट उपलब्धियों और नवाचारों को मान्यता देना है, जिनके योगदान ने हमारे देश की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण रक्षा संबंधी अनुसंधान की प्रगति को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित किया है।

# एनआईटी आदर्श डिजिटल गांव निर्माण में अहम भूमिका निभाए : राष्ट्रपति मुर्मू

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को एनआईटी दिल्ली के 5वें दीक्षांत समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) जैसे उच्च तकनीकी शिक्षण संस्थान देश में आदर्श डिजिटल गांवों के निर्माण में अहम योगदान दे सकते हैं। ये संस्थान सरल तकनीकी समाधान विकसित कर ग्रामीण क्षेत्रों तक तकनीक की पहुंच



सुनिश्चित कर सकते हैं। लोगों को डिजिटल कौशल सिखा सकते हैं और उद्योगों से गांवों में सुविधाओं के विकास को गति दे सकते हैं।

### डिजिटल इंडिया अभियान ने अहम काम किया

राष्ट्रपति ने कहा कि डिजिटल इंडिया अभियान ने देश में तकनीक को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया है। कई अवसरों के नए द्वार खुले हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों तक तेज इंटरनेट, डिजिटल सेवाओं और आधुनिक तकनीकी सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर प्रयासरत है। एनआईटी दिल्ली की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि संस्थान ने कम समय में ही राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है।


## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा सूचना

निविदा सं. 46255380 के लिए भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए कार्यरत सहायक सामग्री प्रबंधक द्वारा ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण इस प्रकार है:–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | Supply of Transmission assembly as per part no. 80000918 of model CRT-5633 suitable for using in BEML make 8 wheeler Tower wagon. Make:-AVTEC. |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत | 5938029/- |
| 3 | मात्रा | 02 Nos. |
| 4 | निविदा की बोली प्रस्तुत (जमा) करने की तिथि एवं समय | 18.12.2025 (11:00 Hrs.) |
| 5 | निविदा दस्तावेजों को खोलने की तिथि एवं समय | 18.12.2025 (11:00 Hrs.) |
| 6 | वेबसाइट की विवरण, जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in |

टिप्पणी: (i) ई–निविदा प्रणाली में शामिल होने के लिए निविदादाता को भारतीय रेल ई–प्रापण प्रणाली (IREPS) साइट अर्थात् www.ireps.gov.in पर पंजीकृत होना चाहिए। (ii) सभी नियमों एवं शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। (iii) कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं हैं। एनआईटी सं. 46255380 दिनांक:-14-11-2025 3589/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा सूचना

निविदा सं. 46255381 के लिए भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए कार्यरत सहायक सामग्री प्रबंधक द्वारा ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण इस प्रकार है:–

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Supply of transmission assembly as per part no. 80001325 of model CRT 5633 suitable for use in Phooltas make 04 wheeler tower wagon. Make:-AVTEC | | |
| कार्य की अनुमानित लागत | ₹55,24,229/- | मात्रा | 2 Nos. |
| निविदा की बोली प्रस्तुत(जमा) करने की तिथि एवं समय | 22.12.2025 (11:00 बजे) | निविदा दस्तावेजों को खोलने की तिथि व समय | 22.12.2025 (11:00 बजे) |
| वेबसाइट का विवरण, जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in | | |

नोट: (I) ई–निविदा प्रणाली में शामिल होने के लिए निविदादाता को भारतीय रेल ई–प्रापण प्रणाली (IREPS) साइट अर्थात् www.ireps.gov.in पर पंजीकृत होना चाहिए। (II) सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। (III) कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं है।

एनआईटी सं.: 46255381 दिनांक: 18.11.2025 3587/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## छत्तीसगढ़ की जनता को स्वच्छ हवा और बेहतर पर्यावरण देने की दिशा में ऐतिहासिक कदम

सुप्रीम कोर्ट को भी देना पड़ रहा दखल

# बृजमोहन की प्रभावी पहल: छत्तीसगढ़ को मिला 301.69 करोड़ का स्वच्छ वायु अनुदान, रायपुर को अकेले 151.59 करोड़ मिले

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बेहद ख़राब वायु प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट जो दखल देना पड़ रहा है। दिल्ली एनसीआर की जनता प्रदूषण से परेशान है। सांसों के मरीजों का बुरा हाल है। इस बीच छत्तीसगढ़ की जनता को स्वच्छ हवा और बेहतर पर्यावरण देने की दिशा में आज एक ऐतिहासिक कदम दर्ज हुआ है। लोकसभा में 19 अगस्त को नियम 377 के तहत छत्तीसगढ़ के पर्यावरणीय संकट को मुखरता से उठाने वाले रायपुर लोकसभा सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल की पहल पर केंद्र सरकार ने निर्णायक कार्रवाई करते हुए रायपुर, कोरबा और दुर्ग-भिलाई के लिए 301.69 करोड़ रुपए का स्वच्छ वायु



अनुदान स्वीकृत किया है। पहली बार छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से लोकसभा के सांसद बनकर पहुंचे बृजमोहन अग्रवाल ने निश्चित रूप से बेहद कम समय में संसदीय कार्यवाही के माध्यम से छत्तीसगढ़ के विकास में केंद्रीय योजनाएं झटकने में अव्वल साबित हुए हैं। अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि छत्तीसगढ़ की वायु गुणवत्ता उत्तम रखने के लिए के दिया पर्यावरण मंत्रालय से जारी हुए रकम में अकेले रायपुर शहर को 151.59 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। छत्तीसगढ़ की राजधानी में पर्यावरण सुधार के लिए अब तक का सबसे बड़ा केंद्रीय वित्तीय पैकेज है। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने पत्र लिखकर बृजमोहन अग्रवाल को सूचित किया कि छत्तीसगढ़ के तीन बड़े शहर वायु गुणवत्ता मानकों को पूरा न करने के चलते राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) में शामिल किए गए हैं। कार्ययोजनाओं के क्रियान्वयन और प्रदर्शन आधारित मूल्यांकन के बाद इन शहरों को बड़ी राशि प्रदान की गई है।

कोरबा शहर को मंत्रालय की प्रदूषण नियंत्रण योजना के तहत सहायता दी जाती है, जबकि रायपुर, दुर्ग और भिलाई जैसे 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले शहरों को 15वें वित्त आयोग के वायु गुणवत्ता अनुदान से वित्त पोषित किया जाता है।

स्वच्छ वायु अनुदान के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव का आभार व्यक्त करते हुए सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, "यह राशि केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की करोड़ों जनता की सेहत और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का संकल्प है। मैंने लोकसभा में यह मुद्दा उठाया क्योंकि स्वच्छ हवा हर नागरिक का अधिकार है। केंद्र सरकार ने जिस तत्परता और गंभीरता से हमारी बात मानी, उसके लिए मैं हृदय से आभारी हूं।

### औद्योगिक क्षेत्रों की प्रदूषण स्थिति पर भी निर्णायक कदम

राष्ट्रीय पर्यावरण इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्थान (नीर) ने रायपुर क्षेत्र में औद्योगिक स्रोतों से होने वाले प्रदूषण का विस्तृत अध्ययन किया है।केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने सिलतरा और रायपुर औद्योगिक क्षेत्र को क्रिटिकली 'पोल्यूटेड एरिया' घोषित किया है। इसी के मद्देनज़र छत्तीसगढ़ पर्यावरण मंडल को उरला, सिलतरा, कोरबा और भिलाई औद्योगिक क्लस्टरों में पर्यावरणीय गुणवत्ता बहाली की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। 12 सितंबर को सीपीसीबी ने गंभीर प्रदूषित क्षेत्रों की कार्ययोजनाओं की समीक्षा भी की है। माना जा रहा है कि केंद्र की आर्थिक शक्ति से आने वाले वर्षों में वायु गुणवत्ता में छग के सभी शहरों में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिलेगा, शुद्ध वायु की उत्कृष्टता सुनिश्चित हो सकेगी।


## दि महम सह. चीनी मिल्स लि., महम (रोहतक)

### ई-निविदा सूचना

मूल निर्माताओं / वितरकों / प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारों को अग्रलिखित सामग्री के लिए ई-टेंडरिंग द्वारा उनकी दरें जमा करवाना आवश्यक है - 1) बॉयलर केमिकल, 2) ट्यूब सफाई कार्य, 3) ईटीपी केमिकल, 4) गन्ना कटिंग, कटाई, सफाई और परिवहन कार्य, 5) इन्सुलेशन का एआरसी, 6) फायर साइड केमिकल 7) फैक्ट्री की छत सामग्री, 8) कन्फेड चीनी परिवहन, 9) चीनी हैंडलिंग कार्य।

विस्तृत निविदा प्रपत्र उपरोक्त मदों के अनुसार ई-टेंडरिंग पोर्टल-http://etenders.hry.nic.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं। निविदा ई-टेंडरिंग पोर्टल http://etenders.hry.nic.in के माध्यम से 01.12.2025 को पूर्वा. 9.00 बजे या इससे पूर्व ऑनलाइन पहुंच जानी चाहिए। निविदाएं 01.12.2025 को पूर्वा. 09.10 बजे खोली जाएंगी तथा नेगोसिएशन 03.12.2025 को पूर्वा. 11.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आयोजित की जाएगी। सामग्री की खरीद सरकारी नीति के अनुरूप की जाएगी। मिल प्रबंधन बिना कोई कारण बताए किसी/सभी निविदा/निविदाओं, मद/मदों को स्वीकार/रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

संवाद-1039/11/113/2026/40448/सी/88/7 दि. 19.11.25 हस्ता/- प्रबंध निदेशक

## डीजीसीए ने इंडिगो पर 20 लाख का लगाया जुर्माना

**नई दिल्ली।** विमानन नियामक नागर विमानन महानिदेशालय ने उदयपुर हवाई अड्डे पर इंस्ट्रूमेंट उड़ान प्रक्रिया से संबंधित उल्लंघन के लिए इंडिगो पर 20 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। मंगलवार को बीएसई को जुर्माने की जानकारी देते हुए कहा कि कंपनी की अन्य गतिविधियों पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। कंपनी ने कहा, जुर्माना, कंपनी द्वारा उदयपुर हवाई अड्डे के लिए तैयार की गई।

# जापान के बांड बाजार में बढ़ रहा संकट, इंडिया पर भी पड़ सकता है असर?

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- कीमत स्थिर रखने बैंक ऑफ जापान को बांड खरीदारी करनी पड़ी

जापान के बांड मार्केट में पिछले कई सालों का सबसे बड़ा उथल-पुथल दिख रहा है। लंबी अवधि के बांडस की यील्ड कई दशकों की उंचाई पर पहुंच गई है। कीमतों में सबसे ज्यादा गिरावट 20-40 साल के बांड सेगमेंट में दिखी है। आम तौर पर इस सेगमेंट में कीमतों में ज्यादा उतार-चढ़ाव देखने को नहीं मिलता है। ज्यादा उतार-चढ़ाव को देखते हुए बैंक ऑफ जापान को हस्तक्षेप करने को मजबूर होना पड़ा है। कीमतों में स्थिरता के लिए बैंक ऑफ जापान को बांड की खरीदारी करनी पड़ी है। बैंक ऑफ जापान ने अपनी काफी ज्यादा नरम मॉनेटरी पॉलिसी को बदलने की शुरुआत की थी। लेकिन, इससे बांड्स में बिकवाली शुरू हो गई। अब नजरें बैंक ऑफ जापान पर टिक गई हैं। सवाल है कि हालात से निपटने के लिए जापान का केंद्रीय बैंक क्या कदम उठाएगा? क्या जापान की वित्तीय स्थिति मार्केट्स के लिए खतरा बन रहा है? इनवेस्टर्स को ज्यादा संख्या में नए बांड्स इश्यू होने की उम्मीद है।

### जापान के संस्थागत निवेशकों के पास काफी ज्यादा विदेशी बांड

#### भारत के यील्ड पर पड़ सकता है असर

*जापान के घटनाक्रम के असर से इंडिया भी अछूता नहीं रहेगा। हालांकि, भारत में सरकारी बांड्स में विदेशी निवेश बहुत ज्यादा नहीं है, लेकिन दुनिया के बड़े बांड सूचकांकों में इंडियन बांड्स के शामिल होने से स्थिति बदलती दिख रही है। जापान के सरकारी बांड्स की यील्ड में उछाल से ग्लोबल रिस्क-फ्री बेंचमार्क ऊपर जा सकता है। इससे इंडिया में भी बांड्स यील्ड में उछाल को लेकर उम्मीद बढ़ जाएगी। ग्लोबल बांड्स यील्ड बढ़ने से लंबी अवधि के कर्ज की कॉस्ट बढ़ जाती है।*




*'सेल जापान' ट्रेड पर बढ़ रहा जोर : जापान पर कर्ज का बोझ दुनिया में सबसे हाई लेवल पर पहुंच गया है। ऐसे में मार्केट सबसे लंबी अवधि वाले बांड्स पर ज्यादा इंटरेस्ट रेट चाहता है। इससे 'सेल जापान' ट्रेड पर जोर बढ़ता दिख रहा है। इनवेस्टर्स जापान के सरकारी बांड्स को शॉर्ट कर रहे हैं। वे कमजोर येन पर दांव लगा रहे हैं। कुछ चुनिंदा शेयरों में निवेश भी घटा रहे हैं।*

#### क्राइसिस का व्यापक असर पड़ सकता है

जापान के संस्थागत निवेशकों के पास काफी ज्यादा विदेशी बांड्स, शेयर और अल्टरनेटिव एसेट्स हैं। जब जापान के सरकारी बांड्स की यील्ड काफी ज्यादा बढ़ जाती है तो विदेशी निवेशकों के बीच इसके अट्रैक्शन पर असर पड़ता है। लेकिन, जापान के इनवेस्टर्स अपना पैसा वापस जापान ला रहे हैं, क्योंकि जापान के बांड्स पर उन्हें ज्यादा यील्ड मिल रही है। इसका असर कई तरह से पड़ सकता है। जापान के फंड्स अमेरिकी सरकार के बांड्स (यूएस ट्रेजरी), यूरोपीय सॉवरेन बांड्स और इमर्जिंग मार्केट डेट में निवेश घटा सकते हैं। इससे ग्लोबल बांड्स यील्ड में उछाल दिख सकता है।

#### लिक्विडिटी पर पड़ सकता है असर

इससे जापान के इनवेस्टर्स विदेश में अपनी होल्डिंग्स में बदलाव कर सकते हैं। इससे डॉलर, यूरो और कई एशियाई करेंसी में उतार-चढ़ाव बढ़ सकता है। जापान के एसेट्स में इनवेस्टर्स की दिलचस्पी बढ़ने से ग्लोबल रिस्क मार्केट में लिक्विडिटी पर असर पड़ सकता है।

---

## सेबी चेयरमैन पांडेय ने कहा, प्रक्रिया डिजिटल बनाने पर काम

# सेबी विदेशी निवेशकों के पंजीकरण की प्रक्रिया को और सुगम बनाएगा

- उद्देश्य, पंजीकरण की समयसीमा महीनों से घटाकर कुछ दिनों में लाना
- आंकड़ों की गोपनीयता संबंधी चिंता का उचित समाधान किया जाए
- सेवा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने पर जोर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने बुधवार को कहा कि बाजार नियामक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) पंजीकरण प्रक्रिया को पूरी तरह से डिजिटल बनाने को लेकर सक्रियता से काम कर रहा है। पांडेय ने कहा कि इसका उद्देश्य पंजीकरण की समयसीमा को महीनों से घटाकर कुछ दिनों में लाना है। साथ ही यह सुनिश्चित करना है कि आंकड़ों की गोपनीयता संबंधी चिंता का उचित समाधान किया जाए।

चेयरमैन ने कहा कि सेवा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए, सेबी एफपीआई पंजीकरण के लिए एक दूसरा मंच भी तैयार कर रहा है। इसे वर्तमान में सीडीएसएल विकसित कर रहा है। यह पहल ऐसे समय में की गई है जब घरेलू निवेशकों की भागीदारी बढ़ने के बावजूद विदेशी निवेशक भारतीय बाजार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

#### भारत ने 1992 में विदेशी निवेशकों के लिए दरवाजे खोले

*पांडेय ने गोल्डमैन शैक्स के 14वें भारत सीआईओ सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि विदेशी निवेशक भारत के पूंजी बाजारों के केंद्र में बने हुए हैं। 1992 में जब से भारत ने एफपीआई के लिए अपने दरवाजे खोले हैं, पोर्टफोलियो प्रवाह ने 9.3 प्रतिशत का विस्तारित आंतरिक रिटर्न (एक्सआईआरआर) दिया है। एक्सआईआरआर किसी निवेश पर वार्षिक रिटर्न दर को बताता है।*

#### सूचीबद्ध कंपनियों में 17 फीसदी की हिस्सेदारी

एफपीआई सितंबर, 2025 तक 876 अरब डॉलर मूल्य की संपत्ति का प्रबंधन कर रहे थे। उनकी सूचीबद्ध कंपनियों में लगभग 17 प्रतिशत हिस्सेदारी है। पांडेय ने कहा कि इसके साथ सेबी बाजार पहुंच को और भी सुगम बनाने के तरीकों पर विचार कर रहा है। प्रस्तावित ढांचे के तहत, स्वागत-एफआई (भरोसेमंद विदेशी निवेशकों के लिए एकल खिड़की स्वचालित और सामान्यीकृत पहुंच) को जल्द ही बिना किसी अतिरिक्त अनुमोदन के फेमा के तहत निर्धारित अन्य मार्गों से निवेश करने की अनुमति दी जा सकती है।



*एंकर निवेशक ढांचे को संशोधित किया गया : इसके अतिरिक्त, आईपीओ में एंकर निवेशक ढांचे को संशोधित किया गया है ताकि कई फंड संचालित करने वाले बड़े एफपीआई की भागीदारी आसान हो सके। साथ ही एंकर पूल का विस्तार करके जीवन बीमा और पेंशन कोष जैसे दीर्घकालिक निवेशकों को भी इसमें शामिल किया जा सके।*

*बाजार में तरलता बढ़ाने ब्लॉक विंडो : सेबी ने इंडिया मार्केट एक्सेस पोर्टल जैसे उपकरणों के साथ परिवेश को भी मजबूत किया है, जो सभी नियामक और प्रक्रियात्मक सूचनाओं को एक ही स्थान पर एकत्रित करता है। साथ ही बाजार में तरलता बढ़ाने के लिए 'ब्लॉक विंडो' ढांचे की व्यापक समीक्षा भी की है।*

#### वैश्विक निवेशकों को सर्वश्रेष्ठ अनुभव मिलेगा

पांडेय के अनुसार, सेबी के सुधारों का अगला चरण वैश्विक निवेशकों के लिए सर्वश्रेष्ठ अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। हाल के महीनों में, नियामक ने एफपीआई के बारे में मिले सुझावों पर लगातार काम किया है। पंजीकरण मॉड्यूल को तीव्र और अधिक उपयोगकर्ता-अनुकूल बनाने के लिए इसमें सुधार किया गया है।

#### एक दिन के कारोबार में शुद्ध निपटान की अनुमति पर विचार

सेबी प्रमुख ने कहा कि नियामक इस बात पर भी विचार कर रहा है कि क्या एफपीआई के लिए एक दिन में किए गए सभी कारोबार के लिए शुद्ध रूप से निपटान की अनुमति दी जा सकती है। यह एक परिचालन बदलाव है जिससे लागत कम हो सकती है, क्योंकि एफपीआई को वर्तमान में प्रत्येक कारोबार के लिए डिलिवरी देनी और लेनी होती है। उन्होंने कहा कि सेबी इन सुधारों को आगे बढ़ाने के लिए आरबीआई और वित्त मंत्रालय के साथ मिलकर काम कर रहा है।

## अदाणी ने एडब्ल्यूएल एग्री में 13% हिस्सेदारी बेची

**नई दिल्ली।** अदाणी समूह ने बाजार से इतर लेनदेन के जरिये एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस लिमिटेड (पूर्व में अदाणी विल्मर लिमिटेड) में अपनी 13 प्रतिशत अतिरिक्त हिस्सेदारी विल्मर इंटरनेशनल की एक अनुषंगी कंपनी को बेच दी है। एलएलपी ने एडब्ल्यूएल में 16.9 करोड़ (13 प्रतिशत) शेयर विल्मर इंटरनेशनल की एक अनुषंगी कंपनी लेंस प्राइवेट लिमिटेड को बेचे। यह बिक्री इस साल की शुरुआत में घोषित व्यापक हिस्सेदारी विनिवेश योजना का हिस्सा है। इसके तहत विल्मर 275 रुपये प्रति शेयर की कीमत पर एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस के शेयर खरीदने पर सहमत हुई थी। अदाणी समूह की प्रमुख कंपनी और एसीएल की मूल कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड और एडब्ल्यूएल ने बिक्री मूल्य का खुलासा नहीं किया है।

## इन्फोसिस की 18,000 करोड़ की शेयर पुनर्खरीद आज से

**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी सेवा कंपनी इन्फोसिस का अब तक का सबसे बड़ा 18,000 करोड़ रुपये का शेयर पुनर्खरीद कार्यक्रम गुरुवार से अभिदान के लिए खुलेगा और 26 नवंबर को बंद होगा। सूचना में कहा कि कंपनी का लक्ष्य पांच रुपये अंकित मूल्य के 10 करोड़ पूर्ण चुकता इक्विटी शेयरों को 1,800 रुपये प्रति शेयर के भाव से वापस खरीदना है। यह कुल चुकता इक्विटी शेयर पूंजी का 2.41 प्रतिशत है। पात्र शेयरधारक निविदा अवधि, यानी 20 नवंबर, 2025 से 26 नवंबर, 2025 तक, अपने इक्विटी शेयर प्रस्तुत कर सकते हैं।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

निविदा सं. 46235031B के लिए भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए कार्यरत सहायक सामग्री प्रबंधक द्वारा ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण इस प्रकार है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | 3-Phase Traction Motor with Pinion as per Bombardier part no-3EJD000001-1504. Make- Bombardier. |
| 2. | कार्य की अनुमानित लागत | Rs.22986304/- |
| 3. | मात्रा | 08 Nos |
| 4. | निविदा की बोली प्रस्तुत (जमा) करने की तिथि एवं समय: | 15.12.2025 (11:00 Hrs.) |
| 5. | निविदा दस्तावेजो को खोलने की तिथि एवं समय | 15.12.2025 (11:00 Hrs.) |
| 6. | वेबसाइट का विवरण जहाँ निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in |

टिप्पणी (i) ई–निविदा प्रणाली में शामिल होने के लिए निविदादाता को भारतीय रेल ई–प्रापण प्रणाली (IREPS) साइट अर्थात् www.ireps.gov.in पर पंजीकृत होना चाहिए। (ii) सभी नियमों एवं शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। (iii) कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं हैं।

एनआईटी सं.: 46235031B दिनांक: 14.11.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3591/25

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

निविदा सं. 46255379 के लिए भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए कार्यरत सहायक सामग्री प्रबंधक द्वारा ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण इस प्रकार है:–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | 3-Phase Traction motor type 48-45-6 along with pinion for EMU rakes as per Part No.SPTSA007933R001 (Traction motor) and SPTSA005962P0001 (Pinion) of M/s Medha Traction Equipment Pvt. Ltd. |
| 2. | कार्य की अनुमानित लागत | 15194270/- |
| 3. | मात्रा | 05 Nos |
| 4. | निविदा की बोली प्रस्तुत(जमा) करने की तिथि एवं समय | 22.12.2025 (11:00 Hrs.) |
| 5. | निविदा दस्तावेजों को खोलने की तिथि एवं समय | 22.12.2025 (11:00 Hrs.) |
| 6. | वेबसाइट की विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

टिप्पणी: (i) ई–निविदा प्रणाली में शामिल होने के लिए निविदादाता को भारतीय रेल ई–प्रापण प्रणाली (IREPS) साइट अर्थात www.ireps.gov.in पर पंजीकृत होना चाहिए।
(ii) सभी नियमों एवं शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
(iii) कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं है।

एनआईटी सं. – 46255379 दिनांक : 14.11.2025 3590/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

एनआईटी सं. 46255247 दिनांक : 14.11.2025

निविदा सं. 46255247 के लिए भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए कार्यरत सहायक सामग्री प्रबंधक द्वारा ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण इस प्रकार है :–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | ECC and Auxiliary Converter IGBT Based complete for AC EMU Three Phase Type MAE675V2 as per MEDHA Part No. SP675101003 |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत | 6025080/- |
| 3 | मात्रा | 01 Nos. |
| 4 | निविदा की बोली प्रस्तुत (जमा) करने की तिथि एवं समय | 18.12.2025 (11:00 Hrs.) |
| 5 | निविदा दस्तावेजों को खोलने की तिथि एवं समय | 18.12.2025 (11:00 Hrs.) |
| 6 | वेबसाइट की विवरण, जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in |

टिप्पणी : (i) ई–निविदा प्रणाली में शामिल होने के लिए निविदादाता को भारतीय रेल ई–प्रापण प्रणाली (IREPS) साइट अर्थात www.ireps.gov.in पर पंजीकृत होना चाहिए। (ii) सभी नियमों एवं शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेजे देखें। (iii) कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3592/25


---

> एनएसई निफ्टी फिर 26,000 अंक के पार पहुंच गया

# आईटी शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी लौटी सेंसेक्स 513 अंक चढ़ा

एजेंसी ⏭ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 513 अंक चढ़ गया जबकि एनएसई निफ्टी फिर 26,000 अंक के पार पहुंच गया। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर उम्मीद बंधने के साथ आईटी शेयर में लिवाली और घरेलू संस्थागत निवेशकों की लगातार खरीदारी से बाजार में तेजी आई। तीस शेयर पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 513.45 अंक की बढ़त के साथ 85,186.47 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान मानक सूचकांक एक समय 563.75 अंक तक चढ़ गया था। वहीं निफ्टी 142.60 अंक चढ़कर 26,052.65 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में एचसीएल टेक, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, हिंदुस्तान यूनिलीवर, सन फार्मा और टाइटन प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी ओर नुकसान में रहने वाले शेयर में टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, मारुति, अदाणी पोर्ट्स और बजाज फाइनेंस शामिल हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के मंगलवार को कहा था कि भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते पर 'आप अच्छी खबर सुनेंगे' जब यह समझौता निष्पक्ष, न्यायसंगत एवं संतुलित होगा। इस बयान से भी बाजारों को थोड़ा समर्थन मिला। लेमन मार्केट्स डेस्क के शोध विश्लेषक गौरव गर्ग ने कहा कि मंगलवार की गिरावट के बाद बुधवार को शेयर बाजारों में तेजी लौटी। बाजार को मुख्य रूप से आईटी शेयरों में मजबूत लिवाली से समर्थन मिला।

## सोने में 1,500 रुपये की तेजी व चांदी 4,000 रुपये मजबूत



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय कीमतों में तेजी के चलते बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 1,500 रुपये बढ़कर 1,27,300 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,500 रुपये बढ़कर 1,26,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर पहुँच गई। चांदी की कीमतों में भी तेजी आई और यह 4,000 रुपये बढ़कर 1,60,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गई। इससे स्थानीय सर्राफा बाजार में तीन दिन की गिरावट थम गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, "बुधवार को सोने में तेजी आई, जिसे नए सिरे से सुरक्षित निवेश की मांग का समर्थन मिला, जबकि अमेरिकी श्रम बाजार में लगातार कमजोरी के संकेतों ने संभावित ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों को बनाए रखा। वैश्विक मोर्चे पर, हाजिर सोने ने लगातार दूसरे सत्र में अपनी बढ़त जारी रखी।


**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**PUBLIC NOTICE**

To whomsoever it may concern we, **Amit Arora S/o Late Sh. R.L. Arora and Sh. Nitin Arora S/o Late Sh. R.L. Arora, are the owner of DDA SFS Flat No.199 on Third Floor, Pocket-A-4, Kalkaji Extension, New Delhi.** we have lost/misplaced the **Original Demand Letter, Allocation Letter, Possession Letter, Possession Slip and NOC for Water and Electricity** pertaining to the said flat. An FIR to this effect has been lodged at the concerned Police Station, vide **LR No. 3364476/2025 dated 19/11/2025.** Any person having any claim, right, or objection in respect of the said property may contact the undersigned at the above address or on Phone No.9811060686 within 15 days from the date of publication of this notice. Such person may also inform the Dy. Director (SFS-H) or Asstt. Director (SFS-H), D-Block, Third Floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **(1) राज कुमार** पुत्र स्वर्गीय श्री गिरधारी लाल निवासी मकान नंबर 779, न्यू गोपाल नगर, जलंधर, पंजाब **(2) संजय** पुत्र विश्वनाथ शाह निवासी- मकान नंबर डी-72 फेज-II इंद्रा एन्क्लेव, प्रेम नगर, किरारी, नई दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 253/2021 धारा 33/52 दिल्ली आबकारी अधिनियम और 482 भा.द.स थाना तिगरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) राज कुमार, (2) संजय** मिल नहीं रहे और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) राज कुमार, (2) संजय** फ़रार हो गए है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **(1) राज कुमार, (2) संजय, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 253/2021 धारा 33/52 दिल्ली आबकारी अधिनियम और 482 भा.द.स थाना तिगरी, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.12.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**श्री चतिंदर सिंह**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-04
दक्षिण जिला, कमरा संख्या 211
साकेत न्यायालय परिसर, दिल्ली

DP/15482/SD/2025


## राशिफल

**मेष** — परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी।

**वृष** — कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। व्यर्थ की भागदौड़ बढ़ सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — लाभ में में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कर्क** — सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करें। मान–सम्मान बढ़ेगा। बातचीत में संतुलन बनाए रखें। वाणी में कठोरता का प्रभाव हो सकता है।

**सिंह** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव हो सकते हैं।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें।

**वृश्चिक** — पठन–पाठन में रुचि बढ़ेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यभार में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।

**धनु** — जीवनसाथी से नोकझोंक हो सकती है। कुटुम्ब में मान–सम्मान की प्राप्ति के योग हैं। लंबी यात्रा पर जाना हो सकता है। सुखद परिणाम मिलेंगे।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। खर्चों की अधिकता रहेगी। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ** — नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मान–सम्मान मिलेगा। शासन–सत्ता का सहयोग रहेगा। कला एवं संगीत में रुचि बढ़ेगी। खर्च अधिक रहेंगे।



## एबीवीपी का मिशन साहसी समाज की वास्तविक आवश्यकता और समय की मांग : जिंदल

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गुरुग्राम महानगर द्वारा मिशन साहसी के मेगा डेमोंस्ट्रेशन कार्यक्रम का आयोजन महारानी लक्ष्मी बाई जयंती के उपलक्ष में अत्यंत उत्साहपूर्ण और ऊर्जावान माहौल में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। मेगा डेमोंस्ट्रेशन के मुख्य अतिथि संघ के क्षेत्रीय संचालक पवन जिंदल ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि "आत्मरक्षा केवल एक कला नहीं, बल्कि यह आत्मसम्मान, आत्मविश्वास और निडर जीवन का आधार है।" उन्होंने यह भी कहा कि आज की बालिकाएँ राष्ट्र की शक्ति हैं और इस प्रकार का प्रशिक्षण न केवल उन्हें सुरक्षित बनाता है, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का साहस भी देता है।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी भिवानी | बाढ़ से क्षतिग्रस्त दादरी और बाढड़ा निर्वाचन क्षेत्र, जिला चरखी दादरी में सम्पर्क सड़कों अर्थात सरूपगढ़ से कनेटी, इमलोटा कनेटी, संतोर से निमली, जेवली से चांदवास। बलकारा से दादरी- महेन्द्रगढ़ रोड की विशेष मरम्मत। (आईडी-482, 491, 480, 4582 और 450). | बंद होने की तिथि 25.11.2025 | रु. 45,44,041/- | https://etenders.hry.nic.in | 01664-242782 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in


संवाद–13/2026/40/40464/1/88/7 दि. 19.11.25


## शब्द पहेली - 6053

**बाएँ से दाएँ**
1.यश प्राप्त करना–5
5.चतुर, जहीन–5
9.दया, तरस–3
10.कामदेव–3
11.लीन, तल्लीन–2
13.बोली, आवाज–2
14.राजदुर्वा–2
15.एक प्रकार का बिस्किट–2,3
18.मत, सलाह–2
19.जो लायक न हो–4
20.अधीनस्थ–4
21.कहानी, गाथा–2
22.श्रवणेंद्रिय–2
23.कुएं से पानी भरने का चबूतरा–4
26.दान देने वाला–4
29.वरदान, दूल्हा–2
30.पत्नी का नाना–2,3
33.सूर्य, दिनकर–2
34.भीगा हुआ–2
35.सुर आलाप–2
36.फूलों का रस,अर्क–3
38.तरंग, हिलोर–3
41.जरुरतमंद–5
42.सेंधमार–5

**ऊपर से नीचे**
1.नामकरण–5
2.टैक्स,हाथ–2
3.महीना, मास–2
4.नामवर, प्रसिद्ध–4
5.संधि, सामंजस्य–4
6.सरुर, नशा–2
7.झंकार–2
8.रमण योग्य–5
12.तगारी, नांद–3
13.सुअर–3
15.अभिमान मर्दित होना –2,3
16.समाप्त–2
17.नेकनीयत–5
23.हनुमान–3,2
24.मुलायम–3
25.उम्मीद, आशा–2
27.बहादुरी–3
28.शिव, रविलोचन–2,3
31.नामचीन–4
32.सुसंचालन–4
36.चेहरे का तेज, दर्प–2
37.रिश्तेदार–2
39.अधिकार–2
40.ईश्वर, भगवान–2

### शब्द पहेली- 6052 का हल



# कुराकाओ ने विश्व कप में जगह बनाकर दुनिया को चौंकाया

## डेढ़ लाख की आबादी वाले कुराकाओ ने किया कमाल, 12 अंकों के साथ ग्रुप-बी में रहा शीर्ष पर

एजेंसी ▶▶| किंग्सटन

कुराकाओ की जनसंख्या लगभग डेढ़ लाख है लेकिन इसके बावजूद उसने अगले साल होने वाले फुटबॉल विश्व कप में जगह बनाकर नया इतिहास रच दिया। कुराकाओ ने जमैका के साथ गोलरहित ड्रॉ खेलकर पहली बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। इस तरह से वह फुटबॉल विश्व कप में जगह बनाने वाला सबसे कम आबादी वाला देश बन गया है। कुराकाओ के केंद्रीय सांख्यिकी ब्यूरो के अनुसार पिछली जनवरी तक देश की जनसंख्या 156,115 थी। इससे पहले विश्व कप फुटबॉल में जगह बनाने वाला सबसे कम आबादी वाला देश आइसलैंड था। उसने जब 2018 में रूस ने खेले गए विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया था तब उसकी जनसंख्या लगभग 350,000 थी।

**कोच एडवोकाट के नहीं रहने के बावजूद किया प्रवेश**



कुराकाओ ने कॉनकाकाफ में शामिल देशों के क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में एक भी मैच नहीं गंवाया तथा 12 अंकों के साथ ग्रुप बी में शीर्ष पर रहा। कुराकाओ ने नीदरलैंड के रहने वाले अपने कोच डिक एडवोकाट की अनुपस्थिति के बावजूद यह ऐतिहासिक परिणाम हासिल किया। 78 वर्षीय एडवोकाट को पारिवारिक कारणों से पिछले सप्ताहांत नीदरलैंड लौटना पड़ा था। एडवोकाट तीन बार नीदरलैंड की राष्ट्रीय टीम के कप्तान रहे तथा कुराकाओ में कार्यभार संभालने से पहले वह दक्षिण कोरिया, बेल्जियम और रूस के कोच रहे थे।

# स्कॉटलैंड ने किया 28 साल का सूखा खत्म, किया क्वालीफाई

एजेंसी ▶▶| ग्लासगो

स्कॉटलैंड ने डेनमार्क को हराकर 28 साल के इंतजार के बाद विश्व का फुटबॉल में अपनी जगह सुरक्षित की जबकि ऑस्ट्रिया भी 1998 के बाद पहली बार इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई करने में सफल रहा। स्पेन ने यूरोप में प्रतिस्पर्धी प्रतियोगिताओं में 31 मैच तक अजेय रहने के इटली के रिकॉर्ड की बराबरी करके अगले साल अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले विश्व कप में अपनी जगह सुरक्षित की। यूरोपीय क्वालीफाइंग समाप्त होने के साथ ही बेल्जियम और स्विट्ज़रलैंड ने भी विश्व कप 2026 में अपनी जगह पक्की कर ली। इस तरह से यूरोप से 12 टीमों ने अपने ग्रुप में विजेता बनकर विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया है।



### स्विट्जरलैंड ने कोसोवो को हराकर बनाई जगह

स्कॉटलैंड ने ग्रुप सी में 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे डेनमार्क को 4-2 से पराजित करके शीर्ष स्थान हासिल किया। डेनमार्क को ग्रुप सी का विजेता बनने के लिए इस मैच में केवल ड्रॉ की जरूरत थी। ऑस्ट्रिया ने बोस्निया और हर्जेगोविना के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेलकर ग्रुप एच में शीर्ष स्थान हासिल करके 28 साल के इंतजार के बाद विश्व कप में वापसी की, जबकि बेल्जियम ने लिचटेंस्टाइन को 7-0 से हराया। स्विट्जरलैंड ने कोसोवो के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेलकर विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। मिकेल ओयारजाबल ने 62वें मिनट में बराबरी का गोल दागा, जिससे स्पेन ने घरेलू मैदान पर तुर्किए के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला। इस तरह स्पेन का यूरोप में अजेय रहने का सिलसिला 31 मैचों तक पहुंच गया।

## खबर संक्षेप

### दूसरे टेस्ट के लिए गुवाहाटी जाएंगे गिल

**नई दिल्ली।** कप्तान शुभमन गिल गर्दन की चोट के बावजूद दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 22 नवंबर से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच के लिए गुवाहाटी जाएंगे। कोलकाता में



खेले गए पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन 26 वर्षीय गिल की गर्दन में अकड़न आ गई थी। वह पहली पारी में चार रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हो गए थे और इसके बाद मैच में आगे नहीं खेल पाए थे। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा, 'शुभमन पर उपचार पर अच्छा असर हो रहा है और वह 19 नवंबर को टीम के साथ गुवाहाटी जाएंगे।'

### एनजेडसी के नए अध्यक्ष बने ग्रेटबैच

**क्राइस्टचर्च।** न्यूजीलैंड के पूर्व टेस्ट खिलाड़ी, कोच और चयनकर्ता मार्क ग्रेटबैच को न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) का



नया अध्यक्ष चुना गया है। न्यूजीलैंड के लिए 1988 से 1996 के बीच 41 टेस्ट और 84 एकदिवसीय मैच खेलने वाले ग्रेटबैच लेस्ली मर्डोक की जगह लेंगे, जिन्होंने अपना तीन साल का कार्यकाल पूरा कर लिया है। बोर्ड की चेयरमैन डायना पुकेटापु-लिंडन ने कहा, 'मैं पिछले तीन वर्षों में एनजेडसी अध्यक्ष के रूप में लेस्ली के पेशेवर रवैए और खेल के साथ-साथ संगठन के प्रति उनके अपार समर्थन के लिए उनका हार्दिक आभार व्यक्त करना चाहती हूं।'

### खेल साहित्य महोत्सव में शिरकत करेंगे सोटोमायोर

**नई दिल्ली।** क्यूबा के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता और ऊंची कूद में विश्व रिकॉर्डधारी खिलाड़ी जेवियर सोटोमायोर 22 नवंबर को एकाम्र खेल साहित्य महोत्सव (ईएसएलएफ) के सातवें सत्र में मुख्य आकर्षण होंगे। सोटोमायोर ने 1989 में पहली बार ऊंची कूद में आठ फीट की बाधा को पार किया था और 1993 में 2.45 मीटर (आठ फीट 1.4 इंच) का विश्व रिकॉर्ड बनाया था। उनके साथ पैनल में भारत के वर्तमान राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक तेजस्विन शंकर भी शामिल होंगे।

## उत्तर प्रदेश ने तमिलनाडु पर बनाई बढ़त : रिंकू ने खेली कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ पारी

# रेड बॉल में रिंकू सिंह की तूफानी बल्लेबाजी, तमिलनाडु के खिलाफ ठोके 176 रन, जड़ा लगातार दूसरा शतक

एजेंसी ▶▶| कोयंबटूर

टी20 क्रिकेट में फिनिशर की भूमिका के लिए मशहूर रिंकू सिंह ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ 176 रन की पारी खेली, जिससे उत्तर प्रदेश ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए के मैच के चौथे और अंतिम दिन तमिलनाडु के खिलाफ पहली पारी के आधार पर बढ़त हासिल करके तीन अंक जुटाए। तमिलनाडु के पहली पारी के 455 रन के जवाब में उत्तर प्रदेश ने 460 रन बनाकर ड्रॉ हुए मैच में तीन अंक हासिल किए। तमिलनाडु को एक अंक मिला। उत्तर प्रदेश को बढ़त दिलाने में रिंकू की अहम भूमिका रही, जिन्होंने 247 गेंद की अपनी पारी में 17 चौके और छह छक्के मारे। इस टूर्नामेंट में यह उनका लगातार दूसरा शतक है। पिछले मैच में रिंकू ने आंध्र प्रदेश के खलिाफ 165 रन की पारी खेली थी। भारत की राष्ट्रीय टीम जब स्वदेश में टेस्ट मैच में स्पिनरों का सामना करने में जूझ रही है तब रिंकू ने इस पारी से टीम में जगह बनाने की अपनी मजबूत दावेदारी पेश की है।



### विदर्भ ने बड़ौदा को 144 रन से हराया

नागपुर में पूर्व चैंपियन विदर्भ ने तेज गेंदबाज दर्शन नालकंडे (15 रन पर पांच विकेट) के कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी से बड़ौदा को 144 रन से हराया। विदर्भ को इस जीत से छह अंक मिले, जिससे उसने तालिका के शीर्ष पर अपनी स्थिति और मजबूत की। विदर्भ के 276 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बड़ौदा ने 73 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे और अंततः उसकी पूरी टीम 50.4 ओवर में 131 रन पर सिमट गई। विदर्भ के पहली पारी के 169 रन के जवाब में बड़ौदा ने 166 रन बनाए थे। विदर्भ की जीत में नालकंडे की अहम भूमिका रही, जिन्होंने अपने प्रथम श्रेणी पदार्पण के सात साल बाद पहली बार पारी में पांच विकेट चटकाए। बड़ौदा की ओर से दूसरी पारी में सुकीर्त पांडे 37 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे।

### झारखंड ने आंध्र को पारी और 81 रन से दी मात

झारखंड के 328 रन के जवाब में आंध्र ने पहली पारी छह विकेट पर 567 रन बनाकर घोषित की। इसके बाद झारखंड की टीम दूसरी पारी में 158 रन पर सिमट गई और उसे पारी के अंतर से हार का सामना करना पड़ा। आंध्र की ओर से सौरभ कुमार ने 47 रन पर पांच जबकि त्रिपुराना विजय ने 39 रन पर तीन विकेट चटकाए। आंध्र को इस जीत से बोनस अंक सहित सात अंक मिले।

### ओडिशा की नगालैंड पर शानदार जीत

ओडिशा के 465 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नगालैंड की टीम गोविंदा पोद्दार (69 रन पर पांच विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 165 रन पर सिमट गई। नगालैंड की ओर से देगा निश्चल ने सर्वाधिक 52 रन बनाए। ओडिशा को जीत दर्ज करने के लिए छह अंक मिले।


### मुंबई ने पुडुचेरी को पारी और 222 रन से हराया



**मुंबई।** मुंबई ने सिर्फ आधे घंटे में जीत की औपचारिकता पूरी की तथा पुडुचेरी को पारी और 222 रन से हराकर ग्रुप डी में शीर्ष स्थान हासिल किया। पहली पारी में 498 रन के विशाल अंतर से पीछे रहने वाले पुडुचेरी ने चौथे दिन सुबह 8.3 ओवर में अपने बाकी बचे चार विकेट खोकर केवल 45 रन जोड़े और इस तरह से उसकी पूरी टीम दूसरी पारी में 276 रन पर आउट हो गई। पुडुचेरी की टीम ने दिन की शुरुआत छह विकेट पर 231 रन से की और उसकी हार तय लग रही थी। मुंबई की तरफ से चौथे दिन तुषार देशपांडे ने दो विकेट लिए, जबकि कप्तान शार्दुल ठाकुर और आयुष म्हात्रे को एक-एक विकेट मिला, जिससे मुंबई ने जल्दी ही जीत की औपचारिकता पूरी कर ली। देशपांडे और ठाकुर दोनों ने पांच-पांच विकेट लेकर मैच का अंत किया, जबकि सिद्धेश लाड और आकाश आनंद ने शतक बनाए, जिससे मुंबई ने अपनी पहली पारी पांच विकेट पर 630 रन बनाकर पारी घोषित की। पुडुचेरी की टीम पहली पारी में 132 रन ही बना पाई थी। मुंबई ने अपनी तीसरी जीत से सात अंक जुटाए जबकि पुडुचेरी को कोई अंक नहीं मिला।

## आईसीसी वनडे रैंकिंग

### मिचेल बने दुनिया के नंबर वन बल्लेबाज, रोहित को पछाड़ा



एजेंसी ▶▶| दुबई

रोहित शर्मा कुछ समय तक शीर्ष पर रहने के बाद जारी आईसीसी की एकदिवसीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में दूसरे स्थान पर खिसक गए जबकि न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल ने शीर्ष स्थान हासिल किया। वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार शतक की बदौलत मिचेल एकदिवसीय बल्लेबाजों की सूची में नंबर एक स्थान हासिल करने वाले न्यूजीलैंड के दूसरे बल्लेबाज बन गए। उन्होंने कैरेबियाई टीम के खिलाफ श्रृंखला के शुरुआती मैच में अपना सातवां एकदिवसीय शतक लगाया और यह फॉर्म में चल रहे इस दाएं हाथ के बल्लेबाज के लिए रोहित को पछाड़कर अपने कॅरियर में पहली बार शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए पर्याप्त साबित हुआ। मिचेल के वर्तमान में 782 रेटिंग अंक हैं, जो रोहित से एक अंक अधिक है। रोहित लगभग तीन हफ्ते तक शीर्ष पर रहे। मिचेल एकदिवसीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले न्यूजीलैंड के सिर्फ दूसरे खिलाड़ी हैं। इससे पहले न्यूजीलैंड के दिग्गज ग्लेन टर्नर 1979 में शीर्ष पर थे।

### पहली बार शीर्ष पांच में पहुंचे बावुमा

कोलकाता में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहले टेस्ट के समापन के बाद दोनों टीम के कई खिलाड़ियों की बल्लेबाजी रैंकिंग में सुधार हुआ है। मैच की दूसरी पारी में 55 रन बनाकर नाबाद रहे दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा अपने कॅरियर में पहली बार शीर्ष पांच में पहुंच गए हैं। इसी मैच के दौरान चोटिल होने के बावजूद भारतीय कप्तान शुभमन गिल दो स्थान ऊपर चढ़कर 11वें स्थान पर हैं। बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शंटो सिलहट में आयरलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में शतक लगाने के बाद चार स्थान ऊपर चढ़कर 34वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

**भारतीय निशानेबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीते 11 पदक**

# बधिर ओलंपिक : अभिनव और प्रांजलि की जोड़ी ने साधा गोल्ड पर निशाना

एजेंसी ▶▶| टोकियो

अभिनव देशवाल और प्रांजलि प्रशांत धूमल ने बधिर ओलंपिक की निशानेबाजी प्रतियोगिता के 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि कुशाग्र सिंह राजावत ने 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया।

इस तरह भारतीय निशानेबाजों ने 25वें बधिर ओलंपिक में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। भारतीय निशानेबाज अभी तक इस प्रतियोगिता में कुल 11 पदक जीत चुके हैं। अभिनव और प्रांजलि ने चीनी ताइपे के या-जू काओ और मिंग-जुई ह्सू पर 16-6 से शानदार जीत दर्ज कर शीर्ष स्थान हासिल किया।




### कुशाग्र ने जीता कांस्य पदक

दूसरी स्पर्धा में कुशाग्र ने 224.3 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। यूक्रेन के दिमित्रो पेट्रेंको ने 251.0 अंक बनाकर बधिर विश्व और ओलंपिक रिकॉर्ड तोड़ते हुए स्वर्ण पदक जीता। जर्मनी के कोलिन म्यूएलर ने 245.4 अंक के साथ रजत पदक हासिल किया। अभिनव और प्रांजलि ने स्वर्ण पदक के मुकाबले में शुरू से ही अपनी स्थिति मजबूत बनाए रखी और अपने प्रतिद्वंद्वियों को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। इससे पहले इस जोड़ी ने क्वालीफिकेशन में खुद के ही बधिर विश्व और ओलंपिक रिकॉर्ड की बराबरी की थी। भारतीय जोड़ी ने कुल मिलाकर 569 का स्कोर बनाया, जिसमें अभिनव ने 287 और प्रांजलि ने 582 अंक का योगदान दिया। इन दोनों ने क्वालीफिकेशन में भी पहला स्थान हासिल किया था।

## 15 जनवरी से अंडर 19 विश्व कप, अमेरिका से भारत का पहला मुकाबला

**दुबई।** भारतीय टीम जिम्बाब्वे और नामीबिया में 15 जनवरी से 6 फरवरी तक होने वाले पुरुषों के अंडर 19 विश्व कप के पहले मैच में अमेरिका से खेलेगी। टूर्नामेंट में 16 टीमें भाग लेंगी, जिन्हें चार-चार के चार समूहों में बांटा गया है। इसमें 23 दिन के भीतर 41 मैच खेले जाएंगे। भारत को ग्रुप ए में अमेरिका, बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के साथ रखा गया है। ग्रुप बी में जिम्बाब्वे , पाकिस्तान , इंग्लैंड और स्कॉटलैंड हैं जबकि ग्रुप सी में गत चैंपियन आस्ट्रेलिया, आयरलैंड, जापान और श्रीलंका होंगे। चौथे और आखिरी ग्रुप डी में तंजानिया, वेस्टइंडीज, अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका होंगे। आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर टूर्नामेंट के कार्यक्रम की घोषणा की । इस टूर्नामेंट के जरिए तंजानिया पदार्पण करेगा जबकि जापान की 2020 के बाद वापसी होगी। भारत को 15 जनवरी को अमेरिका से खेलना है। इसके बाद 17 जनवरी को बांग्लादेश और 24 जनवरी को न्यूजीलैंड से खेलना है।

## डेविस कप

# बेल्जियम ने 10 बार के चैंपियन फ्रांस को हराया, सेमीफाइनल में की जगह पक्की



एजेंसी ▶▶| बोलोग्ना

जिजोउ बर्ग्स ने आर्थर रिंडरक्नेच को 6-3, 7-6 (4) से पराजित किया, जिससे बेल्जियम ने 10 बार के चैंपियन फ्रांस पर 2-0 की जीत के साथ डेविस कप टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह पक्की की। बेल्जियम को फ्रांस के साथ अपने पिछले चार मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा था, जिसमें 2017 का फाइनल भी शामिल है। सेमीफाइनल में शुक्रवार को उसका सामना इटली या ऑस्ट्रिया से होगा। अंतिम दो क्वार्टर फाइनल गुरुवार को होंगे, जिसमें जर्मनी का सामना अर्जेंटीना से और स्पेन का सामना चेक गणराज्य से होगा। बर्ग्स ने फ्रांस के शीर्ष खिलाड़ी के खिलाफ शुरू से ही दबदबा बनाए रखा और एक शानदार फोरहैंड विनर के साथ मैच को अपने नाम कर लिया। इससे पहले राफेल कॉलिग्नन ने कोरेंटिन मौटेट को 2-6, 7-5, 7-5 से हराकर बेल्जियम को 1-0 की बढ़त दिलाई थी।

## दूसरे दौर में लक्ष्य, प्रणय, आयुष, मन्नेपल्ली और श्रीकांत

# आस्ट्रेलियाई ओपन में भारतीय खिलाड़ियों की दमदार शुरुआत

एजेंसी ▶▶| सिडनी

लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय सहित पांच भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार शुरुआत करते हुए 475,000 डॉलर इनामी आस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। लक्ष्य ने चीनी ताइपे के सु ली यांग को 21-17, 21-13 से हराया, जबकि प्रणय ने खराब शुरुआत से उबरते हुए पहले दौर के मैच में योहानेस सौत मार्सेलिनो को 57 मिनट में 6-21, 21-12, 21-17 से हराया।

लक्ष्य का अगला मुकाबला ची यू जेन या वांग त्जु वेई से होगा जबकि प्रणय इंडोनेशिया के आठवें वरीय अल्वी फरहान से भिड़ेंगे। आयुष शेट्टी ने कनाडा के सैम युआन को 33 मिनट में 21-11, 21-15 से पराजित किया। कर्नाटक के इस 20 वर्षीय खिलाड़ी का सामना दूसरे दौर में जापान के चौथे वरीय कोडाई नाराओका से होगा।



### मन्नेपल्ली ने योहानसन को 66 मिनट में हराया

थारुण मन्नेपल्ली ने डेनमार्क के मैग्नस योहानसन को 66 मिनट तक चले मुकाबले में 21-13, 17-21, 21-19 से हराया। राष्ट्रीय खेल 2023 के स्वर्ण पदक विजेता मन्नेपल्ली का अगला मुकाबला चीनी ताइपे के पांचवें वरीय लिन चुन-यी से होगा। किदांबी श्रीकांत भी 64 मिनट तक चले मुकाबले में चीनी ताइपे के ली चिया हाओ को 21-19, 19-21, 21-15 से हराकर अगले दौर में पहुंच गए। इस वर्ष के शुरू में मलेशिया मास्टर्स में उपविजेता रहे श्रीकांत का अगला मुकाबला जापान के शोगो ओगावा या एडवर्ड लाउ से होगा।

### किरण जॉर्ज ने की कड़ी चुनौती पेश

इस बीच किरण जॉर्ज को कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद जापान के छठी वरीयता प्राप्त केंटा निशिमोतो से 21-11, 22-24, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा। निशिमोतो ने पिछले सप्ताह जापान मास्टर्स के सेमीफाइनल में लक्ष्य सेन को हराया था। मोहित जगलान और लक्षिता जगलान की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी को एक अन्य मैच में कनाडा के नाइल याकुरा और क्रिस्टल लाई ने 12-21, 16-21 से हराकर बाहर कर दिया।

# हेविट बनाएंगे 16 साल के बेटे के साथ जोड़ी, करेंगे टेनिस में शानदार वापसी

**सिडनी।** दो बार के ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन लेटिन हेविट न्यू साउथ वेल्स ओपन एटीपी चैलेंजर प्रतियोगिता में अपने 16 वर्षीय बेटे क्रूज के साथ जोड़ी बनाकर प्रतिस्पर्धी टेनिस में वापसी करेंगे। विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी 44 वर्षीय हेविट ने 2001 में अमेरिकी ओपन और 2002 में विंबलडन जीता था। उन्होंने 2016 में आधिकारिक तौर पर संन्यास ले लिया था, लेकिन ऑस्ट्रेलिया में चुनिंदा टूर्नामेंटों में युगल मुकाबलों में खेलना जारी रखा था। वह वर्तमान में ऑस्ट्रेलिया की डेविस कप टीम के कप्तान भी हैं। पिता पुत्र की यह जोड़ी पहले दौर में आस्ट्रेलिया के ही हेडन जोन्स और पावेल मारिनकोव का सामना करेंगे।






चीन ने अपने जे-35 लड़ाकू विमानों की बिक्री को बढ़ाने के लिए फ्रांसीसी राफेल की बिक्री को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की और इसके लिए एक सुनियोजित दुष्प्रचार अभियान चलाया। इसमें फर्जी सोशल मीडिया का इस्तेमाल करके एआई और वीडियो गेम की तस्वीरों को कथित 'मलबे' के रूप में प्रचारित किया गया

### अमेरिका-चीन आर्थिक व सुरक्षा समीक्षा आयोग की रिपोर्ट में खुलासा

# चीन ने अपने लड़ाकू विमान जे-35 बेचने के लिए राफेल के दुष्प्रचार की रची थी 'साजिश'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम हमले के बाद भारत ने जब ऑपरेशन सिंदूर चलाया तब चीन ने खुलकर और हर तरह से पाकिस्तान की न सिर्फ मदद दी बल्कि भारतीय वायु सेना के युद्धक विमान राफेल के खिलाफ जमकर दुष्प्रचार भी किया। यहां तक कि इंटरनेट पर आर्टिफिशिएल इंटेलीजेंस से बनाए गए विमानों के टुकड़ों को भारतीय वायु सेना की तरफ से इस्तेमाल किये गये राफेल के ध्वस्त टुकड़ों के तौर पर पेश किया गया। चीन की कोशिश रही कि फ्रांसीसी कंपनी की तरफ से तैयार राफेल की जगह उसकी जे-10 युद्धक विमान ज्यादा सही हैं। इस आधार पर चीन ने इंडोनेशिया की तरफ से राफेल खरीदने के प्रस्ताव को स्थगित करने में सफलता भी हासिल की। इस सनसनीखेज तथ्यों का खुलासा अमेरिकी कांग्रेस की तरफ से गठित अमेरिका-चीन आर्थिक व सुरक्षा समीक्षा आयोगकी ताजी रिपोर्ट में किया हुआ है।

**फ्रांसीसी खुफिया एजेंसी ने भी इस बात की पुष्टि की**



पाकिस्तान ने भी चीनी हथियारों का महिमामंडन किया

राफेल विमान

## पाकिस्तान ने चीन से खरीदे हथियार

*पाकिस्तान का सबसे बड़ा रक्षा आपूर्तिकर्ता होने के नाते, चीन ने 2019 से 2023 के बीच पाकिस्तान के कुल हथियार आयात का लगभग 82 प्रतिशत हिस्सा उपलब्ध कराया। रिपोर्ट में बताया गया है कि चीन व पाकिस्तान के बीच सैन्य गठबंधन साल दर साल मजबूत हो रहे हैं। जून, 2025 में चीन ने पाकिस्तान को जे-35 युद्धक जहाज, केजे-500 विमान, बैलिस्टिक मिसाइलें बेचने का प्रस्ताव रखा है।*

### एआई से फर्जी वीडियो बनाए

वहीं, फ्रांसीसी खुफिया एजेंसी के अनुसार चीन ने अपने जे-35 लड़ाकू विमानों की बिक्री को बढ़ाने के लिए फ्रांसीसी राफेल की बिक्री को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की और इसके लिए एक सुनियोजित दुष्प्रचार अभियान चलाया। इसमें फर्जी सोशल मीडिया का इस्तेमाल करके एआई और वीडियो गेम की तस्वीरों को कथित 'मलबे' के रूप में प्रचारित किया गया, जो कथित तौर पर चीनी हथियारों से नष्ट किए गए विमानों का था।

### चीन ने किया अपने विमान का जोर-शोर से प्रचार

रिपोर्ट में कहा गया है कि संघर्ष के बाद के हफ्तों में चीनी दूतावासों ने भारत-पाकिस्तान टकराव में अपनी प्रणालियों की सफलता का जोर-शोर से प्रचार किया, ताकि उनकी हथियारों की बिक्री को बढ़ावा मिले। पाकिस्तान द्वारा चीनी हथियारों का इस्तेमाल करके भारत के फ्रांसीसी राफेल लड़ाकू विमानों को मार गिराने को चीनी दूतावासों के रक्षा बिक्री प्रयासों के लिए एक खास सेलिंग पॉइंट बनाया।

### पाक के वरिष्ठ नेता चौधरी अनवरुल हक का दिल्ली आतंकी हमले पर बड़ा कबूलनामा

# पाक पर भारत की कार्रवाई के चलते लाल किले से कश्मीर तक हमने कराए 'हमले'



चौधरी अनवरुल हक

चौधरी अनवरुल हक ने कहा कि पाकिस्तान बलूचिस्तान में भारत की कथित दखल के बदले में भारतीय शहरों में हमले कर रहा है। हक ने इस हमले पर तंज कसते हुए कहा कि भारत शायद अभी तक सभी शवों की गिनती भी नहीं कर पाया होगा

*बयान पाक की ओर से आतंकी ढांचे को खुले समर्थन और बढ़ावा देने का बड़ा प्रमाण*

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के राष्ट्रपति और वरिष्ठ नेता चौधरी अनवरुल हक ने भारत के भीतर आतंकी हमलों में पाक-समर्थित संगठनों की भूमिका का खुलकर इकबाल कर बड़ा राजनीतिक भूचाल खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के लाल किले के पास हुए धमाके से लेकर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले तक, भारत को निशाना बनाना पाकिस्तान की ओर से बदले की कार्रवाई थी। एक वायरल वीडियो में हक ने दावा किया कि पाकिस्तान समर्थित आतंकी मॉड्यूल ने 10 नवंबर को लाल किले के पास हुए कार धमाके को अंजाम दिया, जिसमें 14 लोगों की मौत हुई। इस हमले का मास्टरमाइंड उमर उन नबी जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े व्हाइट कॉलर नेटवर्क का हिस्सा बताया गया, जिसे फरीदाबाद में गिरफ्तार किया गया था।

### बलूचिस्तान में भारत के दखल के कारण किए हमले

हक ने पहलगाम के बैसारन वैली में अप्रैल में हुए हमले का भी जिक्र किया, जिसमें 26 लोगों को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान बलूचिस्तान में भारत की कथित दखल के बदले में भारतीय शहरों में हमले कर रहा है। हक ने इस हमले पर तंज कसते हुए कहा कि भारत शायद अभी तक सभी शवों की गिनती भी नहीं कर पाया होगा। उन्होंने कहा कि अगर बलूचिस्तान में खून बहाओगे, तो हम भारत को लाल किले से लेकर कश्मीर के जंगलों तक चोट पहुंचाएंगे यह बयान पाकिस्तान के राजनीतिक नेतृत्व की ओर से आतंकी ढांचे को खुले समर्थन और बढ़ावा देने का सबसे गंभीर और बड़ा प्रमाण माना जा रहा है।

### दिल्ली ब्लास्ट का जैश-ए-मोहम्मद कनेक्शन

बता दें, भारतीय सुरक्षा और जांच एजेंसियों ने लाल किले के पास ब्लास्ट को जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े मॉड्यूल से जोड़ा गया है, जिसे फरीदाबाद में ऑपरेट किया जा रहा था। जांच में सामने आया कि उमर उन नबी कई डॉक्टरों के नेटवर्क का हिस्सा था।

### जसीर का फिदायीन हमला करने से इनकार

*दक्षिण कश्मीर के काजीगुंड से पकड़े गए आरोपी जसीर उर्फ दानिश से पूछताछ में पता चला कि डॉ. उमर घोर कट्टरपंथी था। वह इस बात पर लगातार जोर देता था कि आतंकी साजिश को अंजाम देने के लिए एक आत्मघाती हमलावर की जरूरत थी। आतंकियों की साजिश उस समय विफल हो गई जब ऐन मौके पर जसीर उर्फ दानिश ने फिदायीन दस्ते में शामिल होने से मना कर दिया था। जसीर ने इस्लाम में खुदकुशी वर्जित होने का हवाला देते हुए सुसाइड बॉम्बर बनने से इनकार कर दिया था। अप्रैल 2025 में जसीर पीछे हट गया तो आतंकियों की यह योजना फेल हो गई।*

### ब्लास्ट के लिए कानपुर से पुरानी कारें खरीदने की जांच शुरू

दिल्ली विस्फोट के बाद 32 कारों के माध्यम से सीरियल ब्लास्ट करने की योजना बनाने की बात सामने आई है। इन्हें अलग-अलग शहरों से खरीदे जाने की आशंका है। जांच एजेंसियों को ऐसी ही दो कारों को कानपुर से खरीदे जाने के इनपुट मिले हैं। ये कारें पुरानी हैं इन्हें एक ही विक्रेता से खरीदे जाने का सुराग लगा है। जांच एजेंसियां इन दोनों लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रहे हैं।

### धमाके से 25 दिन पहले कानपुर में थी डॉ. शाहीन



डॉ. शाहीन

दिल्ली विस्फोट से करीब 25 दिन पहले डॉ. शाहीन के कानपुर शहर में होने के इनपुट जांच एजेंसियों को मिले हैं। उस पर कार्य शुरू हो गया है। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज से लेकर सुजातगंज, बेकनगंज, चमनगंज समेत अन्य क्षेत्रों की जांच की जिसमें डॉ. शाहीन के 16 अक्तूबर को शहर में आने के इनपुट मिले हैं। इसकी पुष्टि के लिए कुछ क्षेत्रों के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जांच एजेंसियों ने कुछ स्थानों पर कमिश्नरी पुलिस से ऑपरेशन त्रिनेत्र के अंतर्गत लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज हासिल कर ली है। चकेरी, जाजमऊ, रेलबाजार, कैंट क्षेत्र में टीमें सक्रिय हो गई हैं।

### अजरबैजान के बाकू में बोले केंद्रीय मंत्री डॉ. पेम्मासानी

# प्रवासी समुदाय की सफलता भारत की वैश्विक पहचान और प्रतिष्ठा को बढ़ाती है

एजेंसी ▶▶ नई दिलली

केंद्रीय संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी ने अजरबैजान के बाकू में प्रवासी भारतीय समुदाय के सदस्यों को संबोधित किया।

इस दौरान उन्होंने डिजिटल इनोवेशन, रिन्यूएबल एनर्जी, स्पेस एक्सप्लोरेशन और आर्थिक गतिशीलता में देश की प्रगति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रवासी समुदाय भारत की यात्रा का एक अभिन्न अंग बने हुए हैं। डॉ. पेम्मासानी ने कहा कि प्रवासी समुदाय की सफलता भारत की वैश्विक पहचान को बढ़ाती है।

### भारतीय ज्ञान को आधुनिकता से जोड़ने की अपील



डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी

पेम्मासानी ने युवाओं से आग्रह किया कि वे अपनी दोहरी पहचान को गर्व से अपनाएं और भारत के प्राचीन ज्ञान को मॉडर्न मल्टीकल्चरल आउटलुक से जोड़ें। उन्होंने भारतीय समुदाय से जुड़े रहने, ज्ञान साझा करने, युवा उद्यमियों का मार्गदर्शन करने और भारत की विकास यात्रा में योगदान देने का आग्रह किया। उन्होंने समुदाय को विश्वास दिलाया कि भारत के द्वार उनके लिए हमेशा खुले हैं।

**विरासत गहराई से समाई**

*केंद्रीय राज्य मंत्री पेम्मासानी ने कहा कि यह सभा मॉडर्न, रेजिलिएंट और महत्वाकांक्षी भारत का चेहरा है, जो अपने देश से हजारों मील दूर होने के बावजूद भी अपनी विरासत में गहराई से समाया हुआ है।*




### भारत दौरे पर आए अफगानिस्तान के उद्योग और वाणिज्य मंत्री अलहाज अजीजी

# 5 दिनी यात्रा के दौरान द्विपक्षीय व्यापार सहित कई मुद्दों पर करेंगे चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अफगानिस्तान के उद्योग और वाणिज्य मंत्री अलहाज नूरुद्दीन अजीजी पांच दिनों के भारत के आधिकारिक दौरे पर आए हैं। जहां वह भारत के साथ द्विपक्षीय व्यापार, निवेश और आर्थिक सहयोग को मजबूत करने समेत तमाम मुद्दों पर बातचीत करेंगे। नई दिल्ली पहुंचने पर विदेश मंत्रालय ने उनका जोरदार स्वागत किया है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा है कि यह यात्रा भारत-अफगानिस्तान आर्थिक साझेदारी को एक नई दिशा का अवसर है। साथ ही उन्होंने अजीजी के भारत आने पर हार्दिक स्वागत किया है।



अलहाज नूरुद्दीन अजीजी (दाएं)

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अलहाज नूरुद्दीन अजीजी अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 2025 में शामिल हो सकते हैं। साथ ही वह इन 5 दिनों की यात्रा के दौरान सरकार के तमाम अफसरों से व्यापार समेत कई मुद्दों पर अफसरों से मुलाकात करेंगे।

### अफगानिस्तान सीमा पर बाड़ लगाएगा पाक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार ने देश की सीमाओं पर सुरक्षा को मजबूत करने, नौसैनिक अड्डों को उन्नत करने और चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) की सुरक्षा बनाए रखने के वास्ते 50 अरब पाकिस्तानी रुपए (पीकेआर) के रक्षा अनुपूरक बजट को मंजूरी दे दी है। यह फैसला मंगलवार को मंत्रिमंडल की आर्थिक समन्वय समिति (ईसीसी) की बैठक में लिया गया। कुल राशि में से 39 अरब पीकेआर थलसेना को तथा लगभग 11 अरब पीकेआर नौसेना को आवंटित किए गए हैं। उत्तरी क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार विशेष सुरक्षा प्रभाग उत्तरी के लिए 8 अरब पीकेआर आवंटित किए गए हैं।

### अफगान विदेश मंत्री मुत्ताकी भी आए थे

वहीं अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी अक्टूबर में भारत के आधिकारिक दौरे पर आए थे। इस दौरान उन्होंने विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से मुलाकात की थी और भारत को आश्वस्त किया था कि वह किसी को भी अपनी जमीन का इस्तेमाल किसी के खिलाफ करने की इजाजत नहीं देंगे। मुत्ताकी ने भूकंप के दौरान अफगानिस्तान को मानवीय सहायता प्रदान करने के लिए भारत का धन्यवाद भी किया। मुत्ताकी के भारत दौरे के बाद नई दिल्ली ने काबुल में अपने तकनीकी मिशन को दूतावास का दर्जा किया था।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109